नई दिल्ली
शनिवार, 3 मई 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 18
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 37.0
न्यून. 27.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | बढ़त |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,501.99 | 259.75 ▲ |
| निफ्टी | 24,346.70 | 12.50 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 96,800 /- | 1080/- ▲ |
| चांदी | 97,100/- | 1600/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | उछाल/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 84.53 | 1 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 61.62/ बैरल | 0.82% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।


# पीएम मोदी ने मंच से कसा तंज, थरूर की मौजूदगी कइयों की नींद हराम करेगी, केरल से दिल्ली तक असहज हो गए कांग्रेसी

कयासों का बाजार थमा ही था कि पीएम मोदी ने फिर पंख लगा दिए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तिरुवनंतपुरम से चार बार के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री शशि थरूर को लेकर कयासों का बाजार अभी थमा ही था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिर उसमें पंख लगा दिये। मौका था तिरुवनंतपुरम में विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट के उद्घाटन समारोह का। प्रधानमंत्री के साथ केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन भी मौजूद थे। लेकिन प्रधानमंत्री ने सांसद शशि थरूर का नाम लेते हुए कहा, यहां शशि थरूर बैठे हैं... और कई लोगों की नींद हराम हो जाएगी। सामने मौजूद अहिंदी भाषी श्रोताओं को समझाने के लिए जैसे ही अनुवादक ने अनुवाद किया प्रधानमंत्री ने मंच पर मौजूद नेताओं से पूछा ठीक बोला क्या? प्रधानमंत्री के इस अंदाज का समूचे केरल में लोग अनुवाद कर समझने का प्रयास कर रहे हैं आखिर इस कटाक्ष का मतलब क्या है?

केरल में विधानसभा चुनाव होने हैं। अभी कांग्रेस, वामदल की मिलीजुली सरकार है। भाजपा ने इस बार केरल और तमिलनाडु में पूरा जोर लगाया हुआ है। भाजपा ने अपने पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को केरल का अध्यक्ष बनाकर सियासी रूप से जमीन उर्वर करनी शुरू कर दी है। इधर, लंबे समय से बर्फखाने ▶▶ शेष पेज 5 पर



### थरूर भी कई बार प्रधानमंत्री के कामकाज की तारीफ कर चुके

*इस बीच थरूर ने प्रधानमंत्री के कामकाज की तारीफ की। उन्हें दिनरात मेहनत करने वाला प्रधानमंत्री करार दिया। उनकी प्रशंसा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने भी कई बार कसीदे गढे। इन सबके बीच कांग्रेस पार्टी में इस बात को लेकर हलचल थे कि थरूर भी अन्य नेताओं की तरह भाजपाई हो जाएंगे। अब पीएम मोदी का शशि थरूर की मौजूदगी से कई लोगों की नींद हराम हो जाएगी वाला बयान एक बहुआयामी तंज था, जिसमें राजनीतिक एकता, थरूर की लोकप्रियता, विपक्ष पर हमला, और अडानी प्रोजेक्ट्स के विरोध का जवाब शामिल था। यह बयान हल्के-फुल्के अंदाज में दिया गया, लेकिन इसका उद्देश्य केरल की राजनीति में भाजपा की मौजूदगी को मजबूत करना और विपक्ष को असहज करना था। पीएम मोदी ने जिस विझिंजम इंटरनेशनल सीपोर्ट का उद्घाटन किया वो भारत का पहला गहरे पानी का कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट है, जिसे अडानी पोर्ट्स ने विकसित किया है। यह केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित है, जो शशि थरूर का संसदीय क्षेत्र है। उद्घाटन समारोह में पीएम मोदी, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन और शशि थरूरएक ही मंच पर मौजूद थे। यह एक दुर्लभ अवसर था, क्योंकि भाजपा, सीपीएम, और कांग्रेस तीनों राजनीतिक रूप से सूबाई सियासत में एक-दूसरे की विरोधी हैं।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
बेंगलुरु चेन्नई
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्म निर्माता बोनी कपूर अभिनेता अनिल कपूर और संजय कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन हो गया है। उन्होंने 2 मई को 90 साल की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। उन्होंने मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में आखिरी सांस ली।



### तिहाड़ में वसूली की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सीबीआई को तिहाड़ जेल के अंदर जबरन वसूली गिरोह चलाए जाने के आरोपों की प्रारंभिक जांच का आदेश दिया। जिसमें जेल के अधिकारी भी कथित रूप से शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने आदेश दिया।



### दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के पाली जिले में सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। थाना प्रभारी भगाराम ने बताया कि मुंबई की तरफ से आ रही एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रैलर से जा टकराई।




संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होगी भारत-पाकिस्तान के हालात पर चर्चा!

# दोनों देशों के मध्य बढ़ते तनाव के बीच परिषद में जल्द बैठक बुलाए जाने की कवायद जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सशस्त्र सेनाओं को दी गई जवाबी सैन्य कार्रवाई की छूट के बाद पाकिस्तान से लेकर पूरी दुनिया सकते में है। सभी को यह डर सता रहा है कि कहीं भारत अपनी प्रतिरक्षा में पाकिस्तान पर बड़ा हमला न कर दे। इन सबके बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) जल्द ही भारत और पाकिस्तान के मौजूदा तनावपूर्ण हालात पर चर्चा करने के लिए एक बैठक बुलाने के लिए राजी हो गई है। यह जानकारी बीते गुरुवार देर रात परिषद की मई महीने की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभालने के बाद आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन में यूनान के स्थायी प्रतिनिधि व राजदूत इवेंजेलोस सेकेरिस ने दी। उन्होंने कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं होता है तो हमें परिषद की एक असाधारण बैठक बुलानी पड़ सकती है। यह हमें एक ऐसा अवसर प्रदान करेगी। जिससे इस मामले पर विचारों का आदान-प्रदान करने के साथ ही तनाव को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दो परमाणु शक्ति संपन्न दक्षिण एशियाई देशों के बीच तनाव बढ़ने की वजह से वह गंभीर रूप से चिंतित हैं और स्थिति पर देरी की बजाय जल्द से जल्द एक बैठक संभव है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

UNSC
UNITED NATIONS SECURITY COUNCIL

### भारत को मिलता परिषद का समर्थन

*गौरतलब है कि हमले के बाद से लेकर भारत को दुनियाभर के देशों से समर्थन मिल रहा है। बीते समय में विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने 15 सदस्यीय परिषद के 9 अस्थायी देशों से बातचीत की है। सभी ने एक स्वर में इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत को अपना समर्थन प्रदान किया है। वहीं, यूएनएससी के पांच स्थायी सदस्य देशों में से चीन को छोड़कर बाकी चार देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, रूस और फ्रांस) के राष्ट्राध्यक्ष पहले से ही भारत के पक्ष में खड़े हैं। परिषद के 10 अस्थायी देशों में पाकिस्तान भी शुमार है। उसके पास वर्ष 2025-26 के लिए यूएनएससी की अस्थायी सदस्यता है।*

## पाकिस्तानी एयरस्पेस से विदेशी एयरलाइंसों ने उड़ान भरना किया बंद, भारी नुकसान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान ने केवल भारतीय उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया है, लेकिन कई विदेशी एयरलाइनों ने सुरक्षा चिंताओं और संभावित जोखिमों के कारण स्वेच्छा से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग कम करना शुरू कर दिया है। लुफ्थांसा, ब्रिटिश एयरवेज, स्विस, एयर फ्रांस, इटली की आईटीए, और पोलैंड की एलओटी जैसी प्रमुख युरोपीय एयरलाइंस ने भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण पिछले दो दिनों से स्वेच्छा से पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग बंद कर दिया है। पाकिस्तान को ओवरफ्लाइट फीस में भारी नुकसान हो रहा है। विदित हो कि वर्ष 2019 में बालाकोट हमले के बाद हवाई क्षेत्र बंद होने से पाकिस्तान को पांच महीनों में 100 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था, और इस बार भी ऐसा ही नुकसान होने की संभावना है। पाकिस्तान सरकार ने अपना एयरस्पेस भारतीय हवाई सेवाओं के लिए उस समय बंद करने की घोषणा किया जब भारत सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में दो दर्जन से ज्यादा हिंदुओं का नरसंहार का विरोध करते हुए पाकिस्तान को इसका जिम्मेदारी माना। पाकिस्तान को अपने फैसले से बडा नुकसान होने जा रहा है अलबत्ता, एयर इंडिया को पाकिस्तान द्वारा भारतीय उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने से एक साल में लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च वहन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पहलगाम हमले पर उपराष्ट्रपति वेंस की सलाह:आतंकियों को सबक सिखाए भारत

*नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच भारी टेंशन है। दोनों देश अपने अपने स्तर पर जंग की तैयारी कर रहे हैं। युद्ध की आहट के बीच करीब दो दर्जन देशों ने भारत का खुलकर साथ देने का भरोसा दिलाया है। यहां तक की अमेरिका भी खुले तौर पर कह रहा है कि भारत को हर हाल में आतंकियों का सबक सिखाना ही चाहिए। एक साक्षात्कार में अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि पहलगाम के आतंकी हमले का जवाब भारत को पूरी ताकत के साथ देना चाहिए। इसके अलावा वेंस ने कहा कि यदि आतंकवाद के लिए पाकिस्तान किसी भी रूप में जिम्मेदार है तो उसे भारत के साथ मिलकर आतंकियों को पकड़ने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में सहयोग करना चाहिए। साथ ही वेंस सुझाव देते हुए कहा कि व्यापक क्षेत्रीय संघर्ष की नौबत न आए इसका भी ख्याल रखना पड़ेगा। इधर, भारत अपनी तैयारियों में लगा हुआ* ▶▶ शेष पेज 5 पर



कहा, अगर पंजाब के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता पड़ती है तो हम अपनी जमीन का पानी पंजाब को देंगे

## *मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पंजाब के नेताओं को नसीहत, पानी पर घटिया राजनीति न करें*

सीएम ने कहा कि रिकॉर्ड देख लें, जो पानी हरियाणा को पहले मिलता था हम उसी की बात कर रहे हैं



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल वितरण के संबंध में प्रतिक्रिया देते हुए पंजाब के नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि इस प्रकार की घटिया राजनीति न करें, यह गुरुओं की धरती है और हम गुरुओं को प्रणाम करते हैं। वे पंजाब की आवाम के हित में काम करें। हरियाणा भी पंजाब का भाग है और वहीं से अस्तित्व में आया है। इस प्रकार की घटिया स्तर की राजनीति किसी के लिए भी ठीक नहीं है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को पंचकूला में क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी द्वारा आयोजित क्वालिटी एश्योरेंस कॉन्क्लेव के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं हरियाणा का मुखिया होने के नाते कहता हूं कि अगर पंजाब के लोगों को पीने के पानी की आवश्यकता पड़ती है तो हम ट्यूबवेल लगाकर अपनी जमीन का पानी निकालकर पंजाब के लोगों को पिलाने का काम करेंगे। पंजाब के किसी व्यक्ति को हम प्यासा नहीं रहने देंगे, यह गारंटी मेरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछला रिकॉर्ड देख लें, जो पानी हरियाणा को पहले से मिलता आ रहा है, हम केवल उसी की बात कर रहे हैं। पानी एक प्राकृतिक स्रोत है। इस राजनीति में यह पानी वेस्ट होकर पाकिस्तान चला जाएगा, जो हमारे निहत्थे लोगों का खून बहाने का काम कर रहा है।

सैनी ने कहा कि हरियाणा को जो पहले पानी आता था हम उतना ही पानी मांग रहे हैं। उससे अधिक पानी के लिए नहीं बोल रहे हैं। हम एसवाईएल के भी उसी पानी की मांग कर रहे हैं, जो हमारा एग्रीमेंट हुआ है और इस पर ही सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि ये हमारा हक है।

## वक्फ कानून पर सुनवाई 5 को | मुस्लिम पक्ष ने कहा- संवैधानिक अधिकारों की गलत व्याख्या की गई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ देशभर से 70 से अधिक याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई हैं, जिन पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई जारी है। शुक्रवार को इस मामले में एक और याचिका दायर की गई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उस पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि वक्फ मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी। याचिकाकर्ताओं ने अपने हलफनामों में दावा किया है कि वक्फ अधिनियम में किया गया यह संशोधन संविधान के अनुच्छेद 26 का उल्लंघन करता है, जो धार्मिक संस्थानों को अपने मामलों का प्रबंधन करने की स्वतंत्रता देता है। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दिए गए हलफनामे में साफ कर दिया था कि 5 मई तक किसी भी वक्फ संपत्ति को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया था कि केंद्रीय वक्फ परिषद अथवा राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नई ज्वाइंनिंग की जाएगी। सरकार ने यह भी दावा किया कि वर्ष 2013 के बाद वक्फ संपत्तियों में 20 लाख हेक्टेयर से अधिक की वृद्धि "चौंकाने वाली" है। हलफनामे में कहा गया है कि "वक्फ-बाय-यूजर" को वैधानिक संरक्षण न देने से किसी मुस्लिम व्यक्ति को वक्फ स्थापित करने से रोका नहीं जा रहा है। ▶▶ शेष पेज 5 पर



आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने पादरी की एफआईआर रिजेक्ट की

## धर्म बदलकर एससी-एसटी केस नहीं कर सकते आप

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

अनुसूचित जाति का कोई हिंदू अगर ईसाई बन जाता है तो क्या नए धर्म में उसकी जाति उसके साथ जाती है? क्या एससी-एसटी एक्ट के तहत उसे मिलने वाले सुरक्षा और संरक्षण नए धर्म में भी जारी रहते हैं? इस सवाल का जवाब दिया है आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने।

यहां एक पादरी ने एससी-एसटी एक्ट के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया। बताया कि जाति के आधार पर उसका उत्पीड़न किया जा रहा है। आरोपी व्यक्ति ने इस दावे को कोर्ट में चैलेंज कर दिया और कहा कि पादरी ने ईसाई धर्म अपना लिया है इसलिए वह अब अनुसूचित जाति के सदस्य के रूप के योग्य नहीं हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला दिया कि धर्म बदलने के बाद पादरी ने अनुसूचित जाति का दर्जा खो दिया है। ऐसे में वह एससी-एसटी एक्ट का इस्तेमाल नहीं कर सकता। अनुसूचित जाति (एससी) से संबंधित व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने पर तुरंत जाति का दर्जा खो देते हैं। इससे एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत उन्हें मिलने वाली सुरक्षा और संरक्षण भी समाप्त हो जाते हैं।

कोर्ट ने पाया कि आनंद ने झूठी शिकायत दर्ज करवाकर एससी/एसटी एक्ट का दुरुपयोग किया है। अदालत ने बिना सत्यापन के मामला दर्ज करने के लिए पुलिस की ▶▶ शेष पेज 5 पर



### आरोपियों ने दी अदालत में चुनौती

उधर रामीरेड्डी और अन्य ने अदालत में इसे चुनौती दे दी। कोर्ट से उन्होंने एससी-एसटी का मामला खारिज करने की मांग की। याचिकाकर्ताओं के वकील फणी दत्त ने कोर्ट में तर्क दिया कि आनंद ने ईसाई धर्म अपना लिया है। 10 साल से भी ज्यादा समय से पादरी के रूप में काम कर रहा है। इसलिए संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत वह अनुसूचित जाति के सदस्य के रूप में योग्य नहीं हैं।

केंद्र सरकार ने स्वीकृत किए हैं 15 हजार आवास

## सीएम ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के 2500 परिवारों को दी पीएम आवास की पहली किस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किस्त जारी की। छत्तीसगढ़ के विशेष आग्रह पर केंद्र सरकार ने ऐसे परिवारों के लिए 15 हजार आवास स्वीकृत किए हैं। कुल दस करोड़ रुपए आज हितग्राहियों के खातों में अंतरित किया गया, प्रथम किस्त के रूप में 2500 परिवारों को 40-40 हजार रुपए जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने राशि अंतरण कार्यक्रम में मंत्रालय से वर्चुअली जुड़े 17 जिलों के हितग्राहियों से की बात, आवास निर्माण के लिए पहली किस्त मिलने पर बधाई दी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 5 पर



### बरसात से पहले राशि का करें उपयोग

कार्यक्रम उपरांत कलेक्टर हरिस एस ने योजना के लाभार्थियों को आवास बनाने के लिए खातों में अंतरित राशि का जल्द उपयोग कर बरसात से पहले निर्माण कार्य को पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन सहित अन्य हितग्राही भी मौजूद थे ।

केदारनाथ धाम के कपाट खुले सीएम धामी की मौजूदगी में उमड़े हजारों भक्त

कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया

## कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी घाटी, हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग

बाबा केदार के कपाट खुलने के क्षण का श्रद्धालुओं को बेसब्री से इंतजार था। शुक्रवार सुबह जैसे ही धाम के कपाट खुले हर-हर महादेव के जयकारों से घाटी गूंज उठी।

श्रद्धा से भीगे मन भोलेनाथ का वंदन करने लगे। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने समर्पण से मन झुकाया। सुबह सात बजे वृष लग्न में केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के पावन पल के साक्षी बने। मंदिर के कपाट खुलते ही केदारघाटी हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठी। कपाट खुलने से कुछ ही देर पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी केदारनाथ पहुंचे और कपाट खुलने के बाद दर्शन किए। वहीं पीएम मोदी के नाम से धाम में पहली पूजा हुई। कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को 108 क्विंटल फूल-मालाओं से सजाया गया है।कपाट खुलते ही हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। वहीं, शासन, प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारियों के साथ ही सुरक्षा बल भी तैनात है। केदारनाथ में 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के रात्रि प्रवास की व्यवस्था की गई है। वहीं, श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि कपाट खुलने के बाद से दर्शन के लिए टोकन व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसाद

सीएम ने कहा कि श्री केदारनाथ धाम अपने संपूर्ण वैभव के साथ सज संवरकर तैयार है। प्रात काल विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में कापट उद्घाटन के साथ ही भक्तगम देवाधिदेव महादेव केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर रहे हैं। मेरे लिए भी अत्यंत सौभाग्य का क्षण है कि मैं भी कपाटोद्घाटन के दौरान श्री केदारनाथ धाम में उपस्थित हूं। मुख्यमंत्री धामी जी ने केदारनाथ धाम में संचालित 'मुख्य सेवक भंडारा' में श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। चारधाम यात्रा का औपचारिक शुभारंभ ऋषिकेश से शनिवार को होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दिल्ली में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को भी मजबूती से आगे बढ़ाएगी 'देवी'

# सीएम ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली को दी 400 'देवी' बसों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कुशक नाला डिपो, सेवा नगर से हरी झंडी दिखाकर 400 दिल्ली इलेक्ट्रिक वाहन इंटरकनेक्टर (देवी) बसों की सौगात दिल्ली वालों को दी है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार की यह पहल दिल्ली में सतत, स्वच्छ और पर्यावरण अनुरूप सार्वजनिक परिवहन की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

देवी की शुरुआत राजधानी के यात्रियों के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी की चुनौती से निपटने की दिशा में हमारा एक अहम कदम है। यह पहल न केवल नागरिकों को एक सतत, किफायती और सुविधाजनक परिवहन विकल्प उपलब्ध कराएगी, बल्कि दिल्ली में पर्यावरण-अनुकूल परिवहन को भी मजबूती से आगे बढ़ाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन हर्ष मल्होत्रा, और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉ. पंकज कुमार सिंह समेत दिल्ली के सांसद, विधायक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सीएम ने केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार व्यक्त किया और कहा कि आज हम एक टीम के रूप में कार्य कर रहे हैं। यही है ट्रिपल इंजन की सरकार की असली ताकत।



### इस साल दिल्ली की जनता को समर्पित करेंगे 2,080 और ई-बसें

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हम इस साल के अंत तक लगभग 2,080 और ई-बसें खरीदकर दिल्ली की जनता को समर्पित करने जा रहे हैं। यह हमारी स्वच्छ, स्मार्ट और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की ओर एक और ठोस कदम है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के कुल प्रदूषण में से लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा वाहनों से होने वाले प्रदूषण का है। इस चुनौती का समाधान करने के लिए दिल्ली सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि दिल्ली की संपूर्ण सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिक मोड पर लाया जाएगा।

### इन सुविधाओं से लैस हैं देवी बसें

मुख्यमंत्री ने बताया कि ये बसें अत्याधुनिक तकनीकों से लैस हैं। इनमें सीसीटीवी कैमरे, लाइव ट्रैकिंग सिस्टम, पैनिक बटन, हटर, एमएनवीआर, ऑटो फ्लश सुविधा और दिव्यांगजनों के लिए मोटराइज्ड फोल्डेबल रैंप जैसी सुविधाएं शामिल हैं। 9 मीटर लंबी बसें, संकरी गलियों और छोटे रूट्स पर चलेंगी, जिससे कनेक्टिविटी बेहतर होगी। हर बस में 23 बैठने और 15 खड़े होने के लिए जगह है। यात्रियों की सुविधा के लिए बस में केवल 40 सेमी ऊंचाई के रिट्रेक्टेबल स्टेप्स रखे गए हैं, जिससे चढ़ने-उतरने में आसानी होगी।

### देवी सेवा लोगों को बेहतर सुविधा करेगी प्रदान : पंकज

इस अवसर पर दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि ये बसें स्वच्छ, सुरक्षित और सुलभ सार्वजनिक परिवहन की दिशा में उठाया गया एक ठोस कदम हैं। यह पहल दिल्ली के हर नागरिक को मेट्रो, स्कूल, अस्पताल और कार्यालय से बेहतर ढंग से जोड़ेगी। दिल्ली में प्रदूषण को कम करने में देवी बसें निर्णायक भूमिका निभाएंगी। हमारा उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को उसके निवास स्थान के नजदीक ही पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिले। देवी सेवा, दिल्ली को न केवल प्रदूषण से राहत देगी, बल्कि लोगों को बेहतर सुविधा भी प्रदान करेगी। हमारा प्रयास है कि लास्ट माइल कनेक्टिविटी को सशक्त बनाकर हर नागरिक की रोजमर्रा की जिंदगी को सरल बनाया जाए।

## दुबई से संचालित वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ सप्लायर और रिसीवर समेत आठ गिरफ्तार

क्राइम ब्रांच ने एक ऐसे वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है जिसके आका दुबई में बैठे हैं। यह गिरोह के महंगी व लग्जरी कारों को ऑन डिमांड चोरी करता था। सप्लायर और रिसीवर समेत कुल आठ लोग पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। गिरोह का संचालन दुबई से आमिर पाशा कर रहा है। पकड़े गये लोगों की निशानदेही पर 15 गाड़ियां बरामद की गई हैं। इनके साथ फर्जी नंबर प्लेट, फर्जी आरसी और डुप्लीकेट रिमोट चाबी भी जब्त हुई हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपियों में बुलंदशहर निवासी ताज मोहम्मद उर्फ ताजु, सीलमपुर के इमरान खान उर्फ गुड्डू, मुंबई बांद्रा के कुणाल सुभाषे जायसवाल, जसोला के अकबर, मुरादाबाद के मतीन खान, मेरठ के नागेंद्र सिंह उर्फ नागिन, निलोठी एक्सटेंशन के मनीष आर्य और गाजियाबाद निवासी नदीम शामिल हैं। ये लोग सेल्टोस, क्रेटा, फार्च्यूनर और थार जैसी लोकप्रिय गाड़ियों को निशाना बनाते थे। पुलिस मास्टरमाइंड आमिर पाशा सहित गैंग के फरार सदस्यों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता के मुताबिक गत वर्ष 18 अगस्त को सिंडिकेट के प्रमुख सदस्य ताज मोहम्मद को गिरफ्तार किया गया था, जिसने गिरोह के संचालन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी थी। उससे पूछताछ के बाद संगठित गिरोह का खुलासा हुआ था। इस साल 26 अप्रैल तक आठ लोगों की गिरफ्तारी करते हुए पुलिस ने मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों से चोरी की गई कुल 15 महंगी गाड़ियां बरामद कीं। वाहन चोरी सिंडिकेट का मास्टरमाइंड दुबई में बैठा आमिर पाशा था। वह गिरोह के सदस्यों के बीच गुमनामी बनाए रखते हुए देश भर में सिंडिकेट के वित्त का प्रबंधन कर रहा था। ताकि सिंडिकेट के भीतर कोई भी व्यक्ति दूसरों की पहचान या भूमिका न जान सके। संगठन और नियंत्रण के इस स्तर ने आमिर को कई वर्षों तक कई राज्यों में सिंडिकेट के संचालन को बनाए रखने में मदद की। ताज मोहम्मद एक दशक से अधिक समय से वाहन चोरी सिंडिकेट का मुख्य संचालक रहा है। वह दुबई में आमिर पाशा से सीधा संपर्क रखता था। उसके खिलाफ दिल्ली में डकैती, वाहन चोरी, रात में चोरी और आर्म्स एक्ट के 70 से अधिक मामले दर्ज हैं।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **पिंटू, पुत्र श्री मुन्ना लाल निवासी ई–57/ए/123, सुंदर नगरी, नंद नगरी, दिल्ली** ने **FIR No. 414/2021 U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पिंटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **पिंटू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 414/2021 U/S 379/411 IPC, अन्तर्गत थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **पिंटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03**
**कमरा नं. 19, प्रथम तल, शाहदरा जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/5574/NE/2025(Court Matter)**


## क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट में शामिल तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की वेस्टर्न रेंज 2, टीम ने क्रिकेट सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 पर सट्टा लगाने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे तीन लैपटॉप, नौ मोबाइल फोन, दो नोटबुक, एक टीवी स्क्रीन और अन्य गैजेट बरामद हुये हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये आरोपियों के नाम हिमांशु गुलाटी पुत्र स्वर्गीय हरि किशन गुलाटी निवासी सेक्टर-11, द्वारका, अमित कुमार पुत्र रमेश चंद्र निवासी किरण गार्डन, उत्तम नगर और अमित माकोल पुत्र स्वर्गीय मनोहरलाल निवासी किरण गार्डन, उत्तम नगर है। इनके बारे में 30 अप्रैल को एएसआई श्रीओम को सूचना मिली थी। इसके बाद सेक्टर-11, द्वारका में एक आवासीय अपार्टमेंट के फ्लैट पर छापा मारा गया और तीनों सटोरियों को पकड़ा गया। ये लोग लैपटॉप और मोबाइल फोन की मदद से अवैध आईपीएल सट्टेबाजी में लिप्त थे। चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच मौजूदा आईपीएल 2025 क्रिकेट मैच का लाइव प्रसारण एक एलईडी टीवी पर चल रहा था। पूछताछ के दौरान यह पता चला कि आरोपी ऑनलाइन मोड में सट्टेबाजी का संचालन कर रहे हैं। आरोपी अमित माकोल एक लैपटॉप पर सुप्रीम नामक एक सट्टेबाजी एप्लिकेशन चला रहा था और एचडीएमआई के माध्यम से एलईडी टीवी से जुड़ा था। लाइव आईपीएल मैच स्ट्रीम किया जा रहा था और सट्टेबाजी की दरें स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही थी। अमित कुमार एक लैपटॉप पर आईअसिस्टेंट (टैली सॉफ्टवेयर) एप्लिकेशन चला रहा था, जहां वह वास्तविक समय में पंटर्स और बुकीज द्वारा लगाए गए दांव को अपडेट कर रहा था। मास्टरमाइंड हिमांशु गुलाटी लैपटॉप भी आईअसिस्टेंट सॉफ्टवेयर चला रहा था, जो सट्टेबाजों और सट्टेबाजों द्वारा लगाए गए दांव का रिकॉर्ड रखता था। हिमांशु गुलाटी स्पीकर के माध्यम से सट्टेबाजों और सट्टेबाजों को माइक्रोफोन के माध्यम से सट्टे की दरें बता रहा था। प्रत्येक सट्टेबाज का एक अनूठा कोड वर्ड था। प्रत्येक दांव को अमित माकोल द्वारा नोटपैड में मैन्युअल रूप से नोट किया जाता था, और साथ ही अमित कुमार द्वारा आईअसिस्टेंट सॉफ्टवेयर में दर्ज किया जाता था। पूछताछ के दौरान हिमांशु गुलाटी ने खुलासा किया कि फ्लैट अंकुर जिंदल नामक व्यक्ति का है और इसका इस्तेमाल विशेष रूप से आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट चलाने के लिए किया जा रहा था।

## युवक की चाकू घोंपकर हत्या मामले में तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुल्तानपुरी में बुधवार देर रात सूरज नामक युवक की चाकू घोंपकर हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके नाम ऋतिक (19), राहुल (23) और निखिल (19) बताये गये हैं। आरोपियों का हिंसक अपराधों का इतिहास रहा हैं। डीसीपी सचिन शर्मा के अनुसार बुधवार को सूरज (26) एक शादी समारोह में जाने के लिये घर से निकला था। बीच रास्ते उसे घेर लिया गया था। चाकू से हमले में वह बुरी तरह से जख्मी हो गया था। पुलिस को मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई थी। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपियों की पहचान ऋतिक, राहुल और निखिल के रूप में की और उन्हें इलाके के एक नाले के पास से दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान तीनों ने लंबे समय से चली आ रही रंजिश की वजह से सूरज पर हमला करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि ऋतिक पहले भी दो मामलों में लिप्त रहा है। राहुल पांच तथा निखिल किशोरावस्था से ही डकैती सहित तीन मामलों में पकड़ा जा चुका हैं।

### एलजी ने दिल्ली गृह विभाग के त्रिपक्षीय समझौते को दी मंजूरी, सुधरेगी अग्निशमन सेवाएं

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए दिल्ली गृह विभाग के त्रिपक्षीय समझौते को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। एलजी ने यह कदम अग्निशमन सेवाओं के सुधार को देखते हुए उठाया है। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के व्यापक ऑडिट और पुनर्गठन के लिए प्रस्तावित यह समझौता,दिल्ली अग्निशमन सेवा, अग्निशमन सेवा महानिदेशालय, होमगार्ड और नागरिक सुरक्षा, भारत सरकार और राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (एनसीजीजी) के बीच होगा। इस पहल का उद्देश्य दिल्ली अग्निशमन सेवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया, आग लगने की आपात स्थिति से निपटना और संबंधित सेवाओं की दक्षता को बढ़ाना है। सार्वजनिक सुरक्षा को मजबूत करने और त्वरित सेवा प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। दिल्ली सरकार के गृह विभाग ने दिल्ली अग्निशमन सेवाओं द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा और बेहतर सेवा सुनिश्चित करने के लिए इसके पुनर्गठन की योजना प्रस्तावित की है। इस विषय पर 27 नवंबर 2024 को एनसीजीजी के महानिदेशक के साथ शुरुआती चर्चा हुई थी। इसके बाद 16 दिसंबर 2024 को भारत सरकार के अग्निशमन सेवा महानिदेशक के साथ इस पर विस्तृत चर्चा की गई।

### 25 लाख की डकैती में शामिल पांच गिरफ्तार

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने आनंद पर्वत में घर में घुसकर हथियारों के बल पर 25 लाख की डकैती के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे 11.45 लाख रुपये कैश बरामद हुआ। आरोपियों के नाम मनीष उर्फ जतिन, आयुष उर्फ इशु, राहुल उर्फ मिर्जा, जतिन उर्फ बाबी और सचिन उर्फ गौरव बताये गये हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के मुताबिक एक मई को आनंद पर्वत की रहने वाले एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। महिला ने बताया था कि 30 अप्रैल को चार बदमाश उसके घर में घुसे और बंदूक की नोंक पर बंधक बनाकर करीब 25 लाख रुपये लूट उसे घर के अंदर बंद कर फरार हो गए। पुलिस ने 100 से अधिक कैमरों की जांच की। इसके बाद मनीष की पहचान के बारे में इनपुट मिला, जो अपने साथियों के साथ अपराध के बाद गाजियाबाद में छिपा था। सुदामापुरी, गाजियाबाद और हैबतपुर, गौतमबुद्ध नगर में छापेमारी कर मनीष को उसके साथियों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान मास्टरमाइंड मनीष ने बताया कि वह 2018 के हत्या के प्रयास के मामले में शिकायतकर्ता महिला के भाई जितेंद्र सहयोगी था। 2024 में उसे एक छोटी सी बात पर जितेंद्र ने पीटा था और इसलिए उसने डकैती डालकर बदला लेने की योजना बनाई थी। उसे पता था कि जितेंद्र का परिवार टैंक रोड, प्रसाद नगर में कपड़े का व्यवसाय करता है और फाइनेंसर भी है। उनके घर पर हमेशा मोटा पैसा रखा होता हैं। इसलिए मनीष ने आयुष को हथियारों और अन्य लोगों की व्यवस्था करने का काम सौंपा। मनीष के निर्देश पर आयुष अपने चार साथियों राहुल, जतिन, सचिन और एक अन्य के साथ डकैती को अंजाम देने के बाद हैबतपुर पहुंचे और लूट का माल आपस में बांटा। आरोपी जतिन ने लूटे गए पैसों से 2.82 लाख कीमत की एक नई मोटर साइकिल और दो मोबाइल फोन खरीदे थे।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि पानीपत सह. चीनी मिल्स लिमिटेड पानीपत | GENL./2025-26184 DATED 22.04.2025 | बीओए मिटिंग 05.05.2025 की बजाए 09.05.2025 को पुनर्निर्धारित के लिए शुद्धिपत्र | https://etenders.hry.nic.in | 8950321399 panipatsugarmills@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/34402/I/88/7 दि. 02.05.25

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 14 मई 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : बराड़ा, हरियाणा | |
| 359562001779 | सोहन लाल |
| 359562002297 | कौशल्या देवी |
| 359562002324 | कौशल्या देवी |
| शाखा का नाम : भट्टू मण्डी, हरियाणा | |
| 359362002739 | विजय कुमार |
| शाखा का नाम : चरखी दादरी | |
| 211162001424 | नीलम देवी |
| 211162001494 | नीलम देवी |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-14 | |
| 489062000067 | पावनी राना |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद-एनआईटी | |
| 102562007165 | नताशा बोंदवाल |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : फरीदाबाद – सेक्टर-29 | |
| 140062003402 | पावनी राना |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – इरोस सिटी स्क्वेयर | |
| 555462000030 | संजय शर्मा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – सेक्टर-48 | |
| 418462000526 | अदिति खन्ना |
| शाखा का नाम : गुड़गांव – डीएलएफ फेज-1 | |
| 343162001127 | मनीष थरेजा |
| शाखा का नाम : खरखौदा | |
| 396862000747 | सुनील सुनील |
| शाखा का नाम : सुजेरी – आईएमटी सेक्टर-70 | |
| 779862000132 | प्रदीप कुमार मिश्रा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नारनौल | |
| 159062003855 | जोगेन्द्र |
| शाखा का नाम : नीमरीवाली | |
| 453762000087 | विकास मित्तल |
| शाखा का नाम : राहड़ा | |
| 752362000346 | संदीप |
| शाखा का नाम : रतिया | |
| 214662004396 | मनोज कुमार |
| शाखा का नाम : उचाना | |
| 377262001016 | बलजीत** |
| 377262001808 | अमित |
| शाखा का नाम : जवलपुर – सदर | |
| 246462000865 | प्रजापति अनिल |
| शाखा का नाम : पिलानी | |
| 153862005157 | सुनील सांगवान |

दिनांक : 03.05.2025
स्थान : अम्बाला, भिवानी, चरखी दादरी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, गुरूग्राम, जीन्द, करनाल, महेन्द्रगढ़, सोनीपत

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## बेरोजगार सिविल डिफेंस कर्मियों ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

### कार्यालय पर नौकरी बहाली को लेकर पहुंचे, किया निवेदन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग के अंतर्गत दिल्ली सिविल डिफेंस (डीसीडी) विभाग से आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में बेरोजगार हुए बस मार्शल शुक्रवार को अपने स्थाई रोजगार की मांग को लेकर दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। बेरोजगार बस मार्शलों ने बताया कि सुबह 10 बजे से दोपहर के ढाई तक कार्यालय के बाहर गेट पर प्रदेश अध्यक्ष की प्रतीक्षा करते रहे लेकिन प्रदेश कार्यालय से बताया गया कि अध्यक्ष राष्ट्रीय कार्यालय में है इसलिए आज उनसे मुलाकात नहीं हो पाएगी उसके बाद बेरोजगार मार्शल प्रदेश कार्यालय में ज्ञापन पत्र देकर वापस हुए।

बस मार्शलों ने बताया कि भाजपा ने आश्वासन दिया था कि हम 60 दिन में सरकार बनने के बाद आपको स्थाई रोजगार देंगे परंतु अभी तक सरकार की तरफ से कोई भी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है। जिससे समस्त बेरोजगार मार्शलों के अंदर आक्रोश बढ़ता जा रहा है मार्शल चाहते हैं कि सरकार को कितना समय लगेगा और रोजगार किस विभाग में मिलेगा यह स्थिति स्पष्ट करें। इन मार्शलों ने भाजपा को चेताते हुए कहा कि अगर भाजपा सरकार ने जल्द ही औपचारिक घोषणा नहीं की तो पूर्ण संख्या बल के साथ दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय जवाब लेने जाएंगे।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स करनाल और इसके सब डिवीजन असंध जिला करनाल में एयर कंडीशनर्स (113 एयर कंडीशनर्स) की स्थापना। | 02.05.2025 08.05.2025 | 67.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में मेनटेनेंस सब डिवीजन, लोनिवि भ व प शाखा करनाल के तहत विभिन्न सड़कों पर पोट होल्स को भरने के लिए जीएसबी का प्रावधान व बिछाना +2 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.05.2025 | 33.70 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | सिंचाई विभाग हरियाणा के झज्जर डिवीजन हेतु हार्डवेयर और इलैक्ट्रिकल पेट्टी आइटम्स की आपूर्ति और एसकेएफ एफएजी एनबीसी और एआरबी मेक के बेयरिंग की आपूर्ति + 10 अन्य कार्य। | 02.05.2025 16.05.2025 | 15.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा बहादुरगढ़ | बहादुरगढ़ जल सेवाएं मंडल, बहादुरगढ़ कार्यालय के पुराने कोर्ट कॉम्पलैक्स में सीवर पाइप लाइन बिछाने हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 10.05.2025 | 10.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | मदीना 1- एचजीवीवाई स्कीम 2024-25 के तहत गांव मदीना कोरसान में धानक चौपाल का पुनरोद्धार + 7 कार्य। | 01.05.2025 07.05.2025 | 37.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव पाली ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में पाली से बजरी तालाब तक आरसीसी ड्रेन का निर्माण, वीएजीवाई। | 30.04.2025 06.05.2025 | 42.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव दादासिया ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण एफएफसी + 1 कार्य। | 30.04.2025 06.05.2025 | 92.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | सिविल सर्जन भिवानी | एसी, फैन और कुलर सर्विस और मरम्मत तथा अन्य इलैक्ट्रोनिक मद के लिए ई-निविदा। | 28.04.2025 12.05.2025 | ईएमडी 4000 | https://etenders.hry.nic.in | 9992174254 dycsnrhm.bhiwani@gmail.com |
| 9 | वन विभाग सिरसा | क्लोनल प्लांट्स की खरीद। | बंद होने की तिथि 09.05.2025 | 57.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 10 | सिविल सर्जन रोहतक | औषधियों, लैब मदों, दंत सामग्रियों और कंज्यूमेबल्स इत्यादि की खरीद के लिए अग्रणी हिन्दी समाचार-पत्रों में विज्ञापन के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 14.05.2025 | 75000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262282430 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | हाई साइड डेक, पेलोड क्षमता न्यूनतम 07 टन, बीएस-VI सहित बिल्ट-अप ट्रकों की अधिप्राप्ति। | 02.05.2025 02.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | कुरुक्षेत्र में कल्पना चावला मैमोरियल प्लेनेटेरियम हेतु प्रोजेक्शन सिस्टम, शोज और सम्बद्ध मदों की खरीद। | 02.05.2025 02.06.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/240/34424/I/88/7 दि. 02.05.25




# आंधी-बारिश से दिल्ली हुई बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार की सुबह तेज आंधी और भारी बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव हुआ और इसके चलते पेड़ गिरने से वाहनों को भी नुकसान बताया जा रहा है। ऐसी जानकारी मिली है कि सुबह की बरसात की वजह से मुंडका अंडरपास में ढाई तीन फीट पानी भर गया था जिससे तीन-चार घंटे तक वाहनों का आवागमन पुलिस ने बंद कर दिया था। हालांकि इस बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम सुहावना हो गया लेकिन बारिश की वजह से सुबह के वक्त नौकरी पेशा वर्गा को जलभराव के चलते अपने कार्यालय पहुंचने में भारी यातायात जाम का सामना करना पड़। कुछ लोग तो देरी के चलते अपने घर ही लौट गए। इसके साथ ही जनजीवन अस्त-व्यस्त बताया गया।

### 77 मिमी गिरा पानी, सड़क से हवाई परिवहन हुआ बाधित

नई दिल्ली। दिल्ली में शुक्रवार देर रात बिजली चमकने और बादलों की तेज गड़गड़ाहट के बीच शुरू हुई बिन मौसम बारिश मई महीने में गत 17 साल में वर्ष 2009 से 2025 के बीच यह दूसरी सर्वाधिक रिकॉर्ड बारिश के रूप में दर्ज हुई है। बेमौसम बारिश टूटकर बरसने का आलम यह कि चंद घंटों में दिल्ली में 77 मिमी पानी बरसा है। भारी जलभराव के चलते जहां सड़कें, अंडरपास व गलियां आदि लबालब भर गईं। वहीं तेज आंधी व भारी बारिया के चलते लगभग 100 हवाई उड़ानें भी प्रभावित होने की खबर है। भारी बारिश के चलते अधिकतम पारा 10 डिग्री से भी नीचे लुढ़क गया है। जबकि न्यूनतम पारे में 6 डिग्री की गिरावट देखने को मिली है। बदरा के झूमकर बरसने से जहां एक तरफ लोगों को भीषण गर्मी में भी कूल कूल एहसास करा दिया। वही दूसरी तरफ जगह जगह हुए जलभराव ने दिल्ली की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। जबकि तेज आंधी के चलते दिल्ली के कई हिस्सों में बिजली गुल हो गई। कहीं बिजली के तार टूट गए तो कहीं खंबा गिरने से बत्ती गुल हो गई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सुबह 8.30 बजे तक कुल 77 मिमी पानी बरसा है। जबकि इस दौरान सबसे ज्यादा बारिश लोधी रोड में 78 मिमी दर्ज हुई है।

### 16 जगह हुआ जलभराव, 53 जगह गिरे पेड़

नई दिल्ली। दिल्ली में गुरूवार रात और शुक्रवार सुबह हुई बारिश के दौरान अनेकों जगह जलभराव हुआ है और दिल्ली देहात के गावों की बात करें तो बदहाल मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गए। वहीं, दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने शुक्रवार को 16 जगह जलभराव और 53 जगह पेड़ के गिरने का दावा किया है। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने बारिश के आंकड़े जारी कर बताया कि दिल्ली नगर निगम के केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से यह जानकारी प्राप्त हुई है और यह आकंडे 2 मई 2024 के दिन सुबह 6 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे के बीच के हैं।

## सीएम ने नजफगढ़ हादसे पर जताया शोक, परिवार को सहायता का दिया आश्वासन



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को नजफगढ़ के खड़खड़ी नाहर गांव में भारी तूफान और बारिश के दौरान पेड़ गिरने से एक परिवार के चार सदस्यों की दुखद मौत और एक व्यक्ति के घायल होने पर दुख व्यक्त किया। सीएम रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि नजफगढ़ के खड़खड़ी नाहर गांव में भारी तूफान और बारिश के दौरान पेड़ गिरने से एक ही परिवार के चार सदस्यों की दुखद मृत्यु और एक व्यक्ति के घायल होने की खबर अत्यंत दुखद है। मैं दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें और घायल व्यक्ति को शीघ्र स्वस्थ करें। इस कठिन समय में दिल्ली सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। जिला प्रशासन को तत्काल सभी आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से महिला और तीन बच्चों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ बच्चों का पिता घायल, जाफरपुर इलाके के खड़खड़ी नाहर गांव का मामला

जाफरपुर इलाके के खड़खड़ी नाहर गांव में शुक्रवार सुबह तूफान और तेज बारिश के कारण खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर नीम का पेड़ गिरने से महिला और उसके तीन बच्चों की मौत हो गई। महिला का पति अजय (30) घायल है। मृतकों के नाम ज्योति (28), आर्यन (7), ऋषभ (5) और प्रियांश (7 माह) बताये गये हैं। अजय को सीने व कलाई में चोटें आई हैं।

उसे पहले राव तुलाराम और बाद में दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती करवाया गया। वहीं छावला में भी पड़ोसी की दीवार गिरने से तीन लोग घायल हो गए। फायर डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह 5:24 पर कंट्रोल रूम को कमरा गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को भेजा गया। सुबह 8:30 लीडिंग फायरमैन बलराज ने जानकारी दिया कि ट्यूबवेल के साथ एक कमरा बना हुआ था।

वहीं पर नीम का पेड़ भी था, जो आंधी में कमरे पर गिर गया। कैट्स एंबुलेंस के द्वारा सभी को राव तुलाराम हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां तीन बच्चों व उनकी मां को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### छावला में गिरी दीवार, तीन घायल

छावला थाना इलाके में भी सुबह करीब 5:30 बजे तेज हवा से घर की दीवार गिर गई। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। घायलों के नाम ओमप्रकाश (41) और उनके बेटे लव (13) और सौरभ (15) है। कैट एंबुलेंस के द्वारा तीनों को जाफरपुर स्थित राव तुला राम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। सभी ही हालत खतरे से बाहर बताई गई है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि यह हादसा पपरावट गांव में प्रह्लाद मंदिर के पास में हुआ। पड़ोसी की दीवार साथ वाले मकान पर गिर गई थी। शुक्रवार तड़के भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण शहर में जगह जगह जलभराव हो गया। इस कारण कई सड़कों पर यातायात भी बाधित हो गया। दिल्ली के कई इलाकों में पेड़ गिर गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें 98 कॉल मिली हैं, जिनमें ज्यादातर पेड़ गिरने की शिकायतें शामिल हैं।

# सभी विभाग समन्वय के साथ जलभराव की समस्या का करें स्थायी समाधान : रेखा गुप्ता

### *सीएम ने मजनू का टीला समेत कई क्षेत्रों में हुए जलभराव की स्थिति का लिया जायजा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार तड़के हुई भारी बारिश से दिल्ली में कई इलाकों में हुए जलभराव की सूचना मिलते ही दिल्ली सरकार के सभी संबंधित विभागों ने एक्शन मोड में कार्य करना शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दी। सीएम ने मजनू का टीला समेत दिल्ली के कई क्षेत्रों का स्वयं मौके पर जाकर जलभराव की स्थिति का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे मंत्री और अधिकारी सवेरे 6 बजे से ही फील्ड पर जाकर जल निकासी व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। सीएम ने कहा कि दिल्ली में हुई बारिश के बाद जिन क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आई है, उन्हें हमारी सरकार ने बेहद गंभीरता से लिया है। वर्त्तमान स्थिति का जायज़ा लेते हुए हमने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जलभराव वाले इलाकों की तुरंत पहचान की जाए और वहाँ तत्काल जल निकासी की व्यवस्था हो। हमारी सरकार जलभराव को केवल एक मौसमी समस्या नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक विफलता मानती है जिसे जड़ से खत्म करना बेहद ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने हमें जर्जर व्यवस्था सौंपीं है जिसका इलाज करने में थोड़ा समय लगेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी जल भराव वाले क्षेत्र के लिए अलग अलग नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नालों की सफाई, सड़कों की मरम्मत और जल निकासी में लापरवाही पर अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आज की बारिश सभी सम्बंधित विभागों के लिए चेतावनी है कि नालो की सफाई से लेकर सड़कों की मरम्मत तक यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो मानसून में हालात और खराब हों सकते हैं। इसी के चलते पीडब्लूडी , एमसीडी, दिल्ली जल बोर्ड और शहरी विकास विभाग आदि को निर्देशित किया गया कि सभी जलभराव स्थलों की सूची तैयार कर समाधान पर आपसी समन्वय के साथ शीघ्रता से कार्य करें। इसके अलावा जिन स्थानों पर सड़के खुदी हुई या टूटी हुई हैं, वहां तत्काल मरम्मत कार्य शुरू करने के निर्देश भी दिए गए है।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने मिंटो रोड सहित कई इलाकों का किया निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में हुई भारी बारिश के बीच शुक्रवार सुबह से ही पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण शुरू कर दिया था। उन्होंने मिंटो रोड सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर जलभराव की स्थिति की समीक्षा की और जल निकासी कार्य की निगरानी भी की। उन्होंने बताया कि दिल्ली में रिकॉर्ड 77 मिमी बारिश के बाद कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हालांकि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की सतर्कता और तेज कार्रवाई के चलते 90 फीसदी से अधिक शिकायतों का समाधान केवल 2 घंटे के भीतर कर दिया गया। मंत्री ने बताया कि पीडब्ल्यूडी की कंट्रोल रूम टीमें, मोबाइल पंप यूनिट, सुपर सक्शन मशीनें, बेल माउथ क्लीनिंग टीमें और क्षेत्रीय अधिकारी रातभर और सुबह से ही फील्ड में सक्रिय रहे। अधिकतर स्थानों पर 30 से 60 मिनट में जलभराव हटा लिया गया, जबकि कुछ निचले इलाकों में थोड़ी देरी के बाद स्थिति को सामान्य कर लिया गया। मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि महज़ दो महीनों में हमने सिस्टम को एक्टिव और जिम्मेदार बनाया है। टीमों को पहले से अलर्ट पर रखा गया था, जिससे बारिश के तुरंत बाद तेज कार्रवाई संभव हो सकी।

### एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने किया दौरा

नई दिल्ली। आंधी और बारिश के बाद नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को एनडीएमसी की नागरिक सेवाओं की स्थिति का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने पेड़ गिरने, जलभराव, विद्युत आपूर्ति जैसी समस्याओं के निराकरण की स्थिति का मौके पर जायज़ा लिया और यह सुनिश्चित किया कि एनडीएमसी की टीमें तत्परता एवं समन्वय के साथ कार्य कर रही हैं। उपाध्यक्ष चहल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के त्वरित और उत्तरदायी शासन के विज़न के अनुरूप, नई दिल्ली में देर रात से लेकर सुबह तक हुई तेज़ बारिश और आंधी के चलते निरीक्षण किया। एनडीएमसी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का भी दौरा किया, जहां उन्होंने फील्ड ऑपरेशनों की लाइव मॉनिटरिंग की और नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की प्रवृत्तियों का विश्लेषण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समाधान समयबद्ध और प्रभावी रूप से सुनिश्चित किया जाए ताकि नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो। चहल ने ने बताया कि आज कुल 61 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 25 पेड़ गिरने, 12 जलभराव तथा 24 बिजली आपूर्ति से संबंधित थीं।

### तेज बारिश व तूफान से कई जगह बिजली आपूर्ति हुई बाधित

**नई दिल्ली।** शुक्रवार देर रात हुई भारी बारिश व तेज आंधी तूफान के कारण दिल्ली कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि भारी बारिश व आंधी तूफान के चलते आपूर्ति बाधित हुई। इसमें मुख्य रूप से जलभराव और बिजली के तारों पर पेड़ और उनकी शाखाओं के गिरना रहा। बिजली कंपनियों का दावा है कि निचले और जलभराव वाले इलाकों में, बिजली के झटके से बचने और लोगों की जान बचाने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर बिजली की आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी। इस बारे में बीएसईएस का कहना है कि इस दौरान संचालन और रखरखाव दल हाई अलर्ट पर थे, शिकायतों पर ध्यान देने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को तुरंत तैनात किया गया था। ज्यादातर मामलों में, बिजली आपूर्ति तेजी से बहाल कर दी गई। हालांकि, कुछ इलाकों में, बहाली में सामान्य से अधिक समय लगा, मुख्य रूप से - पानी के कम होने का इंतजार करने की आवश्यकता और गिरे हुए पेड़ों से बिजली के बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान के कारण। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पेड़ों को काटना और हटाना ऐसी स्थितियों में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता नागरिक एजेंसियों के समन्वय में की जाने वाली एक समय लेने वाली प्रक्रिया है।

हरियाणा सरकार | Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

आवासीय, व्यावसायिक, संस्थागत सम्पत्तियों और बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी

दिनांक : 21 से 30 मई, 2025



| नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | ज़ोन |
|---|---|---|
| 21 मई, 2025 (बुधवार) | प्रेफरेंशियल सम्पत्तियां (आवासीय व व्यावसायिक) | सभी ज़ोन |
| 22 मई, 2025 (गुरुवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | पंचकूला और हिसार ज़ोन |
| 23 मई, 2025 (शुक्रवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | रोहतक और फरीदाबाद ज़ोन |
| 27 मई, 2025 (मंगलवार) | आवासीय व व्यावसायिक सम्पत्तियां | गुरुग्राम ज़ोन |
| 28 मई, 2025 (बुधवार) | नर्सिंग होम, क्लिनिक व सभी स्कूल की साइटें | सभी ज़ोन |
| 30 मई, 2025 (शुक्रवार) | मेजर साइटें ( व्यावसायिक साईट, शॉपिंग मॉल, अस्पताल और संस्थागत साईट) और कंपोजिट साईट सेक्टर - 43, गुरुग्राम | सभी ज़ोन |

दिनांक 16/04/2025 को प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक कारणों से ई-नीलामी की तिथियों को पुनः निर्धारित किया गया है।

ई-नीलामी 2025-26 की कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए कलेक्टर रेट/आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरू की जाएगी।

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध।
*नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसायटी/समिति भाग ले सकते हैं।

*ई-नीलामी में दर्शाई गई सम्पत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा।

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं
किसी भी जानकारी के लिए हमें ई-मेल करें : eauctioncell.hsvp@gmail.com

मुख्य प्रशासक
हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण
सी-3, एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-6, पंचकूला 134 109, हरियाणा।
hsvphry.org.in. Hsvphry

स्थलों की पूरी जानकारी और ई-नीलामी के नियम और शर्तें एच एस वी पी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
आने वाली ई-नीलामी की जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं। https://hsvphry.org.in

## खबर संक्षेप

### एंबियंस मॉल से महिला की हीरे की अंगूठी गायब




**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 थाना एरिया स्थित एंबियंस मॉल से एक महिला की हीरे की अंगूठी गायब होने का मामला सामने आया है। महिला को जब अपनी कीमती अंगूठी गायब होने का अहसास हुआ तो उसने मॉल के स्टोर स्टाफ से मदद भी मांगी, महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में दिल्ली के हौज खास की रहने वाली भाविका ने बताया कि उनका मेडिकल डिवाइस का व्यवसाय है।

### वाहन चोरी के मामले में आरोपी को किया काबू



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की क्राईम ब्रांच की टीमों द्वारा वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी क्रम में क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने आरोपी सूरज को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि जितेंद्र सब डिविजन सेक्टर 6 बल्लभगढ़ ने पुलिस चौकी सेक्टर.3 में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया कि 7 अप्रैल को लाईन मे फाल्ट आ गया था।

### रुपए और जेवरात लेकर फरार नौकरानी



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 में सिविल इंजीनियर के घर से उनकी नौकरानी आठ लाख रुपए और सोने के जेवरात कूड़े की बाल्टी में लेकर फरार हो गई। यह वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस के मुताबिक, दिनकर डोगरा ने कहा कि वह सिविल इंजीनियर हैं और उनका कांट्रेक्ट का बिजनेस है। राखी नामक महिला को नौकरानी रखा हुआ है। 30 अप्रैल को वह किसी काम से गए थे। घर पर राखी काम कर रही थी। ऐसे में उन्होंने घर की अलमारी के लॉकर को खोलकर नकदी निकालनी चाही, लेकिन लॉकर खाली मिला।

### गांजा उपलब्ध कराने वाला आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने 35.400 किलो ग्राम के मामले में नशा उपलब्ध कराने वाले आरोपी को विशाखापट्नम से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अप्रैल को अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए यशपाल निवासी ताजलका जिला तिजारा राजस्थान को फतेहपुर के पास नहर से 35.400 किलो ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस थाना धौज में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने मामले में आगे कार्रवाई करते हुए नशा उपलब्ध कराने वाले आरोपी रेड्डी नानाजी निवासी गांव अगनामपुर, विशाखापट्नम को गिरफ्तार किया है। जिसने यशपाल को 35.400 किलो ग्राम गांजा दिया था। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने 35.400 किलो ग्राम गांजा यशपाल को 1.22 लाख रुपए में दिया था। पूछताछ के लिए दोनों आरोपी को 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# सुबह की बारिश के दौरान चौक चौराहों पर अलर्ट रही ट्रैफिक पुलिस, ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

शुक्रवार को सुबह तेज बारिश होने के कारण जगह-जगह सड़कों पर पानी भर गया। वही ट्रैफिक पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और लोगों को सुरक्षित रखने और जलभराव में फंसी गाड़ियों की मदद करती रही।

ट्रैफिक पुलिस रोजाना सुचारू रूप से ट्रैफिक व्यवस्था चलाने के लिए सभी चौक चौराहों पर मौजूद रहती है ताकि किसी को परेशानी ना हो। बारिश की वजह से जगह-जगह सड़कों पर जल भराव हो जाता है जिसकी वजह से यातायात काफी धीरे हो जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। शुक्रवार सुबह की बारिश के दौरान ट्रैफिक पुलिस यातायात को नियंत्रित करने और लोगों को सुरक्षित रखने और जलभराव में फंसी गाड़ियों की मदद करती नजर आई।

बारिश में सड़कों पर फिसलन होती है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। ट्रैफिक पुलिस दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सावधानी बरतती है, जैसे कि धीमी गति से चलने के लिए निर्देशित करना या आवश्यक होने पर मार्ग को बंद करना। इसी के चलते आज ओल्ड रेलवे स्टेशन, मेवला महाराजपुर और एनएचसी अंडरपास को बंद कर दिया गया था।

**जलभराव के कारण एनएचसी अंडरपास को बंद किया गया था**



फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस बारिश के दौरान सड़क उपयोगकर्ताओं की मदद करती है,इसका आज एक ताजा उदाहरण एनएचपीसी अंडरपास पर देखने को मिला। ट्रैफिक पुलिस के एएसआई जाकिर हुसैन, सिपाही रविंदर और ड्राइवर नवल किशोर ने पानी, जल भराव में उतरकर, पानी में फंसी कार को बाहर निकला।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने अनाज मंडी बल्लभगढ़ में आढ़तियों के स्टॉक का किया औचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना प्राप्त हुई है कि अनाज मंडी बल्लभगढ़ में कुछ आढ़तियों द्वारा बिना मार्केट फीस अदा किए अनाधिकृत तरीके से गेंहू व बाजरे का स्टॉक किया हुआ है। जिस सम्बंध में मार्केट कमेटी बल्लभगढ़ के अधिकारियों के साथ आढ़तियों के स्टॉक रजिस्टर व स्टॉक का भौतिक निरीक्षण किया जाए तो मार्केट फीस की चोरी पकड़ी जा सकती हैं।

इस सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उडन दस्ता फरीदाबाद द्वारा इंद्रपाल सचिव व दीपक सहायक सचिव मार्केट कमेटी बल्लभगढ़, अखिल जैन उप निरीक्षक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फरीदाबाद व अंकित उप निरीक्षक विभाग फरीदाबाद के साथ अनाज मंडी बल्लभगढ़ का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मैसर्स बिजेन्द्र कुमार हरिशंकर आढ़त न 72 के स्टॉक व भौतिक निरीक्षण पर स्टॉक रजिस्टर पूरा करना नही पाया गया व एक वाहन जिससे गेंहू उतारा जा रहा था द्वारा मंडी में आते समय गेट पास नही लिया गया था व दुकान संचालक द्वारा उक्त गेंहू का स्टॉक रजिस्टर में इंद्राज भी नही किया गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए मार्केट कमेटी द्वारा जुर्माना लगाया गया है। संयुक्त टीम द्वारा मैसर्स शंकर ट्रेडिंग कंपनी दुकान न 75 का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इस दुकान में स्टॉक रजिस्टर आदि मेंटेन करना नही पाया गया। जिस पर जुर्माना लगाया गया है।

दुकान न 15 मैसर्स कंवरसिंह रविंद्र कुमार व 22 मेसर्स ओम ट्रेडर्स पर चेकिंग के दौरान स्टॉक रजिस्टर आदि का रिकॉर्ड मेंटेन न करने के सम्बंध में सचिव मार्केट कमेटी द्वारा दुकान न 15 व 22 के संचालकों पर जुर्माना लगाया गया है।

इस प्रकार अनाज मंडी बल्लभगढ़ में किए गए औचक निरीक्षण के दौरान 4 दुकानों पर कुल 56 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है जिसे मार्केट कमेटी बल्लभगढ़ द्वारा आढ़तियों से मौका पर ही वसूल कर लिया गया है।

मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा मार्केट कमेटी की फीस चोरी की सूचनाओं के संबंध में पिछले कुछ दिनों से लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## फरीदाबाद में कैबिनेट व राज्य मंत्री ने अधिकारियों की ली बैक टू बैक बैठक

# 31 मई तक मानसून से निपटने की तैयारी जलभराव व अतिक्रमण पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला प्रशासन, नगर निगम, एफएमडीए, एनएचएआई के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ की समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

प्रशासनिक स्तर पर शुक्रवार को बैक टू बैक बैठकों का दौर जारी रहा। हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल व खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर ने अपने-अपने स्तर पर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि शहर में जलभराव की स्थिति पर कोई समझौता नहीं होगा। शहर को सुंदर बनाना सभी का सांझा प्रयास होना चाहिए। इसी तरह अतिक्रमण के कारण होने वाले जलभराव के मुद्दे पर भी दोनों मंत्रियों ने सख्त रुख अपनाते हुए जनहित के लिए ऐसे क्षेत्र में कार्रवाई के निर्देश दिए। मंगलवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में माननीय मंत्रियों ने जलभराव, अतिक्रमण से निपटने के लिए एक के बाद एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाते हुए कार्रवाई सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए।

**मंत्री ने 37 नालों की सफाई का संज्ञान लिया**




प्रदेश के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शहर के प्रमुख 37 नालों की सफाई का संज्ञान लेते हुए नगर निगम व एफएमडीए से एक्शन रिपोर्ट तलब की। साथ ही साथ शुक्रवार सुबह हुई बारिश के कारण शहर में हुए जलभराव पर भी मंत्री ने संज्ञान लेते हुए एनएचपीसी अंडरपास में हुए जलभराव जैसी स्थिति दोबारा न होने के कड़े निर्देश दिए। मंत्री ने कहा कि हर सप्ताह अधिकारी रिव्यू करते हुए मानसून की तैयारियों का जायजा लें। रिव्यू के समय पंप की वर्किंग, संबंधित जगह की डिसल्टिंग जैसी स्थिति जांच लें। यह काम 30 मई तक हर हाल में पूरा करें। इसके बाद भी स्थिति जस की तस रहने पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि डिस्पोजल और अंडरपास में हॉट लाइन कनेक्शन सुनिश्चित करें। उन्होंने बरसात पूर्व तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी ऐसे प्वाइंट चिन्हित करें जहां बरसाती पानी एकत्रित होता है। इसके लिए किसी भी तरह का अतिक्रमण व अन्य अटकलें बेझिझक दूर करें। अतिक्रमण के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए ध्यान रखें कि यह जनहित में लाभकारी हो। उन्होंने एसी नगर स्थित नाले के मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि ग्रेविटी के अनुसार नाले का फ्लो निश्चित किया जाए। जनहित को प्राथमिकता देते हुए सीवरेज की सफाई रात के समय सुनिचित करें।

### टूटी सड़कों व ओवरफ्लो नालों के लिए ठेकेदार को फटकार, मंत्री ने दी चेतावनी

हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के राज्य मंत्री राजेश नागर ने स्पष्ट एवं दृढ़ शब्दों में लापरवाही बरतने वाले एक ठेकेदार को बैठक के दौरान ही फटकार लगाई। साथ ही उन्होंने अपूर्ण अथवा अवरुद्ध कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पुनः सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्देश्य मात्र आंकड़ों में उपलब्धि दिखाना नहीं अपितु जनमानस को वास्तविक लाभान्वित करना होना चाहिए। मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि विलंबित विकास कार्यों का प्रभावशीलता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और देरी से पूर्ण हुई परियोजनाएं अक्सर उपयोगिता की दृष्टि से अप्रासंगिक हो जाती हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं आमजन की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं की विशेष समीक्षा की। नागर ने परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण नियमित रूप से करें और प्रत्यक्ष प्रगति को व्यवस्थित रूप से दस्तावेजीकरण करें।

### स्थानीय पार्षदों ने बताई क्षेत्र की समस्याए,मंत्री ने मांगी एक्शन रिपोर्ट

बैठक के दौरान स्थानीय पार्षद भी मंत्री राजेश नागर के साथ बैठक में उपस्थित रहे। क्षेत्रवार सभी अपनी समस्याएं बताई। इस पर मंत्री ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों से एक्शन रिपोर्टमांगी। इसके अलावा तारीख सुनिश्चित कर कार्य पूरे करने के निर्देश अधिकारियों दे दिए। उन्होंने मुख्य रूप से बादशाहपुर-इस्माइलपुर रोड, एत्मादपुर व सेक्टर 37, पल्ला सेहतपुर नाला के अलावा बेसहारा पशुओं से संबंधित मामलों पर बैठक के दौरान चर्चा की। नगर निगम अधिकारी गांव अनुसार सफाई कर्मी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार इन क्षेत्रों में लाइट व्यवस्था, सीवरेज व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।

## अधांतारित फिल्म को मिला सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री पुरस्कार

# मानव रचना में उभरते फिल्मकारों ने अपनी कलात्मक फिल्मों से दर्शकों का दिल जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज़ के मीडिया और कम्युनिकेशन स्टडीज़ विभाग द्वारा आयोजित 11वें वार्षिक छात्र फिल्म समारोह अवलोकन 2025 ने एक बार फिर उभरते फिल्म निर्माताओं को अपनी आवाज और अंदाज पेश करने का मंच दिया। इस वर्ष की थीम थी अनसुनी, अनकही और गुमनाम और इस थीम के अंतर्गत शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री और रील्स की श्रेणियों में आयोजको को देश भर से करीब 100 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इन फिल्मों में सामाजिक न्याय, हाशिए के समुदायों की आवाजें, व्यक्तिगत यात्राएं और सांस्कृतिक विरासत जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया।

शॉर्ट फिल्म श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार बेनट विश्वविद्यालय की शिवी गखेर की फिल्म लेडी बर्ड को मिला, जिसमें



बालिकाओं की शिक्षा और समान अवसरों की अहमियत को दर्शाया गया। डॉक्यूमेंट्री श्रेणी में, डीवाई पाटिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी की अनन्या कट्टी की फिल्म अधांतारित को सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री घोषित किया गया। इस फिल्म में पुणे के ऐतिहासिक भवनों की स्थिति पर रोशनी डाली गई। रील्स श्रेणी में मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल की देवांशी आहूजा और लावण्या लोगानी को उनकी प्रभावशाली कहानी कहने की शैली के लिए विजेता घोषित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी ने किया।

## ठग ने खुद को शिकायतकर्ता का भांजा बताया था

# रिश्तेदार बन फेक कॉल के जरिए ठगी करने के मामले में एक खाताधारक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

रिश्तेदार बनकर फेक कॉल के जरिए ठगी करने के मामले में साईबर थाना बल्लभगढ़ पुलिस ने एक खाताधारक को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना बल्लभगढ़ में सेक्टर-62 बल्लभगढ़ के रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि उसके पास 8 मार्च 2024 को एक कॉल आया, ठग ने खुद को शिकायतकर्ता का भांजा बताया जोकि यूएसए में रहता है। ठग ने कहा कि उसको वहां की पुलिस ने पकड़ लिया है जिसके लिए उसे 1.20 लाख रुपए की जरूरत है और बाद में लौटाने की बात कही। जिसके बाद शिकायतकर्ता ने ठग की बातों मे आकर अपनी बेटी और दामाद के खाता से 1.20 लाख रूपये ठग के पास ट्रांसफर करवा दिए। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में मामला दर्ज किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वसीम वासी गांव सकरी मुज्जफरपुर, बिहार हाल कापसहेडा दिल्ली को कापसहेडा से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सिलाई का काम करता है और पैसे के लालच में आकर इसने अपना खाता ठगों को दिया था। जिसके खाता में ठगी के 1 लाख रुपए आए थे। अधिक पुछताछ के आरोपी को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**सभी ईआई और बीपीएसी की अर्थिंग और सुरक्षा प्रणाली में सुधार**

**ई-निविदा सूचना सं. RN-ST-07-2025-26; दिनांक: 30-04-2025।** निम्नलिखित कार्यों के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:-** रंगिया मंडल में सभी ईआई और बीपीएसी की अर्थिंग और सुरक्षा प्रणाली में सुधार। निविदा मूल्य: ₹2,60,22,892.27; धरोहर राशि: ₹2,80,100.00। **ई-निविदा** 26-05-2025 को 15:00 बजे **बंद होगी** और 26-05-2025 को 15:30 बजे सीनि. डीएसटीई/रंगिया के कार्यालय में **खुलेगी**। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

**डीआरएम ( एसएंडटी )/रंगिया**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82(2)(ii) Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **कमल पुत्रः राम किशन, पताः** घुमक्कड़ लारेंड रोड़, दिल्ली और एन–17, सी/55, एफ ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, वजीरपुर, अशोक विहार, भारत नगर, दिल्ली ने **FIR No. 080004452/2024, U/s 380/411 IPC,** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कमल** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 080004452/2024, U/s 380/411 IPC,** थानाः केशव पुरम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **कमल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुरार**
**सुश्री दिव्या अरोड़ा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–4 (उ.–प.)**
**कमरा नं. 112, पहली मंजिल,**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/5479/NW/2025**
**(Court Matter)**

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of new gun metal liners, conversion of G.M liners and G.M casting bush. | 2025_HBC_444280_1 |
| 2. | Purchase of packing and jointing make Champion/Kalinger/Spitman. | 2025_HBC_444289_1 |
| 3. | Purchase of different type of special welding electrodes. | 2025_HBC_444294_1 |
| 4 | Reshelling and Deshelling of following rollers with grooving as per our drawings and specification. | 2025_HBC_444366_1 |
| 5. | Purchase of various items of General/store Items. | 2025_HBC_444388_1 |
| 6. | Rate contract of purchase of bearing and sleeves. (O.K.G/S.K.F/F.A.G make) | 2025_HBC_444392_1 |
| 7. | Purchase of C.S. and C.I. items i.e. trash plate and C.S. scrapper, C.S. Coupling, tail bar etc. | 2025_HBC_444395_1 |
| 8. | Dismantling, fabrication and erection of various type of jobs of the factory 2025-26. | 2025_HBC_444398_1 |
| 9. | Regarding repairing, overhauling of mill turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_444403_1 |
| 10. | A.M.C. of Mills Automation and Three Element System for both boilers including PLC,SCADA, P.H. Meters, Mass Flow meter, imbibition (flow temperature and level) Control, flow meter of of E.T.P. and Auto Pan Feed System | 2025_HBC_444407_1 |
| 11. | Rate contract for dynamic balancing and various job work (i) Dynamic balancing of I.D. fan (02 nos.), F.D. fan (2 nos.), S.A. fan (2 nos.), P.A. fan (1 no.), Cane Cutter (2 nos.), Cane Kicker (1 no.) and bagasse cello blower fan (1no.) fibrizer (1 no.) at factory site. (ii) Thickness checking of boiler tubes, super heater coils and other pipe lines and vessels etc. of the factory. (iii) Ultra sonic testing, D.P. tes, Magnetic particle test of various shaft of Mill house, Boiler, Boiling House, C/f House & Power House etc. (iv) Dynamic Balancing and repairing of baskets with hood of Wal Chand Nagar V-1250 c/f machines and NHEC Batch Type Machine. (v) Dynamic balancing & repairing of NHEC Nk-1100 continuous machine parts | 2025_HBC_444411_1 |
| 12. | Purchase of domite tip size 90 x 90 mm. U type with H.T. Bolt 7/8" x 45 mm. long and lock washer of fibrizer. | 2025_HBC_444416_1 |
| 13. | Purchase of spares for Hydraulic governor (BURNT) of mill Turbine S.S. -26 Make Europa. | 2025_HBC_444419_1 |
| 14. | Regarding repairing, overhauling and purchase of spares and fitting of feed pump turbo/turbine DOH-17 (AP BELLIS MAKE) | 2025_HBC_444421_1 |
| 15. | Reconditioning work of Internal parts of mill turbine reduction gear box (600 HP, Allen berry make) | 2025_HBC_444424_1 |
| 16. | PURCHASE OF PINION SHAFT OF GEAR BOX OF NEW ALLEN BERRY MAKE 02 NOS | 2025_HBC_444435_1 |
| 17 | Construction of CC Roads | 2025_HBC_444445_1 |
| 18 | Dismantling, repairing and fitting of cane cutter assembly along with trial and purchase of new hubs. | 2025_HBC_444474_1 |
| 19 | Regarding Upgrading/Purchase the Electroflux Magnet at Mill House. | 2025_HBC_444476_1 |
| 20. | Replacement of Old dilapidated columns, trusses and purlins in boiling house. | 2025_HBC_444479_1 |
| 21. | Purchase of S.S. Tube | 2025_HBC_444369_1 |
| 22. | Replacement of leaky and damaged SS tubes of juice heaters, evaporator bodies, FFE's and pans. | 2025_HBC_444373_1 |
| 23. | Contract of Chipping, Cleaning & Painting various jobs of off season 2025-26 | 2025_HBC_444375_1 |
| 24. | AMC of online water effluent and air stack emission monitoring system for crushing season 2025-26 for data transfer by mill server to CPCB/HSPCB. | 2025_HBC_444378_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 09.05.2025 at 09:30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 12.05.2025 at 09:30 A.M. and the negotiation will be held on 13.05.2025 at 11:00 AM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.
Sd/- Managing Director,

Sd/- Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.. Sonipat

## नशा तस्कर को क्राइम ब्रांच टीम ने दबोचा, 5.53 ग्राम स्मैक बरामद

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने आरोपी रोहित को नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 1 मई को क्राइम ब्रांच बॉर्डर की टीम ने गस्त के दौरान गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी रोहित निवासी हाल प्रसाद नगर बदरपुर बॉर्डर को सेक्टर 37 नजदीक बाईपास रोड फरीदाबाद के पास से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 5.53 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। जिसके खिलाफ पुलिस थाना सराय ख्वाजा में नशा तस्करी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह नशा करने का आदी है तथा 5.53 ग्राम स्मैक 8000 रुपए में जैतपुर दिल्ली से किसी व्यक्ति से खरीद कर लाया था।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद सोहना | वार्ड नं. 1 एम.सी. सोहना रामनगर में राजस्व रास्ता से बंटी के मकान से सुभाष के मकान तक रोड का निर्माण + 42 कार्य। | 30.04.2025 09.05.2025 | 930.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8750551500 eo-sohna@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/34407/1/88/7 दि. 02.05.25

गंगा एक्सप्रेसवे पर पहली बार सुनाई दी राफेल लड़ाकू विमान की प्रचंड गर्जना

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक्सप्रेसवे पर 'टच एंड गो' अभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पिछले महीने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद तीनों सशस्त्र सेनाएं अपनी सैन्य-सामरिक तैयारी को पूरी तरह से चाक-चौबंद बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। भारतीय सेना नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दुश्मन की नापाक फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब दे रही है, नौसेना समुद्री क्षेत्र (अरब सागर) में फायरिंग अभ्यास में जुटी हुई है। जबकि वायुसेना अपने विभिन्न प्रकार के युद्धाभ्यासों के जरिए अपनी जंगी तैयारी को मुकम्मल बनाए हुए है।

अब वायुसेना के इन हवाई अभ्यासों में उत्तर-प्रदेश के शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को दिन और रात के समय पर हुआ 'टच एंड गो' युद्धाभ्यास भी शामिल हो गया है। जिसमें पहली बार भारत द्वारा फ्रांस से खरीदे गए राफेल लड़ाकू विमानों की प्रचंड गर्जना सुनाई दी। सूत्रों ने कहा कि यह अभ्यास युद्ध या राष्ट्रीय आपातकाल के समय पर वैकल्पिक रनवे के रूप में एक्सप्रेसवे की क्षमता का आकलन करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। यहां बता दें कि गंगा एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई करीब 594 किलोमीटर है और ये एक छह लेन का हाइवे है। लेकिन वायुसेना के विमानों के युद्धाभ्यास के दौरान एक्सप्रेसवे पर बनाई गई 3.5 किलोमीटर लंबी एयर स्ट्रिप का ही प्रयोग किया गया। वायुसेना ने कहा कि यह उसका एक नियमित युद्धाभ्यास है। जो बल की रणनीतिक तैयारी को मजबूती प्रदान करने में सहायक साबित होगा

**एयर मार्शल तिवारी ने संभाला उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में अपना कार्यभार**

### पश्चिमी सीमा पर फुलप्रूफ तैयारी

पाकिस्तान से लगी पश्चिमी सीमा पर भी वायुसेना की तैयारी फुलप्रूफ बनी हुई है। उसके जंगी बेड़े में शामिल विमान लगातार अपनी नियमित उड़ानों के जरिए इलाके के पार दुश्मन की हर हरकत पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। यही स्थिति समान रूप से भारत की बाकी सीमाओं पर भी है। यहां बता दें कि मौजूदा समय में भारत ने



### दिन-रात के समय किया गया अभ्यास

*सूत्रों ने कहा कि टच एंड गो युद्धाभ्यास में वायुसेना के लगभग सभी प्रकार के लड़ाकू विमान शामिल हुए। जिसमें अत्याधुनिक और साढ़े चार पीढ़ी के राफेल से लेकर सुखोई-30 एमकेआई, जगुआर, मिराज-2000 और मिग-29 लड़ाकू विमान शामिल हैं। इसके अलावा एएन-32 और सी-130जे सुपर हरक्यूलिस जैसे परिवहन विमान और एमआई-17वी5 हेलिकॉप्टर ने भी अभ्यास में भाग लिया। टच एंड गो के दौरान यह सभी विमान एयरस्ट्रिप पर पूरी तरह से लैंड नहीं हुए। बल्कि उन्होंने एयरस्ट्रिप की जमीन को बिना छुए हुए आगे की उड़ान भरी। फिलहाल इस युद्धाभ्यास की अवधि एक दिन की ही थी। इससे पहले सेंट्रल सेक्टर में वायुसेना ने आक्रमण युद्धाभ्यास किया था। जल्द ही बल द्वारा ध्रुवतारा अभ्यास भी किया जा सकता है।*

### उप वायुसेनाप्रमुख ने संभाला कार्यभार



उधर, 2 मई को नए उप वायुसेनाप्रमुख के रूप में एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। यह जिम्मेदारी उन्होंने पूर्व उप वायुसेनाप्रमुख एयर मार्शल एसपी धारकर की जगह पर संभाली है। जो बीते 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए थे। वायुसेना ने एक्स पोस्ट में बताया कि एयर मार्शल तिवारी वायुसेना की लड़ाकू शाखा में वर्ष 1986 में कमीशन हुए थे। उप वायुसेनाप्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले वह बल की गांधीनगर मुख्यालय वाली दक्षिण-पश्चिमी कमांड के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे हैं। प्रेजिडेंट गोल्ड मेडल के साथ उन्होंने अपनी एनडीए की पढ़ाई पूरी की है। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी के पास बतौर लड़ाकू विमान पायलट के रूप में कुल 3 हजार 600 घंटे की हवाई उड़ान की व्यापक अनुभव है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने रामजीलाल सुमन का घर घेरा



**अलीगढ़।** जिले के सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर को पुलिस ने घेर लिया है। सांसद ने आरोप लगाया कि उन्हें हाउस अरेस्ट कर दिया गया है। अलीगढ़ में दबंगों की पिटाई और पुलिसिया कार्रवाई से पीड़ित दलित परिवारों से सुमन मिलने जाने वाले थे। पुलिसिया कार्रवाई के खिलाफ सांसद फिलहाल धरने पर बैठ गए हैं।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराई कार, 3 बारातियों की मौत



**पीलीभीत।** जिले के पूरनपुर क्षेत्र में घाटमपुर गांव के पास बृहस्पतिवार की रात भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली से बरातियों की कार टकरा गई। हादसे में मासूम भाई-बहन समेत तीन बरातियों की मौत हो गई। पांच लोग घायल हुए हैं। हादसे की खबर सुनकर शादी समारोह में आए मेहमान स्तब्ध रह गए। वहीं मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया।

2023-2024 की तुलना में 2024-2025 में वृद्धि दर करीब 10% रही

# 20230 तक निर्यात को बढ़ाकर तीन गुना करेगी योगी सरकार, खेतीबाड़ी की होगी अहम भूमिका

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने की है। निर्यात बढ़ाने के इस लक्ष्य में खेतीबाड़ी की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय स्तर के निर्यात के आंकड़े भी यही कहते हैं।

यूपी सरकार का लक्ष्य वर्ष 2030 तक निर्यात को तीन गुना करने की है। निर्यात बढ़ाने के इस लक्ष्य में खेतीबाड़ी की अहम भूमिका होगी। राष्ट्रीय स्तर के निर्यात के आंकड़े भी यही कहते हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक कोविड-19 के बाद से ही कृषि एवं खाद्य पदार्थों के नर्यात में लगातार वृद्धि हुई है। 2023-2024 की तुलना में 2024-2025 में वृद्धि की यह दर करीब 10 फीसद रही। कई फलों एवं सब्जियों को नए बाजार मिले। वैश्विक स्तर की बेहतरीन कनेक्टिविटी और देश के इकलौते अंतरराज्यीय जलमार्ग (प्रयाग से हल्दिया) के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों से खाड़ी के देशों को सब्जियों के निर्यात में वृद्धि हुई है। वैसे तो सेहत का सेक्टर शुरू से सर्वोपरि रहा है, पर कोविड के बाद यह क्रेज के रूप में उभरा है।

**खास बातें**

- लोगों के फूड बिहेवियर में आमूलचूल बदलाव आया
- सरकार का फोकस कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर है

### अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जेवर के पास एक्सपोर्ट हब विकसित

लोगों के फूड बिहेवियर में आमूलचूल बदलाव आया है। यूरोप और अमेरिका में ऑर्गेनिक उत्पादों की मांग बढ़ी है। इन देशों के निर्यात के मानक उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर बेहद सख्त हैं। इसलिए योगी सरकार निर्यात के मानकों को सुनिश्चित करने के लिए एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट (जेवर) के पास एक्सपोर्ट हब विकसित कर रही है। इस हब में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक प्रयोगशाला भी होगी।



### यूपी एग्रीज जैसी योजनाएं आने वाले दिनों में निर्यात बढ़ाने में मददगार होंगी

*गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ सरकार का फोकस कृषि विविधीकरण और प्राकृतिक खेती पर भी है। समूचे बुंदेलखंड, गंगा के बहाव क्षेत्र में उसके दोनों किनारों पर प्राकृतिक खेती तो पहले से हो रही है। अब तो क्रमबद्ध तरीके से सरकार इसे पूरे प्रदेश में प्रोत्साहित कर रही है। विश्व बैंक के सहयोग से बुंदेलखंड और पूर्वांचल पर केंद्रित यूपी एग्रीज जैसी योजनाएं भी आने वाले दिनों में निर्यात बढ़ाने में मददगार होंगी। इस सेक्टर के जरिए निर्यात बढ़ाने के लिए उत्तर प्रदेश की संभावनाएं कई वजहों से बढ़ जाती हैं। मसलन दुनिया की सबसे उर्वर भूमि इंडो गंगेटिक बेल्ट का सर्वाधिक हिस्सा उत्तर प्रदेश में ही है।*

### अधिक आबादी वाला प्रदेश होने के कारण अपेक्षाकृत श्रम है सस्ता

गंगा, यमुना, सरयू जैसी नदियों में वर्ष पर्यंत पानी रहता है। सिंचित क्षेत्र का योगी सरकार लगातार विस्तार कर रही। नौ तरह के कृषि जलवायु क्षेत्र, हर तरह की फसल, सब्जी और फल के लिए इसे उपयुक्त बनाते हैं। देश का सबसे अधिक आबादी वाला प्रदेश होने के कारण श्रम भी अपेक्षाकृत सस्ता है। इन्हीं खूबियों की वजह से यूपी कई खाद्य पदार्थों व फलों एवं सब्जियों के उत्पादन में देश में नंबर एक पर है। मुख्यमंत्री भी कहते हैं कि प्रकृति और परमात्मा की असीम अनुकंपा की वजह से उत्तर प्रदेश देश का फूड बास्केट बन सकता है। इन्हीं संभावनाओं की वजह से सरकार ने निर्यात का जो लक्ष्य रखा है उसमें इस सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। सरकार इन संभावनाओं को अमली जामा पहनाने के लिए किसानों और बागवानों की बीज से लेकर बाजार तक हर संभव मदद भी कर रही है।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025

# ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया शुरू, 30 जून तक सभी जिलों में पूरा करने का टास्क



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को देखते हुए शुक्रवार से ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले चरण में 13 जिलों किशनगंज, सहरसा, पूर्णिया, बांका, दरभंगा, नालंदा, बेगूसराय, गया, पूर्वी चंपारण, सारण, सिवान, पटना और सीतामढ़ी में एफएलसी कार्य आरंभ किया गया है। 30 जून तक राज्य के सभी 38 जिलों में चरणबद्ध रूप से इस प्रक्रिया को पूर कर लिया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक एफएलसी प्रक्रिया का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (इसीआईएल) की 13 विशेषज्ञ टीमों द्वारा किया जा रहा है, जिनमें कुल 189 इंजीनियरों को प्रतिनियुक्त किया गया है।

### अधिकृत प्रतिनिधियों को ही निरीक्षण की अनुमति

अधिकारियों ने बताया कि एफएलसी की प्रक्रिया को पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला स्तरीय प्राधिकृत प्रतिनिधियों को एफएलसी शेड्यूल की जानकारी दो दिन पूर्व ही दी जाएगी। केवल अधिकृत प्रतिनिधियों को ही एफएलसी स्थलों पर उपस्थित होकर निरीक्षण की अनुमति होगी। उनके लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा पहचान-पत्र जारी किए जाएंगे।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी ने मंच...

में पडे शशि थरूर ने कांग्रेस आलाकमान से अपने लिये जब सीधे सवाल कर पूछा था कि हमारी पार्टी में क्या उपयोगिता है उसी के बाद से कयासों का बाजार गरम है कि देर सबेर शशि थरूर कांग्रेस से विदा हो सकते हैं। ये बात अलग है कि थरूर के तेवर से कांग्रेस संसदीय दल की अकड कुछ ढीली हुई। उन्हें लोकसभा में कुछ विषयों पर बोलने का मौका पार्टी ने दिया। ये बात अलग है कि थरूर में लोकसभा में नेता बनने के इच्छुक थे। वहां से चूके वे केरल में बडी जिम्मेदारी चाहते थे। कांग्रेस पार्टी उन्हें मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करे, ऐसी ख्वाहिशें भी उनकी थी। ये सब अब तक हो न सका।

### दोनों देशों के मध्य...

अंतरराष्ट्रीय शांति परिषद का अधिदेशः यूनान के राजदूत ने कहा, यदि भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति में सुधार नहीं होता है तो हमें यूएनएससी की असाधारण बैठक बुलानी पड़ सकती है। ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि 'अंतरराष्ट्रीय शांति' सुरक्षा परिषद के अनिवार्य अधिदेश में शामिल है। परिषद ने पिछले अप्रैल महीने में पहलगाम हमले और आतंकवाद के किसी भी रूप की चाहे वो कहीं पर भी हो कड़ी निंदा की थी। साथ ही भारत और नेपाल के नागरिकों की दुखद मौत को लेकर संवेदनाएं प्रकट की हैं। इसमें यूनान भी शामिल था। सेकेरिस ने यह भी कहा कि पाकिस्तान यूएनएससी का एक निर्वाचित सदस्य है। ऐसे में अगर हमारे पास बैठक को लेकर कोई अनुरोध आता है तो हम उसके लिए बेहद ग्रहणशील हैं। सुरक्षा परिषद में अगर बैठक होगी तो हम उसमें बहस करेंगे। जनादेश के प्रति वफादारी इसके पीछे की वजह रहेगी।

**यूं बयान से हटाया गया 'टीआरएफ' का नामः** सेकेरिस ने परिषद के बयान में पहलगाम हमले की जिम्मेदारी लेने वाले लश्करे-तैयबा के छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) का नाम शामिल करने से जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि किसी भी पाठ के प्रेस वक्तव्य में वार्ता के विभिन्न चरणों पर टिप्पणी संभव नहीं है। क्योंकि वास्तव में यह एक आंतरिक दस्तावेज है। मेरे तर्क के साथ प्रेस वक्तव्य इसलिए जारी किया गया क्योंकि सुरक्षा परिषद का सदस्य देश होने के नाते जो कि इस संघर्ष का हिस्सा है। तो उस हिसाब से आप एक अन्य परिणाम की उम्मीद कर सकते हैं।

दोनों देशों के संपर्क में यूनानः उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ यूनान के द्विपक्षीय संबंध हैं। हमले के बाद हाल ही में भारत और यूनान के विदेश मंत्रियों के बीच बातचीत हुई है। पाकिस्तान के साथ हम परिषद में सहयोग कर रहे हैं। लेकिन फिर भी भारत-पाकिस्तान जैसे दो बड़े देशों के बीच तनाव बढ़ना चिंता का कारण है। यहां ये भी सच है कि भारत, पाकिस्तान से कहीं अधिक बड़ा देश है। लेकिन दोनों यूनान से तो बड़े हैं ही। आकार और घनत्व एक अलग तरह का मसला है। हम तनाव को खत्म करने और बातचीत के पक्ष में हैं। जिससे हालात और अधिक न बिगड़ें।

यूएनएससी में चर्चा से बढ़ेगी भारत की चिंताः विदेश मामलों के वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार ने कहा कि पहलगाम हमले को लेकर आतंकवाद के मामले पर सुरक्षा परिषद में चर्चा होना भारत के लिए एक बहुत अहम अवसर होगा। लेकिन यहां मामला सीधे पाकिस्तान से जुड़ा हुआ है और परिषद में उसका सबसे बड़ा मित्र और स्थायी सदस्य देश चीन मौजूद है। इसलिए अगर इस वैश्विक मंच पर कोई चर्चा होती है तो अंत में इस बात की पूरी संभावना है कि चीन परिषद के बयान में पाकिस्तान और पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े उसके पाले हुए आतंकी संगठन लश्करे-तैयबा या टीआरएफ का नाम बयान में शामिल न होने दे। ये एक प्रकार से वैश्विक मंच पर चीन,पाकिस्तान की जीत और भारत की कूटनीतिक हार के समान होगा। दूसरी ओर पाकिस्तान आतंकवाद के नाम पर कश्मीर के मुद्दे को भी उक्त चर्चा का भाग बना सकता है। जिससे उसे कश्मीर के मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण करने में सफलता मिल जाएगी। जो कि भारत के लिए शिमला समझौते के तहत अब तक एक द्विपक्षीय मामला बना हुआ है।

### पाकिस्तानी एयरस्पेस ...

करना पड़ सकता है। यह नुकसान अधिक ईंधन खपत, लंबे मार्गों, और अतिरिक्त चालक दल की लागत के कारण है। एयर इंडिया ने भारत सरकार सेआ इस आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सब्सिडी मॉडल लागू करने की मांग की है। उत्तरी भारत (दिल्ली, अमृतसर, लखनऊ) से यूरोप, उत्तरी अमेरिका, और मध्य पूर्व जाने वाली उड़ानों को अब अहमदाबाद और मुंबई के ऊपर से अरब सागर के रास्ते जाना पड़ रहा है, जिससे उड़ान समय 1 से 4 घंटे तक बढ़ गया है। टिकट महंगी हो जाने की वजह से इसका असर यात्रियों पर भी पड़ रहा है।

भारत के लिए पाक द्वारा उठाये गये कदम का उल्टा असर उपाकिस्तान पर पडने लगा जब प्रमुख विदेशी एयरलाइंसों ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान एयर स्पेस केउपयोग से खुद ही परहेज शुरू कर दिया। पाकिस्तान पहले से ही आतंकवाद, आर्थिक संकट, और राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। इस्लामाबाद और लाहौर के बीच 28-30 अप्रैल, तक घरेलू उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने और पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा नो-टैम जारी करने से विदेशी एयरलाइनों का भरोसा और कम हुआ है। विदेशी एयरलाइनें, विशेष रूप से यूरोप, मध्य पूर्व, और उत्तरी अमेरिका से ऑपरेट होने वाली एयरलाइंस अब ईरान, अफगानिस्तान, या मध्य एशियाई देशों के हवाई क्षेत्र वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर रही हैं। ये हवाई मार्ग लंबे हो सकते हैं, लेकिन सुरक्षा को प्राथमिकता देने के लिए एयरलाइनें इन्हें चुन रही हैं।

हर देश अपने हवाई क्षेत्र के उपयोग के लिए एयरलाइनों से 'ओवरफ्लाइट फीस' वसूलता है। पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का बड़े पैमाने पर उपयोग करने वाला भारत एकमात्र देश है। अनुमान के मुताबिक, पाकिस्तान को भारतीय उड़ानों से प्रति माह 30-40 करोड़ रुपये की कमाई होती थी। 2019 में बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद हवाई क्षेत्र बंद करने से पाकिस्तान को करीब 688 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इस बार भी, यदि हवाई क्षेत्र लंबे समय तक बंद रहा, तो पाकिस्तान को सालाना 250 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो सकता है। विदेशी एयरलाइनों के परहेज करने से यह नुकसान और बढ़ सकता है। पाकिस्तान को अन्य देशों की उड़ानों से भी ओवरफ्लाइट फीस मिलती थी। बहरहाल, पाकिस्तान द्वारा भारतीय उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने का फैसला दोनों देशों के लिए नुकसानदायक साबित हो रहा है, लेकिन पाकिस्तान को इसका अधिक खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। विदेशी एयरलाइनों का पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र से परहेज करना पाकिस्तान की आर्थिक मुश्किलों को और बढ़ा सकता है, क्योंकि ओवरफ्लाइट फीस और पीआईए की आय में कमी से उसकी पहले से कमजोर अर्थव्यवLथा पर दबाव बढ़ेगा। दूसरी ओर, भारत भी आर्थिक और परिचालन चुनौतियों का सामना कर रहा है, लेकिन उसका विमानन बाजार और वैकल्पिक उपाय इस नुकसान को कुछ हद तक कम कर सकते हैं। यह स्थिति दोनों देशों के बीच तनाव को और गहरा कर रही है, और जब तक कूटनीतिक स्तर पर कोई समाधान नहीं निकलता, तब तक विमानन क्षेत्र और यात्रियों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### पहलगाम हमले पर ...

है। उप्र के शाहजहांपुर स्थित गंगा एक्सप्रेसवे पर भारतीय लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट ने डरे हुए पाकिस्तान को और अधिक डरा दिया है। यहां आधा दर्जन से अधिक लड़ाकू विमानों ने अभ्यास किया,जिसमें राफेल,एसयू-30, एमकेआई, मिराज-2000,मिग-29,जगुआर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस, एएन-32 के अलावा एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर शामिल रहे।

**पाक पीएम सहित क्रिकेटरों के अकाउंट ब्लॉकः** पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत ने शुक्रवार को पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का ऑफिशियल यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया। इसके अलावा क्रिकेटर बाबर आजम, हारिस रऊफ, मोहम्मद रिजवान और शाहीन अफरीदी के इंस्टाग्राम अकाउंट भी बंद कर दिए हैं।

**डरे हुए पाकिस्तान में इमरजेंसी जैसे हालात**...होटल और मदरसे किए बंदः पाक अधिकृत कश्मीर में भी हड़कंप मचा हुआ है और वहां के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर-उल-हक ने संकेत दिए हैं कि यदि हालात बिगड़ते हैं तो क्षेत्र में आपातकाल लागू किया जा सकता है। नीलम घाटी और नियंत्रण रेखा के निकटवर्ती संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। भारत की संभावित सैन्य कार्रवाई की आशंका के बीच सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर नीलम घाटी और नियंत्रण रेखा (एलओसी) के निकटवर्ती संवेदनशील इलाकों में पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही धार्मिक मदरसों को 10 दिनों के लिए बंद करने का आदेश भी दिया गया है।

### मुस्लिम पक्ष ने कहा...

मुस्लिम पक्ष ने कही ये बातः इस बीच, मुस्लिम पक्ष की ओर से जमील मर्चेंट और मौलाना अरशद मदनी ने जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार ने अपने जवाब में नागरिकों को प्राप्त संवैधानिक अधिकारों की गलत व्याख्या की है। याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2020 के मोहम्मद सलीम बनाम भारत सरकार फैसले का हवाला देते हुए कहा कि धार्मिक अधिकारों की व्याख्या पहले ही स्पष्ट की जा चुकी है। इसके बावजूद सरकार कानून को उचित ठहराने की कोशिश कर रही है, जो अनुचित है।

**केंद्र सरकार ने लगाया था भ्रम फैलाने का आरोपः** वहीं, इससे पहले सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव शेरशा सी शेख मोहिद्दीन ने सुप्रीम कोर्ट में 1,332 पृष्ठ का जवाब दिया था। सरकार ने स्पष्ट किया कि वह अधिनियम के किसी भी प्रावधान पर अदालत द्वारा रोक लगाने का विरोध करती है और यह तर्क दिया कि अदालत को केवल अंतिम निर्णय देना चाहिए, न कि कानून पर रोक लगाना।

**केंद्र सरकार ने दिया था यह आश्वासनः** सरकार ने आरोप लगाया कि एक "जानबूझकर भ्रामक कथा" रची जा रही है जिससे यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि बिना दस्तावेजों वाले वक्फ इस संशोधन से प्रभावित होंगे। केंद्र सरकार की ओर से दिये गये जवाब में कहा गया था कि 'वक्फ-बाय-यूजर' को मान्यता देने के लिए यह जरूरी है कि उनका पंजीकरण 8 अप्रैल, 2025 तक हो गया हो।

### धर्म बदलकर एससी...

भी आलोचना की। जस्टिस हरिनाथ ने रामीरेड्डी और अन्य के खिलाफ मामला खारिज करते हुए कहा कि आनंद की शिकायत में कानूनी आधार नहीं है।

**क्या है मामला** : आंध्र प्रदेश के गुंटूर जिले में कोट अपलेम कस्बे के रहने वाले पादरी चिंतदा आनंद ने अक्कला रामीरेड्डी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराई थी। आनंद दशक भर से पादरी हैं। 2021 में दर्ज शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया गया था कि अक्कला रामीरेड्डी और अन्य लोगों ने जाति के आधार पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कर लिया।

**कोर्ट ने दिया ये आदेशः** कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। इसके बाद कोर्ट ने आदेश देते हुए कहा, अनुसूचित जाति के व्यक्ति जो हिंदू धर्म के अलावा कोई अन्य धर्म अपनाते हैं, वे अपना अनुसूचित जाति का दर्जा खो देते हैं। लिहाजा, एससी/एसटी एक्ट के तहत दायर की गई शिकायत अमान्य है। जस्टिस हरिनाथ ने स्पष्ट किया कि एससी/एसटी कानून समुदायों को भेदभाव से बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसके प्रावधान उन लोगों पर लागू नहीं होते जिन्होंने दूसरा धर्म अपना लिया है।

### सीएम ने आत्मसमर्पित....

विजय शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह भी कार्यक्रम में मौजूद थी।

आवास योजना के लिए दी बधाईः प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण विशेष परियोजनान्तर्गत आत्म समर्पित नक्सलियों व नक्सल हिंसा से प्रभावित 2500 हितग्राहियों को आवास निर्माण की राशि अन्तरण हेतु कार्यक्रम में बस्तर जिले के दो हितग्राहियों से मुख्यमंत्री ने संवाद कर आवास योजना के लिए बधाई दी।

**नक्सलियों ने बेटे की कर दी थी हत्याः** जिला कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर जिले के लोहांडीगुड़ा विकासखंड के नक्सल पीड़ित मिनकेतन ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि अलनार बाजार में नक्सलियों द्वारा उनके बेटे की हत्या की गई थी। अभी परिवार में चार सदस्य हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के विशेष परियोजना के तहत आवास की पहली किश्त की राशि चालीस हजार मिलने की जानकारी देते हुए मिनकेतन को बधाई दी। साथ ही 2014 में आत्मसमर्पित किए हुए परदेसी को भी मुख्यमंत्री ने बधाई दी। मुख्यमंत्री ने परदेशी से जीवनयापन के लिए क्या करते हैं का सवाल किया तो उन्होंने बताया कि खेती किसानी करते हैं।

### कपाट खुलते ही हर...

कल खुलेंगे बद्री विशाल के कपाटःइस दौरान सीएम धामी ने कहा कि चार धाम यात्रा 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर शुरू हो गई है। 4 मई को भगवान बद्री विशाल के कपाट भी खुल जाएंगे और यात्रा पूरे जोर-शोर से शुरू हो जाएगी। हमने यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुरक्षित हो और उन्हें यात्रा के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े और इसके लिए हमने उचित व्यवस्था की है।

### श्रद्धालुओं को वितरित...

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। आयोजन में शामिल देश-दुनिया के तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को पहाड़ के पारंपरिक गढ़ भोज के रूप में भट्टू की दाल और भात परोसा जाएगा।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने की मांग

# डॉ.आंबेडकर प्रतिमा तोड़ने वालों पर कार्रवाई करे भाजपा सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार को आंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया है कि भाजपा के लोग ही आंबेडकर की प्रतिमाएं तोड़ रहे हैं इसलिए वो कार्रवाई किस पर करें। यह जवाब उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में आंबेडकर प्रतिमाएं तोड़े जाने के सवाल पर दिया। अखिलेश यादव शुक्रवार को लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) ने भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति को खत्म कर दिया है। इसलिए अब भाजपा नफरती राजनीति पर उतर आई है। भाजपा का वोट कम हो रहा है। लोग महंगाई और बेरोजगारी के सवालों को उठा रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि मदरसों को अवैध बताकर बंद किया जा रहा है। अगर वो अवैध हैं या अवैध जमीन पर बने हैं तो पहले क्यों नहीं रोका गया। अगर नक्शा पास नहीं करवाया गया तो उसकी भी व्यवस्था है लेकिन भाजपा अपने वोट बैंक को बचाने के लिए अब नफरत की राजनीति कर रही है।

# आतंकवाद के खिलाफ संगोष्ठी आयोजित



**रोहतक।** नागरिक मंच, रोहतक द्वारा सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 3 में आयोजित आतंकवाद विरोधी संगोष्ठी की अध्यक्षता सुखबीर माथुर ने की। संगोष्ठी की शुरुआत करते हुए लाभ सिंह हुड्डा, संयोजक, नागरिक मंच ने सभी प्रतिभागियों से आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि देने की अपील की। तत्पश्चात राजबीर बजाड़ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए एकजुट रहने की अपील की। दीपक मलिक ने कहा कि इस प्रकार की चर्चाएं जगह-जगह पर करते हुए लोगों में भाईचारा बनाए रखने की ज़रूरत है। चंचल नांदल ने सोशल मीडिया पर मुसलिम समुदाय के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार को रोकने की अपील की। सुरेंद्र मलिक ने सरकार को अमरीका के दबाव में बताया और कहा कि छोटे देश भी ट्रंप की टैरिफ नीति का मुकाबला कर रहे हैं लेकिन भारत की सरकार इस पर कुछ भी नहीं कह रही है। आतंकी हमले की चूक को तो मान लिया गया लेकिन आतंकियों को पकड़ा नहीं जा सका है। प्रमोद गौरी ने सभा में प्रस्ताव रखा कि हमें इस समय पूरे देश को एकजुट रहने की अपील करनी चाहिए। बैठक में कैप्टन शमशेर सिंह मलिक, कदम सिंह अहलावत, महिपाल गिल , सुखबीर हुडा, सुखबीर किन्ना, सविता मलिक आदि ने भी विचार रखे। संगोष्ठी का संचालन नागरिक मंच के संयोजक लाभ सिंह हुड्डा ने किया। सुखबीर माथुर ने अध्यक्षता करते हुए सबका आह्वान किया कि हर व्यक्ति को देश हित का ध्यान रखते हुए किसी तरह की सांप्रदायिक नफरत की बात नहीं करनी चाहिए। संगोष्ठी में नूरानी मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष हरीश ठेकेदार, डॉक्टर रणबीर दहिया, अन्य बुद्धिजीवी, महिला कार्यकर्ता तथा आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारी भी शामिल रहे।

वेव्स समिट 2025

# हॉलीवुड नहीं जाएंगी करीना बोलीं- 'भटिंडा की सिखनी हूं'



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में कई स्टार्स हैं जिन्होंने हॉलीवुड में भी काम किया है। तो वहीं कई ऐसे भी हैं जो हॉलीवुड में काम करने की इच्छा जता चुके हैं। हालांकि, बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री करीना कपूर का ऐसा कहना है कि वो बॉलीवुड में काम करके खुश हैं और उन्हें हिंदी गानों पर डांस करने में बहुत मजा आता है। करीना कपूर ने ये बातें मुंबई में चल रहे वेव्स समिट 2025 में हिस्सी लेने के दौरान कहीं। चार दिवसीय वेव्स समिट के दूसरे दिन अभिनेत्री करीना कपूर भी इस इवेंट का हिस्सा बनीं और उन्होंने कई मुद्दों पर बात करते हुए अपनी राय रखी।

अभिनेत्री के साथ करण जौहर ने चर्चा की, जहां उन्होंने हिंदी सिनेमा को लेकर खुलकर अपने विचार रखे। इस दौरान करण जौहर ने करीना कपूर को 'कॉफी विद करण' में उनके द्वारा बॉलीवुड कलाकारों के हॉलीवुड में काम करने पर दिए गए बयान को दोहराया और उससे जुड़ा सवाल किया। करीना ने शो में कहा था कि 'सब बस पकड़-पकड़ के हॉलीवुड जा रहे हैं।' उनके इस बयान को याद दिलाते हुए करण ने वेव्स में करीना से हॉलीवुड की योजनाओं के बारे में पूछा। इसका जवाब देते हुए करीना ने कहा, "मैं तो यहीं पे हूं। मैं अपनी भारतीय फिल्मों और अभिनय से बहुत खुश हूं। बड़ा मजा आता है हमारे हिंदी फिल्मी गानों पर डांस करने में। बड़ा मजा आता है हिंदी डायलॉग बोलने में। भटिंडा की सिखनी हूं भाई।"

### हर लड़की को बोलना चाहिए 'मैं अपनी फेवरेट हूं'

*आगे करण जौहर ने करीना के 'जब वी मेट' के मशहूर डायलॉग 'मैं अपनी फेवरेट हूं' को लेकर बात की। जिस पर करीना ने कहा, 'यह लाइन हर महिला को खुद से प्यार करने की याद दिलाती है। ये लाइन बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि हर लड़की, हर महिला को हमेशा यह लाइन बोलनी चाहिए कि मैं अपनी फेवरेट हूं बॉस। मुझे लगता है कि यह सबसे अच्छी बात है।' वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर आखिरी बार पिछले साल दीपावली पर आई रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थीं। करीना अब अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं।*

# श्रद्धा ने एडम मोसेरी का मुंह कराया मीठा, खिलाई घर पर बनी पूरन पोली



**मुंबई।** 'वेव्स 2025' का आगाज 1 मई को हो गया है। इस समिट में सिनेमा की दुनिया की कई दिग्गज हस्तियां शिरकत कर रही हैं। कार्यक्रम के दूसरे दिन आमिर खान और करीना कपूर खान के बाद, श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के प्रमुख एडम मोसेरी के साथ बातचीत की। इस दौरान श्रद्धा कपूर ने मोसेरी के साथ जेन जेड कंटेंट का उपभोग कैसे करते हैं विषय पर चर्चा की। अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने एडम मोसेरी का स्वागत पूरन पोली खिलाकर किया। सत्र शुरू होने से पहले अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम के हेड एडम मोसेरी का स्वागत किया। अभिनेत्री उनके लिए घर का बना पूरन पोली लेकर आईं। अभिनेत्री ने कहा, 'मुझे पता है कि आप फैंसी जगहों पर खाना खा रहे हैं और आपने भारतीय भोजन का स्वाद चखा है। मैं चाहती हूं कि आप यह महाराष्ट्रीयन मिठाई आजमाएं जिसे पूरन पोली कहा जाता है। यह मेरे घर पर बनी है।' इसके बाद एडम मोसेरी ने इसका लुत्फ उठाया।

### रणवीर दीपिका के साथ किया डिनर

इससे पहले एडम मोसेरी ने बॉलीवुड के पॉवर कपल कहे जाने वाले रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के साथ बुधवार की शाम डिनर किया था। वह रणवीर-दीपिका के साथ मुंबई के एक रेस्तरां में एक साथ नजर आए थे। मोसेरी ने इंस्टाग्राम पर डिनर आउटिंग की एक सेल्फी भी शेयर की थी। तस्वीर को कैप्शन देते हुए मोसेरी ने लिखा था, 'मुझे आज शाम बॉम्बे में दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह जैसे पावर कपल से मिलने का मौका मिला साथ ही कुछ बेहतरीन खाने का मजा लिया।'

## हमें और अधिक थिएटर्स खोलने की जरूरत



**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान का मानना है कि भारत को और अधिक थिएटरों में इन्वेस्ट करने की बहुत जरूरत है। वेव्स समिट समिट 2025 के दूसरे दिन 'स्टूडियोज ऑफ द फ्यूचरः पुटिंग इंडिया ऑन वर्ल्ड स्टूडियो मैप' विषय पर बोलते हुए आमिर खान ने यह बात कही। साथ ही अभिनेता ने कहा कि भारत एक फिल्म प्रेमी देश है, लेकिन इसके अधिकांश लोगों की सिनेमा तक पहुंच नहीं है। वेव्स समिट के दूसरे दिन बोलते हुए आमिर खान ने कहा, 'मेरा मानना है कि हमें भारत में और अधिक विभिन्न प्रकार के थिएटर की जरूरत है। देश में ऐसे जिले और कई बड़े क्षेत्र हैं, जहां एक भी थिएटर नहीं है। मुझे लगता है कि बीते दशकों में हमने जो भी परेशानियां झेली हैं, वे अधिक स्क्रीन होने के बारे में हैं। मेरा मानना है कि हमें इसी में इन्वेस्ट करना चाहिए। भारत में बहुत ज्यादा संभावनाएं हैं, लेकिन यह तभी पूरी हो सकती हैं, जब आपके पास देश भर में अधिक स्क्रीन हों। अगर ऐसा नहीं है, तो लोग फिल्में नहीं देखेंगे।'

### अमेरिका और चीन से हैं पीछे

आगे आंकड़ों पर बात करते हुए एक्टर ने कहा, "सिनेमा स्क्रीन की संख्या के मामले में भारत अमेरिका और चीन से बहुत पीछे है। देश की क्षमता और यहां रहने वाले लोगों की संख्या के हिसाब से हमारे पास बहुत कम थिएटर हैं। मुझे लगता है कि हमारे पास लगभग 10,000 स्क्रीन हैं। अमेरिका में जिसकी आबादी भारत की एक तिहाई है, उनके पास 40,000 स्क्रीन हैं। इसलिए वे हमसे बहुत आगे हैं। जबकि चीन में 90,000 स्क्रीन हैं।

# वेव्स इवेंट से फिल्म इंडस्ट्री को होगा फायदा



**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे इन दिनों वेव्स समिट में पहुंच रहे हैं। साउथ एक्टर कार्ति भी इस इवेंट में शामिल हुए। एएनआई से बात करते हुए कार्ति ने वेव्स समिट कराने को लेकर सरकार की तारीफ की। एक्टर का मानना है कि इस समिट से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा होगा। सिनेमा को एक इंडस्ट्री का दर्जा हासिल होगा, जिससे एक्टर्स, डिस्ट्रिब्यूटर को मदद मिलेगी। कार्ति कहते हैं, 'एक मंच पर क्रिएटर, एक्टर्स को लाना अच्छी पहल है। मुझे उम्मीद है कि ये इवेंट हर साल जारी रहेगा। इससे फिल्म, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री को फायदा मिलेगा, बढ़ावा मिलेगा। एक बार जब सरकार सिनेमा को इंडस्ट्री का दर्जा देगी तो मुझे उम्मीद है कि सिनेमाघरों के लिए टैक्स पॉलिसी, परमिशन पॉलिसी बनाई जाएंगी, यह काम फिर काफी आसान हो जाएगा।'

### नागार्जुन ने पहल को सराहा

कार्ति के अलावा वेव्स समिट में साउथ एक्टर नागार्जुन भी पहुंचे थे। एएनआई से ही की गई बातचीत में नागार्जुन कहते हैं, 'मुझे इस समिट का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। यह इवेंटर फिल्म-मीडिया इंडस्ट्री के लिए भारत सरकार की एक बेहतरीन पहल है।'

### सिंगर बादशाह ने बड़ा कदम बताया


सिंगर-रैपर बादशाह ने भी वेव्स समिट को लेकर कहा, 'मुझे यकीन है कि यह पीएम मोदी की प्राथमिकताओं में से एक है। मैं इसमें लोगों की दिलचस्पी देख सकता हूं। मुझे लगता है कि यह दुनिया में बॉलीवुड के अलावा भारत को एक सॉफ्ट पावर की तरफ एक बड़ा कदम है।'

# लाइका ग्रुप और महावीर जैन फिल्म्स ने किया बड़ा ऐलान, वैश्विक स्तर की बनाएंगे नौ फिल्में



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वेव्स 2025' के विजन से प्रेरित होकर लाइका ग्रुप (यूके-यूरोप) और महावीर जैन फिल्म्स ने भारतीय सिनेमा को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। दोनों ने मिलकर अगले दो-तीन साल में नौ ऐसी फिल्में बनाने का ऐलान किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और कहानियों को दुनिया तक पहुंचाएंगी। यह साझेदारी 'वेव्स' समिट की पहल का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण का केंद्र बनाना है। लाइका प्रोडक्शंस को रजनीकांत की 'रोबोट 2.0' और मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेल्वन' फ्रेंचाइजी के लिए जाना जाता है। अब यह प्रोडक्शन हाउस महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर नई कहानियां गढ़ेगा। महावीर जैन फिल्म्स ने 'ऊंचाई' जैसी फिल्म के साथ अपनी पहचान बनाई है। यह अब कार्तिक आर्यन की 'नागजिला', विक्रांत मैसी अभिनीत श्री श्री रविशंकर की बायोपिक, इम्तियाज अली के साथ दोस्ती पर आधारित फिल्म और ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद की बायोपिक जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। 'वेव्स' समिट में लाइका ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अल्लिराजा सुबास्करन और महावीर जैन ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

## टीवी मसाला



# एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' में दिखाई गंदगी

मुंबई। ओटीटी पर दिखाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर अक्सर विवाद होता है और सोशल मीडिया पर लोग अपनी नाराजगी जाहिर करते हैं। अब ऐसे ही एक अश्लील कंटेंट को लेकर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दरअसल, एजाज खान के शो 'हाउस अरेस्ट' का एक अश्लील सीन वाला क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके खिलाफ यूजर्स समेत प्रियंका चतुर्वेदी ने भी आवाज उठाई है। विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को संसदीय स्थायी समिति के समक्ष उठाया है और जवाब का इंतजार कर रही हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'मैंने स्थायी समिति में यह मुद्दा उठाया है कि उल्लू ऐप और ऑल्ट बालाजी जैसे ऐप अश्लील सामग्री के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से बच निकलने में कामयाब रहे हैं। मैं अभी भी उनके जवाब का इंतजार कर रही हूं।' प्रियंका ने आगे कहा कि 14 मार्च, 2024 को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म को ब्लॉक कर दिया था, जो अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट स्ट्रीम करते पाए गए थे। सरकार द्वारा ब्लॉक किए गए एप मुख्य रूप से अश्लील सामग्री वितरित करने वाले प्लेटफॉर्म थे।

## आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने पर अभिनेत्री ने पैपराजी को लताड़ा

मुंबई। मशहूर टीवी अभिनेत्री हुनर हाली को हाल ही में मुंबई की सड़कों पर वॉर्डरोब मालफंक्शन का सामना करना पड़ा। इसके बाद अभिनेत्री का यह वीडियो सोशल मीडिया पर एक पैपराजी पेज द्वारा शेयर कर दिया गया।



इसकी आलोचना करते हुए अभिनेत्री ने इसे पब्लिसिटी स्टंट कहने वाले ट्रोल्स को करारा जवाब भी दिया है। उनका साथ 'पुष्पा 2' फेम अभिनेत्री आंचल मुंजाल ने भी दिया। आंचल ने वीडियो शेयर करने के लिए एडमिन की आलोचना की और इसे शर्मनाक बताया। अभिनेत्री हुनर हाली ने बताया कि वीडियो उनकी सहमति के बिना शूट किया गया था। उन्होंने कहा, 'यह एक मानवीय चीज है, डेली लाइफ में होने वाली घटनाओं की अप्रत्याशित प्रकृति। मेरी सहमति के बिना इस तरह के वीडियो को कैप्चर करना और अपलोड करना, सनसनीखेज बनाने के लिए इसका फायदा उठाना और मेरे शरीर पर अनुचित तरीके से ध्यान केंद्रित करना पैपराजी का व्यक्तिगत निर्णय था।' अभिनेत्री ने कहा, एक अजीब सी गलती थी।

# 'रेड 2' का बॉक्स ऑफिस पर जलवा द भूतनी से आगे निकली थंडरबोल्ट्स

**मुंबई।** गुरुवार 1 मई को अजय देवगन की 'रेड 2' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। यह फिल्म अजय देवगन की साल 2018 में आई 'रेड' की सीक्वल है। 'रेड 2' ने पहले दिन अच्छा-खासा कलेक्शन किया है। इसके साथ ही संजय दत्त की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' भी रिलीज हुई, लेकिन फिल्म ने पहले दिन ही निराश कर दिया। कमाई के मामले में यह लाखों के आंकड़े में ही रह गई। 'द भूतनी' से बेहतर एमसीयू की 'थंडरबोल्ट्स' ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कमाई की है। दूसरी ओर 'केसरी 2' ने भी अपने पांव जमाए रखे हैं।



*रेड 2 : अजय देवगन ने 'रेड 2' से दमदार वापसी की है। अभिनेता की पिछली कुछ फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थीं। इस साल की शुरुआत में अजय देवगन 'आजाद' में नजर आए थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी थी। इस फिल्म से उनके भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने डेब्यू भी किया है। गुरुवार को 'रेड 2' ने बॉक्स ऑफिस से 18.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।*

**द भूतनी:** अजय देवगन की 'रेड 2' का सामना करने के लिए संजय दत्त की 'द भूतनी' सिनेमाघरों में उतरी थी, लेकिन यह फिल्म कमाल नहीं कर पाई। इस हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' में संजय दत्त, मौनी रॉय और पलक तिवारी जैसे कलाकार हैं। बावजूद इसके फिल्म की कमाई का आंकड़ा लाखों में ही रहा। ओपनिंग डे पर फिल्म ने महज 65 लाख रुपए का कलेक्शन किया है।

### थंडरबोल्ट्स

एमसीयू की हॉलीवुड फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' ने भी भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन अच्छा प्रदर्शन किया है। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

### केसरी 2

इस बीच अक्षय कुमार की फिल्म 'केसरी 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पांव जमा रखे हैं। फिल्म की कमाई में गिरावट तो आई है, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। नई फिल्मों के आने से उस पर कुछ खास असर पड़ता हुआ दिखाई नहीं दिया। फिल्म ने गुरुवार को 1.80 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। इसी के साथ फिल्म की कुल कमाई 74.75 करोड़ रुपए हो गई है।

# 44 की उम्र में कपूर खानदान की बेटी की बॉलीवुड में एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड में एक और स्टारकिड की एंट्री होने जा रही है। वो भी बॉलीवुड के सबसे बड़े फिल्मी घराने से। जी हां, सही सुना आपने कपूर खानदान से अब एक और इंसान फिल्मी दुनिया में कदम रखने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि करिश्मा कपूर और करीना कपूर के बाद कपूर खानदान से पहली बार कोई एक्ट्रेस के तौर पर बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहा है। ऋषि कपूर और और नीतू कपूर की बेटी और रणबीर कपूर की बहन रिद्धिमा साहनी अपने ओटीटी डेब्यू के बाद अब फिल्मों में एंट्री करने जा रही हैं। इसका खुलासा खुद रिद्धिमा ने किया है। रिद्धिमा कपूर ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया और अपने फिल्मी डेब्यू के बारे में जानकारी दी। फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी न देते हुए रिद्धिमा ने बताया, 'फिल्म की शूटिंग जून तक पहाड़ों पर होगी। मैं और पूरी फैमिली इसके लिए काफी उत्साहित है। मैं शूटिंग के दौरान मां के साथ रही और हमने रिहर्सल भी किया। गर्मियों की छुट्टी में मेरी बेटी समायरा भी मुझसे मिलने आएगी। मैं स्क्रिप्ट की फोटोज फैमिली में भेजती रही और फिर मुझे सजेशन और सपोर्ट मिलता रहा।' रिद्धिमा ने आगे फिल्मी डेब्यू के बारे में बात करते हुए कहा, 'मैंने इसकी योजना नहीं बनाई थी। जब मुझसे संपर्क किया गया, तो मैंने बस हां कह दिया।

# सस्पेंस और रहस्य से भरी 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर जारी



**मुंबई।** अमित साध और जिम सरभ जैसे शानदार अभिनेताओं से सजी फिल्म 'पुणे हाईवे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह ट्रेलर सस्पेंस, ड्रामा और रहस्य से भरी एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जो दोस्ती के अटूट बंधन को केंद्र में रखती है। यह फिल्म 16 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बग्स भार्गव कृष्णा और राहुल दाकुन्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक समीक्षकों द्वारा सराहे गए नाटक पर आधारित है और इसे ड्रॉप डी फिल्म्स व टेन ईयर्स यंगर प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। ट्रेलर की शुरुआत दोस्तों की हंसी-मजाक से होती है, लेकिन जल्द ही माहौल गंभीर हो जाता है। सवाल उठता है- क्या ये दोस्त सच का साथ देंगे या रहस्य को दफन कर देंगे? 'पुणे हाईवे' की कहानी तीन बचपन के दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनका एक सामान्य सा वीकेंड ट्रिप तब भयावह हो जाता है, जब उन्हें एक लाश मिलती है। यह घटना उनकी जिंदगी को उथल-पुथल कर देती है और उन्हें एक मर्डर मिस्ट्री के भंवर में खींच लेती है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे यह तीनों दोस्त डर, अपराध करने के बोझ और नैतिकता पर जीत पानी की कोशिश करते हैं। उनकी दोस्ती उनके बीच उनकी वफादारी की परीक्षा लेती है।

# पिता से मिली घड़ी 50 रुपए में बेच मुंबई पहुंचा था ये एक्टर

दिलीप-नरगिस के साथ किया डेब्यू, फिर बैक टू-बैक दी 6 सुपरहिट फिल्में

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के जुबली कुमार कहे जाने वाले एक्टर राजेंद्र कुमार एक बेहतरीन एक्टर रहे हैं। उन्होंने कड़ी मेहनत के बाद फिल्म इंडस्ट्री में मुकाम बनाया था। तकरीबन 7 साल तक फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ने के बाद उन्हें एक हिट फिल्म मिली थी, जिसके बाद उन्होंने हिंदी सिनेमा की तमाम बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस संग काम किया था। राजेंद्र कुमार ने एक्टिंग के साथ-साथ फिल्म निर्देशन में भी हाथ आजमाया और हिट फिल्में दीं। एक दौर था, जब राजेंद्र कुमार की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हफ्ते-हफ्ते तक छाई रहती थी। इसी के चलते उन्हें जुबली कुमार का नाम मिला था। वहीं, एक दौर ऐसा भी था जब वह महज 50 रुपये लेकर मायानगरी मुंबई पहुंचे थे।



### मदर इंडिया के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा

*राजेंद्र कुमार ने पिता से मिली घड़ी को 50 रुपए में बेचकर मुंबई का टिकट कटवा लिया था। गीतकार राजेंद्र कृष्ण की मदद से 150 रुपए महीने सैलरी पर उन्हें डायरेक्टर एचएस रवैल संग बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम मिल गया। 1950 में उन्हें ट्रेजडी किंग दिलीप कुमार की फिल्म में एक रोल मिला। इसके बाद 1950 से 1957 तक उन्होंने खूब संघर्ष किया और साल 1957 में फिल्म मदर इंडिया में उन्हें नरगिस के बेटे के रोल में देखा गया और फिल्म हिंदी सिनेमा में इतिहास बन गई। इसके बाद एक्टर ने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*

### सोने के लिए किराए पर लिया करते थे खाट

फिल्म मदर इंडिया में राजेंद्र कुमार का काम पसंद किया गया और फिर उन्हें फिल्में मिलने लगी। उनकी 6 फिल्मों ने बैक-टू-बैक बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया था। एक्टर की कई फिल्में सिनेमाघरों से हटती तक नहीं थी। बता दें, मुंबई में एक एक्टर ने एक वक्त ऐसा भी देखा था जब वह सोने के लिए किराए पर खाट लिया करते थे। वह मुंबई आने के बाद बॉम्बे गेस्ट हाउस में ठहरे थे, जहां कभी धर्मेंद्र और राजकुमार ने शरण ली थी. एक्टर की हिट फिल्मों में मदर इंडिया के अलावा मेरे महबूब, संगम, आई मिलन की बेला, आरजू, सूरज, गीत, गंवार, आप आए बहार आई और ललकार शामिल हैं। एक्टर को आखिरी बार साल 1993 में आई फिल्म फूल में देखा गया था।


कृषि की ताकत, उद्योग का सहारा
बढ़ेगा किसान, बढ़ेगा देश हमारा
खेती से कारोबार की ओर
कृषि-उद्योग समागम 2025
कृषि-उद्योग समागम 2025
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
3 मई, 2025 | दोपहर 12:00 बजे
कृषि उपज मंडी ग्राउंड
सीतामऊ, मंदसौर
कृषि उद्योग समागम - किसानों के हित में नई पहल
तकनीक को प्रोत्साहन
किसान भाई-बहन एक ही मंच पर कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन के, ड्रोन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस युक्त आधुनिक यंत्रों एवं नवीनतम तकनीकों से परिचित होंगे
आधुनिक आदान को बढ़ावा
सिंचाई संयंत्र, बीजों की उन्नत एवं नवीनतम किस्मों तथा वैज्ञानिक रूप से विकसित फर्टिलाइजर्स की जानकारी से भी अवगत होंगे
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण को नए आयाम
कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण की नवीनतम पद्धतियों, डेयरी टेक्नोलॉजी तथा मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकों की सटीक जानकारी एवं मार्गदर्शन
कृषि और उद्योग की साझेदारी
कृषि एवं उद्यानिकी फसल आधारित उद्योगों से जुड़े उद्यमी, किसान उत्पादक संगठन (FPO), क्रेता-विक्रेता, निर्यातक एवं किसान संगोष्ठी के माध्यम से तलाशेंगे साझेदारी के अवसर
किसान हित की योजनाओं में पंजीयन
फसल बीमा कंपनी, किसान क्रेडिट कार्ड एवं बैंकर्स द्वारा किसानों के साथ जानकारी साझा की जाएगी तथा किसान हित की योजनाओं में होगा किसानों का पंजीयन
D-11021/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#कृषि_उद्योग_समागम_MP
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025

## चिंतन

# भारत को आत्मरक्षा का अधिकार आतंक के दोषियों को नहीं बख्शेगा

आतंकवाद पर अमेरिका को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। किसी भी आतंकी घटना को अमेरिकी हित के दृष्टिकोण से देखने की जरूरत नहीं है। आतंकवाद केवल और केवल आतंकवाद है और इसके दोषी व साजिशकर्ता कभी माफ नहीं किए जा सकते। खुद अमेरिका ने 9/11 के गुनहगार ओसामा बिन लादेन को पाकिस्तान के सैन्य क्षेत्र एबटाबाद से पकड़कर सजा दी। पहलगाम आतंकी घटना की अमेरिका ने निंदा जरूर की है, लेकिन अमेरिकी प्रशासन ने सीधे तौर पर पाकिस्तान को कंडेम नहीं किया है। अमेरिकी उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस ने, जिनकी भारत यात्रा के दौरान पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला हुआ, अमेरिका पहुंचने के बाद पहलगाम हमले के लिए पाकिस्तान को 'कुछ हद तक जिम्मेदार' बताते हुए भारत के साथ सहयोग की उम्मीद जताई। अमेरिका की ओर से बार-बार भारत से संयम बरतने की अपील भी आतंकवाद के खिलाफ कठोर रुख के विपरीत है, जबकि पहलगाम आतंकी हमले में 27 बेकसूर नागरिक मारे गए हैं, जो 2019 में पुलवामा हमले के बाद सबसे भीषण आतंकवादी हमला है। पाकिस्तान के आतंकी संगठन लश्करे तैयबा के प्रॉक्सी गुट द रेजिसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने आगे बढ़कर इस हमले की जिम्मेदारी ली, इसका सीधा मतलब है कि इस हमले में पाकिस्तान किसी न किसी रूप में लिप्त है। पाकिस्तान ने खुद कई बार स्वीकार किया है कि वह अमेरिकी मदद का इस्तेमाल आतंकवाद को पालने-पोसने में करता रहा है। इसके बाद अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद रोकी व फिर कटौती की। अभी हाल ही में पाकिस्तान के दो-दो मंत्रियों ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान का आतंक का इतिहास रहा है, किसी तीसरे के लिए उसने आतंक को पनाह दी। पाकिस्तान स्थित कई आतंकियों को अमेरिका खुद व संयुक्त राष्ट्र ने ग्लोबल टेररिस्ट घोषित कर रखा है। अमेरिका को यह भी पता है कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ लंबे अर्से से एस्टाब्लिशमेंट प्रायोजित आतंकवाद का इस्तेमाल करता रहा है, अनेक बार भारत ने सबूत दुनिया के सामने रखे हैं, इसके बाद भी अगर अमेरिका पहलगाम घटना के बाद दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय संघर्ष का हवाला देते हुए भारत से संयम बरतने और पाकिस्तान से जांच में सहयोग करने की अपील कर रहा है तो यह उसका कहीं से भी आतंकवाद को लेकर कड़ा रवैया नहीं है। भारत ने अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ और विदेश मंत्री मार्क रूबियो के साथ बातचीत में स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के मामले में भारत किसी देश का दबाव नहीं सहेगा। अमेरिका की ओर से केवल निंदा किए जाने से भारत खुश नहीं है। भारत का स्पष्ट संदेश है कि पहलगाम के दोषियों और उसके साजिशकर्ताओं को सख्त सजा मिलेगी। भारत आतंकवाद के खिलाफ स्टेप बाय स्टेप कदम उठा रहा है, जिसमें सीमा बंदी से लेकर सिंधु जल समझौता को निलंबित करने तक शामिल हैं। अब भारत एफएटीएफ (फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स) में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट कराने की तैयारी में है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) भी भारत व पाक के बीच तनाव पर बैठक करेगी। भारत को आत्मरक्षा का अधिकार है, कोई भी यूं ही आतंकी हमला कर बच नहीं सकता है। इजराइल ने आत्मरक्षा के अधिकार के तहत ही आतंकी गुट हमास के खिलाफ सैन्य एक्शन लिया। भारत सरकार ने भी आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई के लिए अपनी तीनों सेनाओं को खुली छूट दी है। विश्व आतंकवाद के खिलाफ आंख मूंद कर नहीं रह सकता है। यह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का वक्त है, भारत इसका खात्मा करने तक लड़ता रहेगा।



**विश्लेषण**
प्रदीप सरदाना

# शुरुआत अच्छी पर चुनौतियां भी कई

रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है।

पिछले दो महीने से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कामकाज को देखते हुए मुझे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्रियों का स्मरण हो आया। मैं दिल्ली सरकार और उससे पूर्व दिल्ली प्रशासन को लगभग 50 बरसों से करीब से देख रहा हूँ। सन 1993 में नवगठित विधानसभा से पूर्व 1967 से 1990 तक यहां दिल्ली महानगर परिषद थी। परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद का पद तब मुख्यमंत्री के समतुल्य सा था। मैंने सबसे पहले मार्च 1978 में तत्कालीन मुख्य कार्यकारी पार्षद (सीईसी) केदार नाथ साहनी का इंटरव्यू किया था। वह एक योग्य शासक और बेहद शालीन व्यक्ति थे। दिल्ली में 35 पुनर्वास बस्तियों का निर्माण उन्हीं के कार्यकाल में हुआ।

यूं दिल्ली के अन्य तीन सीईसी से भी मेरी आगे-पीछे मुलाकातें होती रहीं। जिनमें प्रथम सीईसी विजय कुमार मल्होत्रा तो पीजीडीएवी महाविद्यालय में मेरे शिक्षक भी रहे। उन्होंने सबसे पहले हरित और सुंदर दिल्ली पर ध्यान देकर दिल्ली में पेड़-पौधे लगवाने के साथ बहुत से पार्क और फव्वारों का निर्माण भी कराया। दिसंबर 93 से 1998 तक पहले मदन लाल खुराना फिर साहिब सिंह वर्मा और फिर चंद दिनों के लिए सुषमा स्वराज ने दिल्ली सीएम का पद संभाला। उसके बाद 15 बरस तक कांग्रेस की शीला दीक्षित दिल्ली की सीएम बनीं। मैंने इन सभी के भी कई बार इंटरव्यू किए। सभी से कई मुलाकातें हुईं। खुराना, साहिब सिंह और शीला दीक्षित ने तो दिल्ली के विकास के लिए बहुत कुछ किया। हां, दीक्षित भ्रष्टाचार के आरोपों में भी घिरी रहीं। लेकिन पिछले करीब 10 साल में केजरीवाल और आतिशी के कार्यकाल में दिल्ली बुरी तरह पिछड़ गयी। इस दौरान कागजों और भाषणों में ही बहुत कुछ हुआ लेकिन धरातल पर निल बटा सन्नाटा ही रहा। इधर जब गत 20 फरवरी को रेखा गुप्ता दिल्ली की सीएम बनीं तो सबसे बड़ा सवाल यही था कि पहली बार विधायक बनीं रेखा क्या इतनी बड़ी जिम्मेदारी ढंग से संभाल सकेंगी ? भाजपा की दिल्ली में 26 साल बाद बड़ी मुश्किल से वापसी हुई है। ऐसे में पिछड़ती, प्रदूषित, प्यासी और गंदगी के पहाड़ों से दबी दिल्ली को भाजपा के शासन से ढेरों उम्मीदें हैं। लेकिन रेखा गुप्ता ने अपने दो महीने के कार्यकाल में ही विभिन्न कार्यों, व्यवहार और कामकाज के ढंग से सभी का दिल मोह लिया है। रेखा गुप्ता ने बिना एक पल गंवाए, अपने मंत्रिमंडल के साथ मिलकर जिस तरह ताबड़ तोड़ काम शुरू किए हैं, उससे आशा बनी है कि वे जल्द ही दिल्ली की रूपरेखा बदल देंगी। यह भरोसा रेखा गुप्ता के पिछले दो महीनों में उनके क्रिया कलापों को देखकर बन रहा है। असल में रेखा गुप्ता के आरंभिक रंग ढंग दर्शाते हैं कि भाजपा को एक नयी सशक्त नेत्री,अच्छी मुख्यमंत्री मिल गयी है। जो रोग भी पहचानती हैं और उसका उपचार भी अच्छे से जानती हैं। इधर भाजपा के अन्य मुख्यमंत्रियों की लोकप्रियता देखें तो मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान ने लोकप्रियता के साथ जनता से अपना जो रिश्ता कायम किया वह बेमिसाल है। मध्यप्रदेश से केंद्र में आने के बावजूद शिवराज का अपने राज्य से मोह कम नहीं हुआ। बरसों पहले खुराना का दिल भी सिर्फ दिल्ली के लिए धड़कता था। बाद में वह चाहे केंद्र में मंत्री बने या राजस्थान के राज्यपाल लेकिन वह दिल्ली को नहीं भूल पाये। उनके



सपनों में दिल्ली ही रही। इधर अब उत्तरप्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और असम के हिमंत बिस्वा भाजपा के सर्वाधिक लोकप्रिय सीएम ही नहीं फायर ब्रांड नेता भी हैं। रेखा गुप्ता में भी मुझे शिवराज और खुराना की कुछ झलक तो मिलती ही है। साथ ही सुषमा स्वराज की भी। वह उनकी तरह बन पाती हैं या नहीं यह तो बाद में पता लगेगा, लेकिन सिर्फ दो महीने में ही अपनी कार्यप्रणाली और कामकाज की छाप छोड़कर जो लोकप्रियता उन्होंने पाई है, उससे विपक्ष ही नहीं भाजपा के कई नेता और मुख्यमंत्री तक हैरान हैं।

रेखा गुप्ता ने इन दो महीनों में ही जो बड़े कार्य कर दिखाये, उनमें आयुष्मान योजना सबसे बड़ा कदम है। अभी 28 अप्रैल को 70 और उससे अधिक आयु के दिल्ली के सभी बुजुर्गों के लिए उन्होंने आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी करने शुरू भी कर दिये। इस योजना में पंजीकृत देशभर के अस्पतालों में सभी बुजुर्ग 10 लाख रुपये तक का इलाज पूरी तरह निःशुल्क करा सकेंगे। इससे पहले गरीब व्यक्तियों के लिए भी आयुष्मान कार्ड मिलने का काम 10 अप्रैल को शुरू हो गया। फिर 20 अप्रैल को जल माफिया पर लगाम कसते हुए, दिल्ली सरकार ने जीपीएस युक्त 1111 जल के ऐसे टैंकर शुरू किए जिससे निःशुल्क स्वच्छ जल मिलने के साथ टैंकर की निगरानी भी हो सकेगी। फिर यमुना की सफाई के साथ गंदे नालों की सफाई का काम भी व्यापक स्तर पर शुरू हो गया है। साथ ही 8 मार्च को दिल्ली की गरीब महिलाओं के लिए 2500 रुपये माह की सहायता वाली 'महिला समृद्धि योजना' के लागू करने का कार्य भी शुरू हो चुका है। फिर 25 मार्च को खीर बनाने की नयी परंपरा के साथ एक लाख करोड़ रुपये का दिल्ली का अब तक का सबसे बड़ा बजट प्रस्तुत करना भी बताता है कि दिल्ली की योजनाएं अब धन के अभाव में रुकेंगी नहीं। रेखा गुप्ता की कूटनीति और शिष्टाचार की बात करें तो वह इस दौरान राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और लोकसभा अध्यक्ष के साथ अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण सहित कई केंद्रीय मंत्रियों और कुछ मुख्यमंत्रियों से भी अलग से मिलीं हैं। साथ ही भाजपा के उन दिग्गज नेताओं से भी जो आज मुख्यधारा में न होकर लगभग एकांतवास में हैं। यहां तक कि दिल्ली के सभी सांसदों से भी वह घर जाकर मिलीं। उधर रेखा गुप्ता अपनी जड़ों की ओर लौटते हुए अपने दौलतराम कॉलेज की प्राचार्या से मिलीं तो एबीवीपी और दिल्ली विश्वविद्यालय के समारोह में अपनी पुरानी यादों को भी उन्होंने दिल से साझा करते हुए युवाओं को अपने मन के बड़े सपने देखने की सलाह दी। यहां तक कि आरएसएस और अनेक धार्मिक समारोहों में भी वह बराबर शामिल हो रहीं हैं। रेखा ने घर में पहले की तरह विशाल कंजक पूजन भी कराया।

दिल्ली की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए भी उनका दरबार नियमित लग रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी की तरह बिना अवकाश लिए वह जिस तरह लगातार काम कर रही हैं, वह उन्हें बहुतों से अलग और विशेष बनाता है। गत 12 अप्रैल को वह सड़क पर उस व्यक्ति की कार रोक लेती हैं जो चलती कार से गायों को रोटी डाल यातायात जाम और दुर्घटनाओं को आमंत्रित करता है। सीएम उसे विनम्रता से समझाकर हाथ मिला वचन लेती हैं कि वह आगे ऐसे नहीं करेगा। स्कूल की छात्राओं के कार्यक्रम का आयोजन कराकर वह उनके दुख दर्द के साथ उनके सपने भी जानती हैं। उधर निजी स्कूल द्वारा फीस बढ़ाने, गंदे नालों की सफाई न होने के साथ जलभराव और एक विदेशी महिला का पासपोर्ट खो जाने पर रेखा गुप्ता के सख्त तेवर भी साफ दिखाई देते हैं। यदि आगे भी वह इसी गति और स्फूर्ति से कार्य करती रहीं तो एक स्वच्छ, स्वस्थ और विकसित दिल्ली का स्वप्न जल्द पूर्ण हो सकेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

**मानवीय संकट**
मुनीष भाटिया



# दक्षिण एशिया में धर्म के नाम पर हो रही हिंसा

दक्षिण एशिया में हिंदू समुदाय आज एक जटिल और गहराते मानवीय संकट का सामना कर रहा है। पश्चिम बंगाल, बांग्लादेश और पाकिस्तान, ये तीनों क्षेत्र भले ही ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से भिन्न हों, परंतु एक समान पीड़ा में बंधे हुए प्रतीत होते हैं। हिंदू समुदाय पर हो रहे संगठित हमले, उनकी धार्मिक स्वतंत्रता पर पाबंदियां, और शासन की चुप्पी या निष्क्रियता। यह संकट अब किसी एक देश या राज्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह एक वैश्विक मानवाधिकार चिंता का विषय बन चुका है, जिसे नजरअंदाज करना स्वयं मानवता के खिलाफ अपराध होगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला इस संकट का और भी खतरनाक आयाम प्रस्तुत करता है। इस हमले में आतंकवादियों ने निशाना बनाकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या की। यह न केवल मानवाधिकार पर हमला था, बल्कि यह संदेश भी था कि अब धार्मिक पहचान को निशाना बनाना आतंकवाद की रणनीति का हिस्सा बन चुका है। यह मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता दोनों पर एक गहरा आघात है, जिसकी अनदेखी केवल और अधिक त्रासदी को न्योता देना होगा। पश्चिम बंगाल, जिसे कभी 'सांस्कृतिक राजधानी' कहा जाता था, आज धार्मिक असंतुलन और टकराव का केंद्र बनता जा रहा है। राज्य के विभिन्न हिस्सों हावड़ा, रिसड़ा, उत्तर 24 परगना, बीरभूम और मालदा में रामनवमी, हनुमान जयंती और दुर्गा पूजा जैसे पारंपरिक धार्मिक आयोजनों पर बार-बार पथराव, हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं। धार्मिक जुलूसों पर हमले अब अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति बनते जा रहे हैं। प्रशासन की निष्क्रियता या पक्षपातपूर्ण रवैया इस स्थिति को और भी गंभीर बना देता है। कई घटनाओं में पुलिस की समय पर कार्रवाई नहीं होना, या दोषियों पर सख्त कार्रवाई न करना, यह संकेत देता है कि या तो राज्य प्रशासन इन घटनाओं को गंभीरता से नहीं ले रहा, या फिर राजनीतिक लाभ-हानि की गणना के तहत चुप्पी साधे बैठा है। यह न केवल संवैधानिक मूल्यों का हनन है, बल्कि राज्य के नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार है। बांग्लादेश, जो 1971 में धर्मनिरपेक्षता के आदर्श के साथ अस्तित्व में आया था, अब उस मूल भावना से लगातार दूर होता जा रहा है। अक्टूबर 2021 में कमिला और नोआखली जिलों में हुए दंगों के दौरान हजारों हिंदू घर और मंदिरों को जलाया गया, जबकि सरकार और प्रशासन ने देर से कार्रवाई की। यह चुप्पी इस बात का संकेत है कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय, जो अब 8% से भी कम रह गया है, अपने ही देश में असुरक्षित और अकेला महसूस करता है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या बांग्लादेश अपने अल्पसंख्यकों को वह संरक्षण देने में विफल हो गया है जो एक आधुनिक राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है? पाकिस्तान में हिंदू समुदाय की स्थिति सबसे अधिक भयावह है। यह देश, जो खुद को इस्लामी गणराज्य घोषित करता है, वहां गैर-मुस्लिमों की धार्मिक स्वतंत्रता हमेशा खतरे में रही है। हिंदू लड़कियों का अपहरण कर जबरन निकाह और धर्मांतरण की घटनाएं आए दिन सामने आती हैं, जिसमें राज्य संरचनाएं कई बार मूकदर्शक बनी रहती हैं। 2020 में कराची और रहीम यार खान में मंदिरों पर हुए हमलों ने वैश्विक मीडिया में सुर्खियां बटोरीं, लेकिन फिर भी कोई ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए। पाकिस्तान में 'ब्लासफेमी लॉ' का दुरुपयोग कर अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं को निशाना बनाना एक हथियार बन गया है, जिसमें झूठे आरोपों के चलते उनकी हत्या तक कर दी जाती है। यह गहन चिंता का विषय है कि जब विश्व के किसी भी कोने में मुस्लिम, ईसाई या अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के साथ अन्याय होता है, तो अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं, मानवाधिकार संगठन, और वैश्विक बुद्धिजीवी वर्ग तुरंत प्रतिक्रिया देते हैं। लेकिन जब पीड़ित हिंदू होता है, चाहे वह बंगाल में हो, बांग्लादेश में या पाकिस्तान में – तो एक प्रकार का मौन छा जाता है। यही मौन सबसे बड़ा अन्याय है। मानवाधिकार की परिभाषा क्या केवल राजनीतिक रूप से 'उपयुक्त' माने जाने वाले समुदायों तक सीमित है? क्या बहुसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद अल्पसंख्यकों की पीड़ा को नकार देना ही उदारवाद है? यह दोहरा मापदंड मानवाधिकार के सार्वभौमिक स्वरूप को अपंग बनाता है और न्याय की अवधारणा को खंडित करता है। आज जब हिंदू समुदाय एक संगठित संकट के दौर से गुजर रहा है, तो हमारी संवेदनशीलता, हमारी नैतिकता और हमारी चुप्पी, सबकुछ इस परीक्षा का हिस्सा है और इस परीक्षा में मौन रहना, सबसे बड़ा अन्याय है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शंकराचार्य को ज्ञान देकर अंतर्धान हो गए भगवान शंकर



संकलित
**दर्शन**

शंकराचार्य नित्य-प्रति गंगा में स्नान करके तर्पण किया करते थे। सूर्योदय से पूर्व उनकी पूजा पूर्ण हो जाती। एक दिन सूर्योदय होते-होते वे पूजा समाप्त करके विश्वनाथ मंदिर जा रहे थे। उन्होंने देखा कि गली में शमशान घाट में काम करने वाला एक व्यक्ति चार कुत्तों को चारों दिशाओं में बिठाए हुए रास्ता रोके खड़ा है। शंकराचार्य ने बहुत नम्र भाव से कहा, 'आप एक ओर हट जाएं तो मैं विश्वनाथजी के दर्शन करने चला जाऊं।' उस व्यक्ति ने शुद्ध संस्कृत में उनका प्रतिवाद करते हुए कहा, 'ओ संन्यासी! मार्ग से किसे हटा रहे हो? मेरे इस शरीर को या इसकी आत्मा को? हमने तुम्हारा शास्त्रार्थ सुना है। तुम्हारा सिद्धांत है कि वह पूर्ण ब्रह्म सर्वत्र सब में, तुम में और मुझ में एक समान विद्यमान है। पर तुम मुझे इस तरह दूर भगा रहे हो मानो मैं तुमसे भिन्न कोई और हूं? यदि तुम इस शरीर को हटाना चाहते हो, जो अन्न से बना हुआ है तो जो मांस-मज्जा तुम्हारे शरीर में है, वही मेरे में है। यदि तुम शुद्ध चैतन्य को अलग करना चाहते हो तो वह तो यहां-वहां सर्वत्र है। फिर तुम किसे हटाना चाहते हो? क्या इस पवित्र गंगा में प्रतिबिंबित सूर्य की आभा उस बिंब से अलग है, जो मेरे निवास स्थान के समीप एक गंदे तालाब में पड़ती हुई दिखाई दे रही है?' उस व्यक्ति की अकाट्य युक्ति सुन कर और संस्कृत भाषा का शुद्ध व्यवहार देखकर शंकर स्तंभित रह गए। उनकी आंखें आश्चर्य से विस्फारित हो उठीं। उन्होंने उसे प्रणाम किया।


## मन एक सेतु की भांति



संकलित
**प्रेरणा**

दुनिया कभी नहीं रही अराजकता और अव्यवस्था में, केवल मन रहा है। संसार तो परम रूप से व्यवस्थित है। यहां कोई अव्यवस्था नहीं, सुव्यवस्था है। केवल मन ही सदा अव्यवस्था में रहता है और सदा अव्यवस्था में ही रहेगा। मन एक सेतु की भांति है, इसे पार करना है। दूसरे किनारे को प्राप्त करना ही है। और तुमने तो सेतु पर ही घर बना लिया है। तुमने सेतु पर रहना शुरू कर दिया है। तुम मन के साथ जुड़ गए हो। तुम पड़े हो जाल में, क्योंकि तुम कहीं नहीं हो। कैसे तुम कहीं न होने वाली जमीन पर व्यवस्थित हो सकते हो? 'वापस आओ, वापस लौट आओ, उस किनारे पर जिसे कि तुम छोड़ चुके हो।' और वापस लौटना होता नहीं, क्योंकि तुम समय में पीछे की ओर बढ़ नहीं सकते। बढ़ना केवल एक ही है, वह है आगे की ओर- आगे। अतीत तुम पर गहरा प्रभाव बनाए रहता है; क्योंकि तुम होते हो सेतु पर। अतीत भी सेतु पर होने से तो बेहतर लगता है। एक छोटी झोपड़ी भी ज्यादा ठीक होती है, सेतु पर होने की अपेक्षा। कम-से-कम वह एक घर तो है; तुम सड़क पर नहीं होते। तुम्हारे अंतस को निर्विचार कर देने का, मन को गिरा देने का, सेतु पर से सरकने का, अज्ञात में बढ़ने का और रहस्य में छलांग लगा देने का। इसलिए मैं कहता हूं... हिसाब-किताब मत लगाना, क्योंकि वह मन की चीज है। इसीलिए मैं कहता हूं कि आध्यात्मिक खोज सीढ़ी-दर-सीढ़ी नहीं होती, आध्यात्मिक खोज है- एक अचानक छलांग। वह साहस है, वह कोई हिसाब-किताब नहीं। वह बुद्धि की चीज नहीं, क्योंकि बुद्धि है मन का हिस्सा।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मलेरिया भगाने के लिए जनजागरण जरूरी**

मलेरिया एक प्राचीन लेकिन अब भी प्रासंगिक बीमारी है, जिसने सदियों से मानव सभ्यता को प्रभावित किया है। यह मुख्य रूप से एनाफिलीज नामक मादा मच्छर के काटने से फैलता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होती है। जब यह परजीवी मानव शरीर में प्रवेश करता है तो वह यकृत और रक्त कोशिकाओं में पहुंच कर वहां अपनी संख्या बढ़ाता है और शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को क्षतिग्रस्त करता है। लोगों को मलेरिया के खतरों और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। –मोहन साहू

## करंट अफेयर

### पहलगाम हमला : अमेरिकी कश्मीरी हिंदुओं ने कहा- तय हो जवाबदेही

अमेरिका में रह रहे कश्मीरी हिंदू पहलगाम आतंकी हमले के बाद व्यापक जवाबदेही तय करने और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक स्तर पर जागरूकता पैदा किये जाने की मांग कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर में अनंतनाग जिले के पहलगाम में पिछले हफ्ते मंगलवार को आतंकवादियों के हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। प्रवासी भारतीयों ने कहा कि 22 अप्रैल को अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे डी वेंस की भारत यात्रा के दौरान हुए हमले ने सुरक्षा तैयारियों में चूक और कश्मीर में अल्पसंख्यक समुदायों के खतरों को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा की हैं। प्रतिबंधित पाकिस्तानी संगठन लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) के एक छद्म समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। 'इंडो–अमेरिकन कश्मीर फोरम' (आईएकेएफ) के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय साजवाल ने दावा किया कि इस हमले को रोका जा सकता था। उन्होंने दावा किया, ''हजारों पर्यटक प्रतिदिन इस मार्ग का उपयोग करते हैं, फिर भी हमले के दिन कोई सुरक्षा व्यवस्था नजर नहीं आई। एक उच्च–स्तरीय राजनयिक यात्रा के बावजूद, बुनियादी जोखिम आकलन को स्पष्ट रूप से नजरअंदाज कर दिया गया।'' साजवाल ने कहा कि ध्यान अक्सर सीमा पार आतंकवाद पर होता है, लेकिन स्थानीय स्तर पर भी उन्हें (आतंकवादियों को) ऐसे लोगों से सहयोग मिलता है।



## ऑफ बीट

### इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार

इजरायल की आबादी पहली बार 1 करोड़ के पार हुई है। 1948 के बाद से यह पहला मौका है, जब इजरायल की संख्या 10.1 मिलियन हुई है। देश की स्थापना के बाद से अब तक यहूदी मुल्क की आबादी में 12 गुना तक इजाफा हो चुका है। इजरायल के जनसांख्यिकी विभाग के अनुसार बीते साल की तुलना में इजरायल की आबादी में 1 लाख 35 हजार यानी 1.4 फीसदी का इजाफा हुआ है। दिलचस्प बात है कि अब भी यहूदियों की आबादी 80 लाख भी नहीं पहुंची है। इजरायल का संघर्ष पड़ोस के फिलिस्तीन, लेबनान, मिस्र जैसे देशों से लंबे समय से रहा है। 1948 में देश की स्थापना के बाद से ही यह संघर्ष चलता रहा है। ऐसे में यहूदियों और पूरे इजरायल की ही आबादी एक करोड़ से कम होना चर्चा का विषय रहा है। अब इजरायल की आबादी तो एक करोड़ के आंकड़े तक पहुंच गई है, लेकिन यहूदियों की संख्या अब भी 80 लाख से नीचे है। आंकड़े के अनुसार इजरायल की आबादी में यहूदियों की संख्या फिलहाल 77.6 फीसदी ही है। देश में 2.1 मिलियन यानी करीब 20 फीसदी मुसलमान, ईसाई और अरब हैं। इसके अलावा ढाई लाख लोग यानी 2.5 फीसदी ऐसे भी हैं, जो किसी भी कैटिगरी में नहीं आते। इनमें विदेशी छात्र, मजदूर और अवैध रूप से वहां पहुंचे प्रवासी शामिल हैं।



## ट्रेंड

### अभिव्यक्ति का अधिकार



लोकतंत्र अभिव्यक्ति और संवाद द्वारा परिभाषित होता है। अभिव्यक्ति पर अंकुश लगाने से लोकतंत्र कमजोर होता है। यदि अभिव्यक्ति करने वाला स्वयं को सदैव सही व दूसरों को गलत मानता है, तो अभिव्यक्ति का अधिकार विकृत हो जाता है।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### दिल्ली को बदलने का काम



ट्रिपल इंजन वाली भाजपा सरकार दिल्ली को बदलने के लिए मिलकर काम कर रही है। मैं यह वचन देता हूं कि देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थान दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करेंगे, और दिल्ली को एक ऐसा भविष्य बनाने के लिए रास्ता तैयार करेंगे जिस पर हम सभी को गर्व होगा।
-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### प्यारे दोस्तों की देखभाल



हमारे प्यारे दोस्तों के लिए विशेष देखभाल। असम सरकार ने पालतू जानवरों की देखभाल के वास्ते तीन अस्पताल विकसित करने के लिए एक व्यापक योजना बनाई है जो 2025 के अंत तक चालू हो जाएंगे।
- हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### प्रधानमंत्री से आग्रह



पहलगाम हमले में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में, शहीद के दर्जे की उनकी मांग में, मैं साथ खड़ा हूं। प्रधानमंत्री से आग्रह है कि वो इस त्रासदी में जान गंवाने वालों को यह सम्मान दें।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## आधुनिक तकनीक के जलग्रहण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर उपयोग के दिए निर्देश

# केंद्रीय मंत्री चौहान ने नक्शा कार्यक्रम, अमृत सरोवर के साथ ही ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं भूमि संसाधन विभाग की योजनाओं-कार्यक्रमों की समीक्षा की।

केंद्रीय मंत्री ने भूमि संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) जैसी आधुनिक तकनीक के जलग्रहण विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि मृदा व नमी संरक्षण डेटा के आधार पर निर्णय सहायता प्रणाली (डीएसएस) विकसित करके ग्राम समुदाय और व्यक्तिगत किसानों को उचित सलाह दी जानी चाहिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के तहत जलग्रहण विकास परियोजनाओं को जनांदोलन की तरह क्रियान्वित किया जाना चाहिए। आम जनता, जन प्रतिनिधियों, गैर सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स सहित सभी हितधारकों की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएं।



### नक्शा कार्यक्रम 29 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहा

नक्शा कार्यक्रम को देश के 29 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 152 शहरी स्थानीय निकायों में चलाया जा रहा है, जिनमें से 61 में एरियल फ्लाइंग का काम पूरा हो चुका है। केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि शेष शहरी स्थानीय निकायों में भी एरियल फ्लाइंग कार्य निर्धारित समय-सीमा अर्थात जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएं। समीक्षा बैठक में राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों से अपेक्षा की गई कि ग्राउंड ट्रूथिंग के लिए रोवर्स व्यवस्था और शहरी टीमों का गठन समयबद्ध तरीके से पूरा कर लिया जाए। शिवराज सिंह ने राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया सरल किए जाने पर जोर देते हुए कहा कि इस संबंध में राज्यों के साथ समन्वय किया जाएं, ताकि जनता को सहूलियत हो। देश में भूमि अभिलेख डेटा को और पारदर्शी तथा सटीक बनाने के लिए अधिकारों के अभिलेखों में भूस्वामी का आधार संख्या, मोबाइल नंबर और उसका पता भी शामिल करने के निर्देश दिया तथा इस काम में तेजी लाने को भी कहा।

### अमृत सरोवर की समीक्षा की

बैठक में मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा की गई, जिसमें इसकी ठोस उपलब्धियों एवं गहन प्रभावों को रेखांकित किया गया। मिशन अमृत सरोवर के अंतर्गत देश में 50 हजार सरोवर बनाने का लक्ष्य तय किया गया था, इसे पार करते हुए देशभर में 68 हजार से अधिक अमृत सरोवरों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। यह समग्र सरकारी दृष्टिकोण व जनभागीदारी आधारित राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य केवल जलाशयों का निर्माण या पुनरुद्धार नहीं, अपितु जल संरक्षण एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है। अभियान अंतर्गत लगभग 80 हजार पंचायत प्रतिनिधि एवं 65 हजार से अधिक उपयोगकर्ता समूह सक्रिय रूप से जुड़ चुके हैं। ये समूह सरोवरों के माध्यम से विविध प्रकार की आजीविका गतिविधियों- कृषि, मत्स्यपालन, पर्यटन व मनोरंजनात्मक कार्यक्रमों का संचालन कर रहे हैं।

## भाजपा ने मुगल शासन से की सुक्खू सरकार की तुलना

# हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चूड़धार के मंदिर में दर्शन पर टैक्स लगाना गलतः शुक्ला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार की तुलना मुगल शासन से करते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश की सरकार ने चूड़धार के मंदिर के इष्ट देवता शिरगुल महाराज के दर्शन पर टैक्स लगा दिया है। भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने शुक्रवार को कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिरगुल महाराज का दर्शन करने आते हैं। वहां किसान अपनी फसल का पहला हिस्सा अर्पित करते हैं। ऐसे शिरगुल महाराज के दर्शनार्थी भक्तों पर सुक्खू सरकार ने टैक्स लगा दिया है। औरंगजेब केवल हिंदुओं से टैक्स लेता था लेकिन कांग्रेस की सुक्खू सरकार ने घोड़ों और खच्चर को भी टैक्स के दायरे में ला दिया है जिस पर चढ़ कर लोग चूड़धार मंदिर तक पहुंचते हैं। सुक्खू सरकार पर तीखा हमला करते हुए प्रेम शुक्ला ने आगे कहा कि इससे पहले भी सुक्खू सरकार हिंदू मंदिरों से बड़े पैमाने पर धन वसूलने का फैसला ले चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि चिंतपूर्णी देवी मंदिर में हवन करने की फीस को तीन गुना बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि हवन पर टैक्स, पूजा पर टैक्स, मंदिर की तरफ़ जाने पर भी टैक्स, मुगल भी शरमा जाएं ऐसी नीतियां हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने लागू की हैं। मंदिर दर्शन पर टैक्स लगाने का फैसला वापस लेने की मांग करते हुए भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस नेतृत्व को हिंदू विरोधी करार देते आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व के इशारे पर ही हिमाचल में हिंदुओं के खिलाफ फैसले हो रहे हैं। प्रेम शुक्ला ने तंज कसते हुए कहा कि सुक्खू सरकार हिंदुओं के सांस लेने पर भी टैक्स लगा सकती है।

## पीएम ने केरल को दी 8900 करोड़ की सौगात, विझिनजाम बंदरगाह देश को समर्पित

# बुनियादी ढांचे के विकास से व्यापार करने में होती आसानीः बंदरगाह जलमार्ग नीतियों का आधार



### मोदी ने इशारों-इशारों में बहुत कुछ कह दिया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तिरुवनंतपुरम में देश की पहली अंतर्राष्ट्रीय डीपवाटर ट्रांसशिपमेंट परियोजना, विझिनाम इंटरनेशनल सीपोर्ट का औपचारिक उद्घाटन किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान जनता को भी संबोधित किया। वे अपने तंज के लिए जाने जाते हैं और उन्होंने कुछ ऐसा ही एक बार फिर किया। उन्होंने सीएम पिनराई विजयन और सांसद शशि थरूर का नाम लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन पर तंज कसा। पीएम मोदी इशारों-इशारों में कांग्रेस पर तंज कसा और पूरे इंडी गठबंधन पर भी हमला बोल दिया। पीएम ने कहा, कि मैं सीएम को बताना चाहता हूं, आप इंडी गठबंधन के मजबूत स्तंभ हैं, शशि थरूर भी यहां बैठे हैं। आज का कार्यक्रम कई लोगों की नींद उड़ा देगा। जहां पहुंचनी चाहिए ये बात पहुंच भी गई होगी।

### केरल को 8,900 करोड़ की सौगात दी

पीएम मोदी ने को 8,900 करोड़ की सौगात दी। उन्होंने हजारों करोड़ की लागत से निर्मित 'विझिनजाम इंटरनेशनल डीपवाटर मल्टीपर्पज सीपोर्ट' को राष्ट्र को समर्पित किया। केरल सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना को अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड की ओर से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित किया गया है।

### विजयन और थरूर को बताकर 'इंडी गठबंधन' पर कसा तंज



### भगवान आदि शंकराचार्य को नमन किया

उन्होंने कहा कि आज भगवान आदि शंकराचार्य की जयंती है। 3 वर्ष पूर्व सितंबर में मुझे उनके जन्मभूमि क्षेत्र में जाने का सौभाग्य मिला था। केरल से निकलकर देश के अलग-अलग कोनों में मठों की स्थापना करके आदि शंकराचार्य जी ने राष्ट्र की चेतना को जागृत किया। इस पुनीत अवसर पर मैं उन्हें नमन करता हूं।

### विकास और व्यापार करने में आसानी होगी

पीएम मोदी ने कहा कि बंदरगाह अर्थव्यवस्था की पूरी क्षमता का एहसास तब होता है, जब बुनियादी ढांचे के विकास और व्यापार करने में आसानी को प्राथमिकता दी जाती है और बढ़ावा दिया जाता है। पिछले एक दशक में यह दृष्टिकोण सरकार की बंदरगाह और जलमार्ग नीतियों का आधार रहा है।

### आंध्र को भी दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

## पीएम ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया



पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है।प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं।

**अमरावती में एक सपना सच होते दिख रहा**

मोदी ने कहा कि आज जब मैं इस अमरावती की भूमि पर खड़ा हूं तो मुझे केवल ये एक शहर नहीं दिख रहा है बल्कि मुझे ये एक सपना सच होते हुए दिख रहा है।

**डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र**

पीएम ने 5,028 करोड़ की 9 केंद्रीय परियोजनाओं की नींव रख। इनमें नागयालंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र, यूनिटी मॉ, गुंटकल - मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज और 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं। मिसाइल परीक्षण केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र भी होगा।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/ साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है:–

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-15-2025 | दिनांक 19.05.2025 को 11:00 बजे | पानीपत (कार), साहिबाबाद, सांपला (द्वितीय प्रवेश), सांपला (मुख्य प्रवेश), पानीपत (प्रथम प्रवेश) (साइकिल–स्कूटर), टोहाना = कुल 6 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | | https://ireps.gov.in/ |

**ई–नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ**

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता।
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/तेकेदारें (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली – 110055, Email: pkg.delhidivision@gmail.com, Tel: 011-23743084

संख्या: 23 AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 01.05.2025 1297/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सीडब्लूसी की बैठक में पहलगाम मसले पर मंथन किया

# केंद्र की स्पष्ट नीति न होने पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, आतंक के खिलाफ साथ साथ

*बैठक में सरकार को हर संभव मदद देने का वचन दोहराया*

*राहुल में मृतकों के लिए शहीद का दर्जा देने की मांग उठाई थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की उच्चाधिकार प्राप्त कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्लूसी) की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में केंद्र सरकार को हर संभव सहयोग देने का वचन दोहराया, वहीं इस सवाल पर सरकार को घेरा भी कि पहलगाम में हिंदू नरसंहार के हफ्ता से ज्यादा बीत जाने के बाद भी आज तक केंद्र सरकार की कोई स्पष्ट रणनीति सामने नहीं आई है।

बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि राहुल गांधी ने कानपुर में शुभम द्विवेदी के परिवारजनों से मुलाकात की और सरकार से मारे गए लोगों को शहीद का दर्जा और सम्मान देने की मांग की है। बतौर पार्टी अध्यक्ष उन्होंने जोर देकर कहा कि देश की एकता, अखंडता और खुशहाली की राह में जो भी चुनौती बनकर आएगा, उसके ख़िलाफ़ हम एक होकर सख्ती से निपटेंगे। पूरा विपक्ष इस मसले पर सरकार के साथ है। हमने पूरी दुनिया को यही संदेश दिया है।



### संगठनात्मक रणनीति

**2025 से 2027 के बीच विधानसभा चुनावः** बिहार, उत्तर प्रदेश, और अन्य राज्यों में चुनावी रणनीति पर विचार। बिहार में महागठबंधन के साथ सीट बंटवारे पर सहमति।

**जमीनी स्तर पर सक्रियताः** जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान को 26 जनवरी 2026 तक विस्तार देने का फैसला। यह अभियान दलित, आदिवासी, और अल्पसंख्यक समुदायों तक पहुंचने के लिए है।

**किसान सम्मान यात्राः** उत्तर प्रदेश में किसानों के मुद्दों को उठाने के लिए इस अभियान पर विचार।

### सोनिया, राहुल और पित्रोदा की मुश्किलें बढ़ीं, दिल्ली की अदालत ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TACEGOLCNG REG. NO. DL1LAJ9740-YOM- 2023
2) TATA MOTORS TATA1812 ENG. NO. HR58D0799-YOM -2023
3) TATA MOTORS T1109SG REG. NO. DL1LX4107-YOM -2014
4) EICHR_VECV VE1110FB REG. NO. UP16ET2846-YOM -2017
5) TATA MOTORS T1512G REG. NO. HR55AN0394-YOM-2022
6) TATA MOTORS TLPT1109CH REG.NO. HR55AK5316-YOM-2021
7) TATA MOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55AK3339-YOM-2021
8) TATA MOTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55AK6631-YOM -2021
9) TATAM OTORS TLPT1109FB REG. NO. HR55AK7513-YOM-2021
10) MARUTIS SUPCARYCNG REG. NO. DL1LAL2348-YOM-2023
11 ) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. HR55AK9575-YOM-2021
12) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. HR55AK4177-YOM-2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 3 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com



**फोन नं. 01267-271350 (O), नं. 01267-274755 (FAX)**
Email ID-spmwt@hry.nic.in

पुलिस विभाग — जिला नूंह

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह**

**भर्ती सूचना**

हरियाणा पुलिस अधिनियम-2007 की धारा-21 के तहत नूंह पुलिस में 120 विशेष पुलिस अधिकारियों के चयन हेतु प्रक्रिया

(फोन नं :- 01267-271350)

| पद का नाम | पदों की संख्या | सारणी | तिथि व चयन |
|---|---|---|---|
| विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) | रिक्त पद-120 | कार्यालय जिला निरीक्षक कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में आवेदन करने की तिथि | 03.05.2025 से 09.05.2025 |
| | | साक्षात्कार | 13.05.2025 |

जिला पुलिस नूंह में 120 स्पेशल पुलिस ऑफिसर (SPO) / विशेष पुलिस अधिकारियों की भर्ती के लिये दिनांक 09.05.2025 तक आवेदन कर सकते है।

सेना एवं अर्धसैनिक बल के सेवानिवृत्त कर्मचारी, HISF बटालियन के हटाये गये कर्मचारी तथा 2004 में हरियाणा शस्त्र बल (HAP) के हटाए गये कर्मचारियों में से जिला नूंह पुलिस में विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) के तौर पर भर्ती किया जायेगा। भर्ती के इच्छुक आवेदक निम्नलिखित शर्तों अनुसार दिनांक 09.05.2025 तक कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में आवेदन कर सकते हैं।

1. विशेष पुलिस अधिकारियों (SPO) की भर्ती के लिये हरियाणा के किसी भी जिले का रिहायशी या पड़ोसी राज्यों के रिहायशी भर्ती के इच्छुक उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं।
2. आवेदन दिनांक 09.05.2025 तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में उपस्थित होकर सम्पर्क कर सकते हैं और अपने आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। योग्य उम्मीदवार आवेदन अपने साथ 4 फोटो पासपोर्ट साईज के, शिक्षा, सेवा से सम्बन्धित प्रमाण पत्र, मूल रिहायशी प्रमाण पत्र व सेवानिवृत्ति के समय प्रदान किया गया मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ व्यक्तिगत रूप से कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह में भर्ती कमेटी के सदस्यों से सम्पर्क उपरोक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रति भी लेकर आयें। कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह मे भर्ती कमेटी के सदस्यों से सम्पर्क करें। योग्य उम्मीदवार अपने साथ उपरोक्त सभी दस्तावेजों की मूल प्रति भी लेकर आयें।
3. चयनित उम्मीदवार को 20,000/ रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जायेगा। चयनित उम्मीदवार के वेतन से ड्यूटी के दौरान हरियाणा राज्य परिवहन में निशुल्क यात्रा करने के सम्बन्ध में 120/- रुपये प्रतिमाह काटा जायेगा।
4. सेवानिवृत कर्मचारियों के लिये आवश्यक है उनकी आयु 25 साल से 50 साल तक के बीच की होनी चाहिये।
5. किसी भी उम्मीदवार को अनुशासनहीनता या मेडिकल के आधार पर पूर्व में नौकरी से न हटाया गया हो।
6. भूतपूर्व सैनिक द्वारा सेना में कम से कम 5 वर्ष तक सेवाएं दी गई होनी चाहिये।
7. चयनित SPO/ कर्मचारी एक वर्ष की अवधि के लिये 20,000/- रूपये के मासिक मानदेय पर रखे जायेंगे। इस राशि को विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) को नकद ना देकर उनके बैंक खाते में जमा किया जायेगा।
8. चयनित उम्मीदवारों को भर्ती के समय दो जोड़ा वर्दी, एक जोड़ा जूते और अन्य आवश्यक वर्दी से सम्बन्धित वस्तुओं के लिए 3000 रुपये केवल एक बार दिये जायेंगे।
9. सरकारी दौरे पर 150 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से TA/DA दिया जायेगा।
10. आकस्मिक अवकाश हरियाणा पुलिस के सिपाही के समान दिया जायेगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर 50 लाख रुपये अनुग्रह राशि के तौर पर दिये जायेगें।
11. भूतपूर्व सैनिक की भर्ती के समय कोई लिखित परीक्षा तथा शारीरिक माप-तौल नहीं होगा।
12. राज्य सरकार द्वारा जारी हिदायतों अनुसार अनुसूचित जाति तथा पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों को उचित प्रतिनिधित्व दिया जायेगा।
13. विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) को आपातकालीन स्थिति में हरियाणा राज्य के किसी भी जिले में तैनात किया जा सकता है।
14. चयनित विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) को 15 दिन का पुलिस लाईन नूंह में पुलिस ड्यूटी के बारे में प्रशिक्षण दिया जायेगा ताकि इनको कानून व्यवस्था डयूटी, गार्द डयूटी, पैट्रोलिग, यातायात और पुलिस से सम्बन्धित अन्य ड्यूटियों पर तैनात किया जा सके।
15. इस सम्बन्ध में हरियाणा पुलिस विभाग द्वारा समय-2 पर जारी हिदायतें लागू होंगी।
16. चयन के लिये साक्षात्कार में आने वाले उम्मीद्वारों को कोई यात्रा भत्ता तथा दैनिक भत्ता (T.A/D.A) नहीं दिया जायेगा।

हस्ता/-पुलिस अधीक्षक, नूंह।

पीआरडीएच 1084/11/3332/2026/34416/88/7 दि. 02.05.2025



**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 04/XEN/TS/SRS/2025-26DATED 16.04.2025,ONLINE TENDERID:2025673FBADF E5FD 4E19 B437 DB472AC2896D968HVP/2025_HBC_440604_1 | ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.05.2025 (15.00 बजे) तक बढ़ा दी गई है, खुलने की तिथि 16.04.2025 (15.00 बजे) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.03/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26 DATED:- 21.04.2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_441590_1) | "बोली खुलने की तिथि 02.05.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.05.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NIT NO.04/CWD-2/VOL-XIX/HVPN/2025-26 DATED:- 21.04.2025(ONLINE TENDERIDNO. 2025_HBC_441591_1) | "बोली खुलने की तिथि 02.05.2025 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 12.05.2025 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है। (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | 2025_HBC_434779_1/17/GE-50/ 2024-25 DATED 19.03.2025 | निविदा बोली जमा करवाई जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 01.05.2025 थी। अब नई बोली प्रारम्भ तिथि 01.05.2025 और नई बंद होने की / बोली जमा की तिथि 08.05.2025 तक 10:00 बजे तक बढ़ा दी गई है, और केवल दो अदद बोली प्राप्ति की वजह से नई बोली खुलने की तिथि 09.05.2025 10:00 बजे। | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद–13/2026/80/34401/I/88/7 दि. 02.05.25

### वेव्स सम्मेलन में ग्लोबल मीडिया डायलॉग में बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर

# हमें अपनी परंपराओं, विरासत व विचारों को महत्व देने की जरूरत

भाषा ▸▸ मुंबई

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि अतीत में बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व एवं उपनिवेशवाद ने बहुलवाद को दबा दिया था तथा वैश्विक व्यवस्था को लोकतांत्रिक बनाने के प्रयासों के बीच परंपराओं, विरासत एवं विचारों को महत्व देना आवश्यक है। जयशंकर ने यहां 'विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन सम्मेलन' (वेव्स) में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ 'ग्लोबल मीडिया डायलॉग' को संबोधित करते हुए प्रतिभाओं के लिए सहज गतिशीलता सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की ताकि वे रचनात्मकता में और योगदान दे सकें। जयशंकर ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के युग की अपार संभावनाओं को भी रेखांकित किया और कहा कि ''प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए।'' कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव के बीच विदेश मंत्री ने आगाह किया कि उभरती प्रौद्योगिकियों का गैर-जिम्मेदाराना उपयोग बढ़ती चिंता का विषय होगा और पूर्वाग्रह को कम करना, विषय-वस्तु का लोकतंत्रीकरण करना तथा इसकी नैतिकता को प्राथमिकता देना, ये सभी उभरते विमर्श का हिस्सा होंगे। जयशंकर ने 60 देशों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, ''सच्चाई यह है कि दुनिया मूलतः, कुदरती रूप से और अनिवार्य रूप से विविधतापूर्ण है। तथा अतीत में उपनिवेशवाद और बड़ी शक्तियों के प्रभुत्व दोनों ने बहुलवाद को दबा दिया है। उन्होंने कहा, ''चूंकि हम अब अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का लोकतंत्रीकरण करना चाहते हैं। ऐसे में केवल राजनीतिक और आर्थिक स्वतंत्रता पर जोर देना पर्याप्त नहीं है। यह भी उतना ही आवश्यक है कि हम अपनी परंपराओं, अपनी विरासत, विचारों, प्रथाओं और अपनी रचनात्मकता को महत्व दें। जयशंकर ने कहा कि दुनिया में कई आवाज, कई अनुभव और कई सत्य हैं और हर किसी को खुद को अभिव्यक्त करने का अधिकार है तथा ऐसा करने में उनकी मदद की जानी चाहिए।मंत्री ने अभिव्यक्ति के अधिकार को सुगम बनाने के लिए प्रौद्योगिकी की शक्ति का अधिक प्रभावी ढंग से उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''इसके अनुप्रयोग और विकास में, हमें इस विश्वास से निर्देशित होना चाहिए कि आधुनिकता अतीत की अस्वीकृति नहीं है, बल्कि मानवीय उपलब्धियों पर आधारित एक निरंतर खोज है। इस कारण से, प्रौद्योगिकी और परंपरा को साथ-साथ चलना चाहिए। जयशंकर ने कहा, ''हमें यह भी ध्यान में रखना है कि नवाचार उस छलांग के लिए महत्वपूर्ण है जिससे 2047 तक एक विकसित भारत का निर्माण होगा जिसे हम विकसित भारत कहते हैं। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल संपर्क और भौतिक रूप से माल के परिवहन, भंडारण का वैश्विक कार्यस्थल बना रहे हैं और कार्यबल इसे एक वास्तविकता बना रहा है। उन्होंने इस बात को भर रेखांकित किया कि ऐसे युग में जहां सूचना का प्रवाह अत्यधिक है, युवा प्रतिभाओं को खुद को केंद्र में लाने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा, ''आज सूचना का अतिरेक है और चुनौती यह है ।




### एनएसई ने 'निफ्टी वेव्स सूचकांक' पेश किया

**मुंबई(भाषा)।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को 'निफ्टी वेव्स सूचकांक' पेश किया। इसमें मीडिया, मनोरंजन और गेमिंग उद्योग से संबंधित 43 सूचीबद्ध कंपनियां शामिल हैं। नया सूचकांक देश के सबसे गतिशील उद्योग क्षेत्रों में से एक के प्रदर्शन की गहन जानकारी देने के लिए बनाया गया है। फिल्म, टेलीविजन, डिजिटल मंच, संगीत और गेमिंग में फैले विविध कार्य क्षेत्र के साथ भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग एक तेज बदलाव से गुजर रहा है, जिसमें तकनीक को अपनाने के साथ ही रचनात्मक नवाचार भी शामिल है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विश्व श्रव्य दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 में सूचकांक पेश करते हुए कहा, ''भारत का अगला महत्वपूर्ण निर्यात इसकी कल्पनाशीलता है - हमारी कहानियां, संगीत, नवाचार और रचनात्मक भावना। वेव्स के जरिये हम अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और अपने असीम डिजिटल भविष्य के बीच एक पुल का निर्माण कर रहे हैं। निफ्टी वेव्स सूचकांक की पेशकश ने हमें इस क्षेत्र में सफलता को मापने और अन्य उद्यमियों को प्रेरित करने के लिए एक साधन दिया है। निफ्टी वेव्स सूचकांक में प्रत्येक शेयर का भार पांच प्रतिशत की सीमा के भीतर 'फ्री फ्लोट' बाजार पूंजीकरण पर आधारित है।

### वैष्णव ने साझा एआई के नैतिकतापूर्ण उपयोग की वकालत की

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को नई प्रौद्योगिकियों के लिए संयुक्त निधि, साझा मानकों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिकतापूर्ण उपयोग के लिए स्पष्ट नियमों की वकालत की। यहां 'विश्व श्रव्य, दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन' (वेव्स) में वैश्विक मीडिया संवाद को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार, उद्योग और रचनाकारों के बीच गठजोड़ अपरिहार्य हो गया है क्योंकि स्थानीय कहानियों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा कि वैश्विक मीडिया संवाद रचनात्मकता, संस्कृति और सहयोग पर आधारित है। विदेश मंत्री एस जयशंकर, सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन और कई देशों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आयोजित संवाद को संबोधित करते हुए वैष्णव ने कहा, ''एक सरकार के रूप में, हमें सभी को अपनी कहानी दुनिया के सामने दिखाने का उचित अवसर प्रदान करना चाहिए। हमें स्थानीय सामग्री के प्रचार को प्रोत्साहित करना चाहिए और अन्य चीजों के अलावा बौद्धिक संपदा (आईपी) ढांचे को लागू करना चाहिए।

### हमें अलग-अलग देशों में वितरण नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत : आमिर खान



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान और फिल्म निर्माता दिनेश विजन ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय फिल्म निर्माताओं को अपनी फिल्मों का विपणन करते समय भारत से आगे भी देखना चाहिए और विभिन्न देशों में वितरण नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत है। आमिर ने वेव्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस साथ में उनके साथ 'स्त्री' के निर्माता दिनेश विजन, एक्सेल एंटरटेनमेंट के रितेश सिधवानी, पीवीआर आईनॉक्स के प्रमुख अजय बिजली, वरिष्ठ अमेरिकी निर्माता चार्ल्स रोवन और मुंबई स्थित वीएफएक्स फर्म डीएनईजी के सीईओ नमित मल्होत्रा भी शामिल हुए। सुपरस्टार-निर्माता आमिर ने न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी बेहतर वितरण नेटवर्क की वकालत की।

### उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 260 अंक चढ़कर बंद

**मुंबई।** भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर उम्मीद, रिकॉर्ड जीएसटी संग्रह और विदेशी पूंजी का प्रवाह जारी रहने से शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार चढ़कर बंद हुए। संसेक्स में 260 अंक और निफ्टी में 12.50 अंक की तेजी रही। विश्लेषकों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख से भी निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स काफी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 259.75 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 80,501.99 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 935.69 अंक उछलकर 81,177.93 पर पहुंच गया था लेकिन बाद में मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त काफी कम हो गई।
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी कारोबार के अंत में 12.50 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 24,346.70 पर बंद हुआ।

### सोने में 1,080 और चांदी में 1,600 रुपए की उछाल

**नई दिल्ली।** विदेशों में मजबूत रुख के बीच आभूषण विक्रेताओं की ताजा लिवाली से शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,080 रुपए बढ़कर 96,800 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। गुरुवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,830 रुपए टूटकर 95,720 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 180 रुपए बढ़कर 96,350 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,930 रुपए घटकर 96,170 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा था। कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ताजा मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत रुख के कारण सोने में तेजी आई। इसके अलावा, शुक्रवार को चांदी की कीमत भी 1,600 रुपए उछलकर 97,100 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई।

## जून से भारत निर्मित आईफोन खरीदेगा अमेरिका : टिम कुक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने दी जानकारी

एप्पल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टिम कुक ने शुक्रवार को कहा कि जून तिमाही में अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन की आपूर्ति भारत से की जाएगी। वहीं शुल्क दरों पर अनिश्चितता के बीच चीन अन्य बाजारों के लिए सर्वाधिक आईफोन बनाना जारी रखेगा। कंपनी की दूसरी तिमाही से संबंधित जानकारी देते हुए एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा कि अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड वियतनाम में बने होंगे।

कुक ने कहा, 'जून तिमाही के लिए, हम उम्मीद करते हैं कि अमेरिका में बेचे जाने वाले अधिकतर आईफोन भारत में बने होंगे। वहीं अमेरिका में बेचे जाने वाले लगभग सभी आईपैड, मैक, एप्पल वॉच और एयरपॉड उत्पाद वियतनाम में बने होंगे। अमेरिका के बाहर कुल उत्पाद बिक्री में सबसे अधिक हिस्सेदारी चीन की होगी।' उन्होंने कहा कि जून तिमाही में एप्पल के लिए अधिकतर उत्पाद पर शुल्क दर 20 प्रतिशत होगी जो उन उत्पादों के लिए अमेरिका में आयात पर लागू होता है जो चीन में बने हैं। कुक ने कहा, 'इसके अलावा, चीन के लिए अप्रैल में कुछ श्रेणियों के उत्पादों के आयात पर 125 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क घोषित किया गया था। हमारे लिए यह हमारे कुछ अमेरिकी एप्पल केयर तथा सहायक उपकरण के लिए है और इन उत्पादों के लिए चीन पर कुल 145 प्रतिशत शुल्क है।'


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा (ई–प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-04 | **कार्य का नाम:**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली के तहत रेलवे सीमा MTC-HPU मार्ग पर RCC बाउंडरी दीवार की व्यवस्था का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):**– IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये):**– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| | NIT-05 | **कार्य का नाम:**– वरिष्ठ मंडल अभियंता–II/दिल्ली, सहायक मंडल अभियंता मेरठ के कार्यक्षेत्र में 61.1114 किमी की सुरक्षा बाड़ – एंटी) की व्यवस्था (क्रैश बैरियर का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये):**– IREPS पर NIT के अनुसार। **बयाना राशि (रुपये):**– IREPS पर NIT के अनुसार। |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 27.05.2025 15:00 Hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |

• ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/eTender Notice/NIT/04 & 05-25-26-W-II दिनांक: 01.05.2025
1311/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### नेपाल प्रतिनिधिमंडल का 2 मई 2025 को आई0एच0एम0 देहरादून का दौरा



**नई दिल्ली।** नेपाल के विभिन्न राजनीतिक दलों का एक प्रतिनिधिमंडल, नेपाल के सुदूरपश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री माननीय कमल बहादूर शह के नेतृत्व में अपने 10 प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के साथ भारत की यात्रा के कार्यक्रम के तहत 2 मई 2025 को आई0एच0एम0 देहरादून का दौरा किया। प्रतिनिधियों में शमिल हैं: माननीय बीर बहादूर थापा, भूमि प्रबंधन, कृषि और सहकारिता मंत्री, माननीय घनश्याम चौधरी, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य और संसदीय दल के नेता, माननीय नरेश शाही, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य, माननीय झपट सऊद, प्रांतीय विधानसभा के सदस्य, डॉ0 कमल प्रसाद पोखरेल षर्मा, मुख्य सचिव, सुदूरपश्चिम प्रांत सरकार, श्री शेर बहादुर भांडारी, सदस्य, नीति और योजना आयोग, सुदूरपश्चिम श्री सूरत कुमार बाम, भौतिक अवसंरचना मंत्रालय के सचिव।उत्तराखण्ड सरकार के पर्यटन सचिव ने प्रतिनिधियों को नई उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 के बारे में संक्षिप्त विवरण दिया।

## ईपीएफओ की योजना निर्माण श्रमिकों के लिए फायदेमंद

■ पूरे भारत में श्रम कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

निर्माण श्रमिकों को भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक व्यवस्था के तहत मिलने वाले लाभ के मुकाबले ईपीएफओ की भविष्य निधि योजना बेहतर सुरक्षा देती है। एक क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने दोनों कानूनों के बीच अस्पष्टता को दूर करते हुए यह फैसला सुनाया। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त (कोच्चि) उत्तम प्रकाश ने यह स्पष्टीकरण आदेश दिया, जो पूरे भारत में श्रम कल्याण के लिए महत्वपूर्ण है। ये दोनों कानून 1) - कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952 (ईपीएफ अधिनियम) और 2) भवन तथा अन्य निर्माण श्रमिक (बीओसीडब्ल्यू) अधिनियम, 1996 हैं। केरल उच्च न्यायालय ने निर्माण श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को नियंत्रित करने वाले दो प्रमुख राष्ट्रीय कानूनों के बीच लंबे समय से चल रहे संघर्ष का समाधान करने को कहा था, जिसके बाद यह आदेश आया। अदालत ने एक रियल एस्टेट डेवलपर वीगालैंड होम्स प्राइवेट लिमिटेड की रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, कोच्चि को यह पता लगाने के लिए कहा था कि कौन सा कानून निर्माण श्रमिकों के लिए अधिक लाभकारी है।

### पोको ने फ्लिपकार्ट की सासा लेले सेल के दौरान सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स पर दिये शानदार डिस्काउंट!

**नई दिल्ली।** अगर आप अपने स्मार्टफोन को अपग्रेड करना चाहते हैं, तो ये बिलकुल सही वक्त है। भारत का सबसे तेजी से बढ़ रहा ऑनलाइन स्मार्टफोन ब्रैंड पोको, सासा लेले सेल नाम से मशहूर फ्लिपकार्ट के बिग सेविंग डेज 2025 में अब तक की सबसे कम कीमतें लेकर आ रहा है। 2 मई से लेकर 8 मई तक पोको के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स उनकी सबसे कम कीमतों पर पाइये। फ्लिपकार्ट प्लस और वीआईपी मेम्बर्स के लिये तो यह मौका 1 मई को दोपहर 12 बजे से ही शुरू हो रहा है। चाहे आपको प्रमुख फायरपावर चाहिये या ढेर सारी खूबियों से भरपूर 5जी फोन्स, यह सेल सभी के लिये है।

### मोटोरोला ने भारत में लॉन्च किया एज 60 प्रो – असली फ्लैगशिप एआई अनुभव के साथ, 29,999 रुपये से शुरू

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने आज भारत में अपने नए स्मार्टफोन मोटोरोला एज 60 प्रो को लॉन्च किया है, जो फ्लैगशिप फीचर्स के साथ शानदार एआई अनुभव और दमदार परफॉर्मेंस का बेहतरीन कॉम्बिनेशन पेश करता है। यह फोन सेगमेंट का इकलौता ऐसा डिवाइस है, जिसमें 50एमपी + 50एमपी + 50एक्स एआई ट्रिपल कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिससे यूजर्स आसानी से प्रो की तरह फोटो और वीडियो कैप्चर कर सकते हैं।यह फोन गूगल Gemini एआई और मोटोरोला के ऑन-डिवाइस मोटो एआई से लैस है, जो स्क्रीन पर दिख रही चीजों के आधार पर स्मार्ट सजेशन देता है और आपकी अगली जरूरत को समझता है। इसमें दी गई डेडिकेटेड एआई की इसे और भी आसान बनाती है।एज 60 प्रो में दुनिया का सबसे शानदार 1.5K ट्रू कलर क्वाड-कर्व्ड डिस्प्ले दिया गया है।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


### चार धाम यात्रा के लिए चलाई जा रही भारत गौरव डीलक्स ट्रेन

**नई दिल्ली।** बद्रीनाथ, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम और द्वारका देश की चार दिशाओं में अवस्थित चार ऐसे धाम हैं जहां की यात्रा करना हर भारतीय की चाहत होती है। देश के इन चारों धाम की यात्रा रेल से कर पाना संभव है। इसके लिए भारतीय रेल द्वारा भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा रही है। भारतीय रेल द्वारा इससे पहले भी दो बार चारों धाम को जोड़ने के लिए भारत गौरव डीलक्स टूरिस्ट ट्रेन चलाई जा चुकी है। इस वर्ष दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 27 मई को 17 दिवसीय चारों धाम भारत गौरव डीलक्स यात्रा की शुरुआत होगी। इसके तहत बद्रीनाथ, माना गांव, नरसिंह मंदिर, जोशीमठ, ऋषिकेश, जगन्नाथ मंदिर, पुरी समुद्र तट, कोणार्क सूर्य मंदिर, चंद्रभागा समुद्र तट, रामेश्वरम में रामनाथ स्वामी मंदिर और धनुषकोडी तथा द्वारका में द्वारकाधीश मंदिर, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा भेंट द्वारका जैसी जगहों का भ्रमण कराया जाएगा। इस यात्रा में जाने वाले यात्रियों को वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, पुणे में भीमशंकर मंदिर और नासिक में त्रंबकेश्वर मंदिर का भ्रमण भी कराया जाएगा। 17 दिनों की यात्रा के दौरान सभी भक्त 8425 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन में कई आधुनिक आरामदायक फीचर जोड़े गए हैं जिसमें दो डायनिंग रेस्टोरेंट, एक मॉडर्न किचन और स्नान के लिए क्यूबिक स्नानघर शामिल हैं। सभी कोच में बायो टॉयलेट युक्त वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहूलियत के लिए फुटमसाजर भी लगाए गए हैं।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATA MOTORS TLPT1109CH REG. NO. HR55AK9176-YOM- 2021
2) ASHOK_LEY AL1615 ENG. NO. DL1GE1573-YOM -2022
3) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ3842-YOM-2021
4) TATA MOTORS TATAACE REG. NO. DL1LAG6100-YOM-2022
5) ASHOK_LEY ALEC1012FB REG. NO. UP16GT2355-YOM- 2019
6) ASHOK_LEY AL2518FBT REG.NO. UP16GT1294-YOM NA
7) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. DL1LAJ1222-YOM-2022
8) TATA MOTORS TATA1812 REG. NO. HR38AG1080-YOM-2023
9) TATA MOTORS TACEGOLD REG. NO. UP12CT0264-YOM-2023
10) SML SMLSARTAJP REG. NO. DL1LAA0978-YOM-2017
11 ) ASHOK_LEY AL1615 REG. NO. HR55AL0428-YOM-2022

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 3 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL–raman.ahuja@kotak.com



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यूसुफ उर्फ आकाश कपूर, पुत्र सोनू कपूर निवासी सफेदा झुग्गी शमशान घाट गीता कॉलोनी, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1733/2014 भा.द.सं. की धारा 379/482/411 के तहत, थाना सीमा पुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **यूसुफ उर्फ आकाश कपूर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **यूसुफ उर्फ आकाश कपूर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1733/2014 भा.द.सं. की धारा 379/482/411 के तहत, थाना सीमा पुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **यूसुफ उर्फ आकाश कपूर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.06.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐश्वर्या सिंह कश्यप
एलडी न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, कोर्ट नं.25
शाहदरा, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली
DP/5505/NE/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय** पुत्रः **राम नाथ** निवासीः **झुग्गी नं. सी–383, एसएस नगर, डब्ल्यूपीआईए, दिल्ली** ने case **FIR No. 233/2015 U/s 379/411 IPC, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **विजय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है case **FIR No. 233/2015 U/s 379/411 IPC, थाना अशोक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 04.06.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 101, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/5503/NW/2025(Court Matter)


## राशिफल

**मेष** – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।


**धनु** – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

### शब्द पहेली - 5855




**बाएँ से दाए-**
1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**
2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -5854 का हल**










## गॉफ ने फाइनल में बनाई जगह

**मैड्रिड।** अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ ने गत चैंपियन इगा स्वियाटेक को 6-1, 6-1 से हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया। गॉफ ने पहले सेट में तीन बार और दूसरे सेट में दो बार स्वियाटेक की सर्विस तोड़ी। उन्होंने इस क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का यह मुकाबला केवल 64 मिनट में अपने नाम किया। फाइनल में गॉफ का मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका या एलिना स्वितोलिना से होगा। इस बीच पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में कैस्पर रूड ने दानिल मेदवेदेव को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। रूड का अगला मुकाबला फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा, जिन्होंने किशोर जैकब मेन्सिक को 3-6, 7-6 (5), 6-2 से हराया।

## यूनाइटेड और टोटेनहैम ने यूरोपा लीग सेमीफाइनल में बनाई मजबूत बढ़त

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल के पहले चरण में बड़ी जीत हासिल की। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने स्पेन के सैन मैम्स में एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराया जबकि टोटेनहैम ने घरेलू मैदान पर नॉर्वे के क्लब बोडो ग्लिमट के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। इस तरह से इंग्लैंड की इन दोनों टीमों ने यूरोप के दूसरे सबसे बड़े क्लब टूर्नामेंट को जीतने और महाद्वीप की शीर्ष क्लब प्रतियोगिता चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा है।मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहैम दोनों इंग्लिश प्रीमियर लीग के निचले भाग में हैं लेकिन यूरोपा लीग की ट्रॉफी जीतने पर उन्हें अगले सत्र में चैंपियंस लीग में जगह मिल जाएगी।



खास खबर

## हम युवा खिलाड़ियों को सुपरस्टार बनाते हैं



**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स की इस सत्र में इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें समाप्त हो गई है। उसके क्षेत्ररक्षण कोच दिशांत याग्निक ने कहा कि मेगा नीलामी से पहले जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट जैसे सुपरस्टार को रिलीज करने की आलोचना के बावजूद उनकी टीम युवाओं का समर्थन करना जारी रखेगी। रॉयल्स की टीम में कई युवा खिलाड़ी हैं जिनमें आईपीएल में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं।



## इंग्लैंड टेस्ट टीम में कुक और कॉक्स शामिल

**लंदन।** इंग्लैंड ने शुक्रवार को 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए नए खिलाड़ियों सैम कुक और जॉर्डन कॉक्स को अपनी 13 सदस्यीय टीम में शामिल किया। यह मैच 2003 के बाद से जिम्बाब्वे का इंग्लैंड की धरती पर पहला टेस्ट है। इस मैच के साथ इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय घरेलू सत्र की शुरुआत होगी जिसमें 20 जून से भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच टेस्ट मैच भी शामिल हैं। मध्यम गति के गेंदबाज कुक हाल के वर्षों में काउंटी क्रिकेट में निरंतर अच्छी गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे हैं।

## भारत की तरफ से खेलने का सपना बरकरार



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने शुक्रवार को कहा कि पिछले दो साल से राष्ट्रीय टीम से बाहर रहने के बावजूद भारत की तरफ से खेलने के उनकी इच्छा और भूख पहले की तरह बरकरार है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरी टेस्ट मैच 2023 में खेला था और वह करीब एक दशक से सीमित ओवरों की टीम से बाहर हैं लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय टीम में वापसी करने को लेकर अभी हार नहीं मानी है। रहाणे ने कहा, 'मैं फिर से भारतीय टीम में जगह बनाना चाहता हूं। मेरी इच्छा, भूख, जज्बा पहले की तरह बरकरार है।'

## प्लेऑफ से बाहर, हम घबराने वाले नहीं



**बेंगलुरु।** बल्लेबाजी कोच माइक हस्सी ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से बाहर होने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स घबराने वाली नहीं है और इस सत्र में कुछ युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने आशा की किरण जगाई है। पांच बार की चैंपियन चेन्नई टीम दस मैचों में सिर्फ चार अंक लेकर दस टीमों की लीग में आखिरी स्थान पर है। हस्सी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'हम निश्चित रूप से घबराने वाले नहीं है कि हमने इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। लेकिन हमें कुछ पहलुओं में सुधार करना होगा।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| मुंबई | 11 | 7 | 4 | 14 |
| गुजरात | 10 | 7 | 3 | 14 |
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 11 | 3 | 8 | 6 |
| हैदराबाद | 10 | 3 | 7 | 6 |
| चेन्नई | 10 | 2 | 8 | 4 |

ऑरेंज कैप



सूर्यकुमार
475 रन
मुंबई

पर्पल कैप



जोश हेजलवुड
18 विकेट
बेंगलुरु

### खबर संक्षेप

#### सुदर्शन को टेस्ट टीम में शामिल करने की पैरवी

**दुबई।** पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने युवा साइ सुदर्शन को हर प्रारूप का बल्लेबाज बताते हुए कहा कि उसे इस साल इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए।



भारतीय टीम नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025 - 2027) की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट की श्रृंखला से करेगा। आईपीएल में इस सत्र में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में 456 रन के साथ दूसरे स्थान पर काबिज गुजरात टाइटंस के सुदर्शन के बारे में शास्त्री ने कहा कि काउंटी खेलने के अनुभव और अपनी तकनीक के कारण वह इंग्लैंड के हालात में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

#### केसीए का श्रीसंत पर तीन साल का प्रतिबंध

**तिरुवनंतपुर।** केरल क्रिकेट संघ ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम से संजू सैमसन के बाहर रहने को लेकर हुए विवाद के सिलसिले में उसके खिलाफ कथित तौर पर झूठे और अपमानजनक बयान देने पर भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है।



केसीए ने एक बयान में कहा कि यह फैसला 30 अप्रैल को कोच्चि में उसकी आमसभा की विशेष बैठक में लिया गया। श्रीसंत इस समय केरल क्रिकेट टीम में कोल्लम एरीस टीम के सह मालिक हैं।

#### भारत की निगाह दौरे के सकारात्मक अंत पर

**पर्थ।** लगातार तीन मैच में हार झेलने के बाद भारत शनिवार को यहां जब पांच मैचों की श्रृंखला के अपने चौथे मैच में मेजबान ऑस्ट्रेलिया से फिर भिड़ेगा तो उसकी निगाह नई रणनीति आजमाकर इस दौरे का सकारात्मक अंत करने पर होगी।




सलीमा टेटे के नेतृत्व में भारतीय टीम को पहले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया ए से 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वह गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम से 0-2 से हार गई थी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया था लेकिन यह जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं था।

### सिराज और प्रसिद्ध को 2-2 विकेट, टाइटंस नंबर-2 पर आए

# गुजरात ने हैदराबाद को 38 रन से हराया, गिल और बटलर की फिफ्टी

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर की तिकड़ी की विस्फोटक बल्लेबाजी के बाद प्रसिद्ध कृष्णा (19 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 38 रन से हराकर प्ले ऑफ की तरफ मजबूत कदम बढा दिये। गुजरात टाइटंस ने छह विकेट पर 224 रन बनाने के बाद सनराइजर्स हैदराबाद की पारी को छह विकेट पर 186 रन पर रोक दिया। इस जीत के साथ ही टाइटंस की टीम अंक तालिका में 10 मैचों में सातवीं जीत के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गयी जबकि सनराइजर्स के लिए प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो गयी। टीम की यह 10 मैचों में सातवीं हार है और वह छह अंक के साथ तालिका में नौवें स्थान पर है। टाइटंस के लिए प्लेयर ऑफ द मैच कृष्णा के साथ मोहम्मद सिराज ने भी दो विकेट चटकाये। इशांत शर्मा और जेराल्ड कोएत्जी को एक-एक सफलता मिली। सनराइजर्स के लिए अभिषेक शर्मा ने 38 गेंद में 76 रन बनाये लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी का कारगर साथ नहीं मिला। टाइटंस के कप्तान गिल ने 38 गेंद में 76 रन बनाये जबकि सुदर्शन ने 23 गेंद में 48 रन की पारी खेल उनके साथ 6.5 ओवर में पहले विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी के साथ टीम को आक्रामक शुरुआत दिलाई। गिल ने अपनी पारी में 10 चौके और दो छक्के तो वहीं सुदर्शन ने 23 नौ शानदार चौके लगाये। इसके बाद क्रीज पर आये बटलर ने 37 गेंद में तीन चौके और चार छक्के की मदद में 64 रन बनाकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचा दिया। सनराइजर्स के लिए जयदेव उनादकट ने 35 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्हें तीनों सफलता 20वें ओवर में मिली जिसमें उन्होंने 12 रन खर्च किये। लक्ष्य का पीछा करते हुए अभिषेक ने सिराज और इशांत के खिलाफ छक्के लगाकर आक्रामक तेवर दिखाये। दूसर छोर से ट्रेविस हेड (20) ने पहले और तीसरे ओवर में सिराज की गेंद पर चौके बटोरे। हेड ने कृष्णा की गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर चकमा खा गये। राशिद ने डीप मिडविकेट पर पीछे की तरफ दौड़ते हुए डाइव लगाते हुए शानदार कैच लपका। इशान किशन ने क्रीज पर आते ही एक रन के साथ खाता खोल टीम का अर्धशतक पूरा किया। सिराज के खिलाफ अभिषेक के चौके के बावजूद सनराइजर्स की टीम पावरप्ले में एक विकेट पर 57 रन तक पहुंच सकी।




## बेंगलुरु जीत से खेलेगा प्ले ऑफ, धोनी और कोहली के कारण मैच होगा खास



**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु शनिवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगा तो उसकी निगाह प्ले ऑफ ने अपनी जगह लगभग पक्की करने पर होगी। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली की मौजूदगी के कारण यह मैच खास बन गया है क्योंकि क्रिकेट प्रेमियों को भारतीय क्रिकेट के इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को संभवतः आखरी बार एक दूसरे के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। इस मैच में जीत दर्ज करने पर आरसीबी के कुल 16 अंक हो जाएंगे और उसका प्लेऑफ में जगह बनाना लगभग सुनिश्चित हो जाएगा। आरसीबी को इसके बाद तीन और मैच खेलने हैं और जिस तरह से उसकी टीम लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है उसे देखते हुए टीम की निगाह शीर्ष दो में जगह बनाने पर लगी होगी ताकि उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलें।

## महिला क्रिकेट में 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों पर लगा प्रतिबंध

**लंदन।** इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों को महिला और लड़कियों के मैचों में प्रतिस्पर्धा करने से प्रतिबंधित कर दिया। 'फुटबॉल एसोसिएशन' ने भी इसी तरह का फैसला किया है और उसके ऐसा करने के 24 घंटे से भी कम समय में ईसीबी ने यह निर्णय लिया। ईसीबी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि वह हाल में 'सुप्रीम कोर्ट' के फैसले के बाद अपडेट किए गए कानून के बाद 'ट्रांसजेंडर' खिलाड़ियों की पात्रता पर अपने नियमों में बदलाव की घोषणा कर रहा है जिसमें यह स्पष्ट किया गया है कि महिलाओं की कानूनी परिभाषा में 'ट्रांसजेंडर' शामिल नहीं हैं। ईसीबी के बयान में कहा गया है, 'तत्काल प्रभाव से केवल वो ही खिलाड़ी महिला क्रिकेट और लड़कियों के क्रिकेट मैचों में खेलने के लिए पात्र होंगे जिनका जैविक लिंग महिला है। 'ट्रांसजेंडर' महिलाएं और लड़कियां ओपन और मिश्रित क्रिकेट में खेलना जारी रख सकती हैं।'


ECB

## गोवा-जमशेदपुर के बीच सुपर कप का खिताबी भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

एफसी गोवा की टीम का लक्ष्य शनिवार को यहां होने वाले फाइनल में खिताब जीतकर दो बार सुपर कप अपने नाम करने वाली पहली टीम बनने पर होगा जबकि जमशेदपुर एफसी की कोशिश भी इसमें अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की होगी। फाइनल की विजेता टीम 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के शुरुआती दौर के लिए भी क्वालीफिकेशन हासिल करेगी।

कलिंगा स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में दोनों टीमों के लिए यही चीज प्रेरणादायी होगी। दोनों टीमों के बीच सुपर कप में यह चौथी भिड़ंत होगी। दोनों के बीच पिछले मुकाबलों में कुल मिलाकर 21 गोल हुए हैं। पूर्व चैंपियन एफसी गोवा ने 2019 में खिताब जीता था और वह अब दोबारा ट्रॉफी जीतकर महाद्वीपीय फुटबॉल में चार साल की अनुपस्थिति को खत्म करना चाहता है। एशिया में एफसी गोवा पहली बार 2021 एएफसी चैंपियंस लीग ग्रुप चरण में पहुंचा था। वहीं दूसरी ओर जमशेदपुर एफसी ने अपने आठ साल के इतिहास में पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में उपस्थिति दर्ज की है।



## श्रीलंका ने द.अफ्रीका को पांच विकेट से दी शिकस्त

**कोलंबो।** मालकी मदारा (चार विकेट), देवमी विहंगा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद हर्षिता समाराविक्रमा (77) और कविशा दिलहारी (61) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत श्रीलंका की महिला टीम ने ट्राई सीरीज के तीसरे मुकाबले में 21 गेंदे शेष रहते साउथ अफ्रीका को पांच विकेट से हरा दिया। साउथ अफ्रीका महिला टीम के 235 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसने तीसरे ही ओवर कप्तान चमारी अट्टापट्टू (6) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद विष्मी गुणारत्ने ने हसिनी परेरा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 15वें ओवर में एन म्लाबा ने विष्मी गुणारत्ने (29) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। इसके बाद हर्षिता समाराविक्रमा ने मोर्चा संभाला। 18वें ओवर में सुने लूस ने हसिनी परेरा (42) को आउटकरा पवेलियन भेज दिया।

## डिफेंडर बोस और सौम्या 'प्लेयर ऑफ द ईयर 2025'

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने भारतीय डिफेंडर और मोहन बागान सुपर जायंट्स के कप्तान सुभाशीष बोस को एक यादगार सत्र के बाद शुक्रवार को देश का 'वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी' चुना गया जबकि ईस्ट बंगाल एफसी की स्ट्राइकर सौम्या गुगुलोथ ने महिला वर्ग में यह सम्मान प्राप्त किया।

बोस के नेतृत्व में मोहन बागान सुपर जायंट्स ने एक ही सत्र में 'लीग विनर्स शील्ड' और 'आईएसएल कप' दोनों जीतकर इंडियन सुपर लीग में ऐतिहासिक दो खिताब जीते। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह के दौरान जमशेदपुर एफसी के कोच खालिद जमील को लगातार दूसरी बार वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष कोच चुना गया।



सुजाता कर को भारतीय महिला लीग में श्रीभूमि एफसी को तीसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला कोच का पुरस्कार दिया गया। मिडफील्ड के मास्टरमाइंड ब्रिसन फर्नांडस को वर्ष का सबसे उदीयमान पुरुष खिलाड़ी चुना गया जबकि 18 वर्षीय डिफेंडर थोईबिसना चानू ने वर्ष की सर्वश्रेष्ठ होनहार महिला खिलाड़ी का पुरस्कार जीता।

### भारत के पूर्व कप्तान और कोच शास्त्री की खिलाड़ियों को सलाह

# क्रिकेट किट की तरह मीडिया-तकनीक को अपनाएं खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत के पूर्व कप्तान और कोच रवि शास्त्री ने शुक्रवार को 'मीडिया और तकनीक को क्रिकेट किट में हेलमेट की तरह' करार देते हुए खिलाड़ियों को इसे अपनाने की सलाह देते दी। कहा कि इसके बिना खेल पिछले 40-45 वर्षों में जिस तरह विकसित हुआ है, वैसा नहीं होता।

शास्त्री ने कहा कि उनके खेलने के दिनों में केवल दो माध्यम 'रेडियो और दूरदर्शन (टीवी)' थे लेकिन भारतीय टीम के 1983 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट ने एक लंबा सफर तय किया है। 62 वर्षीय पूर्व दिग्गज ने 'विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन सम्मेलन (वेव्स)' में 'खेल, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और मीडिया के अंतर्संबंध' पर एक पैनल चर्चा के दौरान कहा, 'हमने पहली बार 1983 में विश्व कप जीता था। इसके बाद भारत ने पिछले 40 वर्षों में बहुत सारे टूर्नामेंट जीते हैं। हमने लोगों को सपने दिखाए। आपको हालांकि समर्थन की जरूरत होती है। यह ऐसा है जैसे आपके किट बैग में पैड हों, आपके किट बैग में क्रिकेट बैट हो, मीडिया किट बैग का हिस्सा है। मीडिया और प्रौद्योगिकी आपके क्रिकेट बैग में हेलमेट की तरह है; आप इसे खुशी-खुशी अपनाते हैं। आपको ऐसे में तकनीक को अच्छे से अपनाना चाहिये। एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) अब बड़े पैमाने पर काम आ रही है। यह आपके लाभ के लिए है। यह टीम के लाभ के लिए है और यह खेल के विकास के लिए है।'



## ब्रांड के जुड़ाव से आगे बढ़ रहा खेल

शास्त्री ने कहा कि पहले किसी ब्रांड से जुड़ाव केवल लोगो और विज्ञापन तक ही सीमित रहता था लेकिन कई प्रसारण प्लेटफॉर्म के आने के साथ यह सब बदल गया है। उन्होंने कहा, 'मैंने इस खेल को विकसित होते देखा है, हर खिलाड़ी इसका हिस्सा रहा है और देखा है कि पिछले 40-45 सालों में खेल कहां पहुंचा है। इस तरह के मंचों के बिना खेल उस तरह विकसित नहीं होता जैसा कि हुआ है। मेरे समय में यह रेडियो और दूरदर्शन था। ब्रांडों के साथ संबंध केवल विज्ञापनों के बारे में था, यह 'लोगो' के बारे में था।'

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश कुमार**, **पुत्र** : श्री श्याम लाल, **पता**: मकान नं. सी–267, टीसी कैम्प, सते बहन गंज के पास, टैगोर गार्डन, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 73/2021 U/s 33/38/58/52 Delhi Ex. Act, थाना: पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 73/2021 U/s 33/38/58/52 Delhi Ex. Act, थाना: पश्चिम विहार वेस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मुकेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2025** को या इसरो पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अंकित करण सिंह
महानगर दंडाधिकारी–08
कमरा नं. 30, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/5566/OD/2025
(Court Matter)

संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 का आयोजन

# भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के अवशेष वियतनाम पहुंचे वेसाक पर्व पर 21 मई तक 30 लाख श्रद्धालु कर सकते हैं दर्शन

एजेंसी ▶▶ हनोई

भारत के सारनाथ से भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष शुक्रवार को वियतनाम पहुंचें। यह आयोजन संयुक्त राष्ट्र के वेसाक दिवस 2025 के मौके पर किया गया है। वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है।

बता दें कि इस पवित्र अवशेष को केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल लेकर वियतनाम पहुंचा। जहां एक धार्मिक समारोह हुआ, फिर एक भव्य जुलूस के साथ इसे थान ताम पगोडा ले जाया गया, जहां इसे आम जनता के दर्शन के लिए रखा गया है। इस बात की जानकारी अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महासंघ (आईबीसी) ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दिया, जिसमें बताया गया कि भारत से पवित्र बुद्ध अवशेष वियतनाम पहुंच गए हैं।

इन्हें पहले वियतनाम बौद्ध यूनिवर्सिटी के बुद्ध हॉल में लाया गया और फिर भव्य जुलूस के साथ थान ताम पगोडा में सार्वजनिक दर्शन के लिए रखा गया है। साथ ही हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह एक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक क्षण है।

वेसाक दिवस बुद्ध के जन्म, ज्ञान और निर्वाण की याद में मनाया जाता है

वियतनाम में बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप मानते हैं




### यात्रा शांति का प्रतीक

केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने कहा कि भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष लेकर वियतनाम जाना आत्मा को छू लेने वाला अनुभव है। यह यात्रा शांति, करुणा और एकता का प्रतीक है। अवशेष 2 से 21 मई 2025 तक वियतनाम में रहेंगे। इस यात्रा में आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कंदुला दुर्गेश और अन्य अधिकारी भी शामिल हुए।

### भारत और वियतनाम के रिश्ते गहरे होंगे

भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष 2 मई से 21 मई 2025 तक वियतनाम के अलग-अलग शहरों में रखी जाएंगी। इस दौरान 30 लाख से ज़्यादा लोग इनके दर्शन करने पहुंच सकते हैं। यह आयोजन भारत और वियतनाम के रिश्तों को और गहरा करने के साथ-साथ दुनियाभर में शांति और सद्भाव का संदेश भी देता है।



### आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा में मिले थे अवशेष

बता दें, यह पवित्र अवशेष सारनाथ के मूलगंध कुटी विहार में विराजित है और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा से खुदाई में मिला था। माना जाता है कि यह अवशेष 246 ईस्वी से भी पहले का है। आईबीसी के महानिदेशक अभिजीत हलदर ने कहा कि वियतनाम एक बौद्ध-बहुल देश है और यहां बुद्ध के अवशेषों को भगवान बुद्ध का जीवंत रूप माना जाता है। यह आयोजन वेसाक दिवस और वियतनाम के राष्ट्रीय दिवस के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत और वियतनाम में दूसरी-तीसरी शताब्दी के बौद्ध अवशेषों में ऐतिहासिक समानताएं हैं और एक विशेष प्रदर्शनी के जरिए इन साझा विरासतों को भी दिखाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डल झील में पलटा शिकारा, बचाव कार्य शुरू

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कश्मीर घाटी में स्थित डल झील में बड़ा हादसा हो गया है। शुक्रवार यानी 2 मई की शाम को एक शिकारा तेज हवा की वजह से पलट गया है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है,



जिसमें लोग पानी में डूबने से बचने के लिए मदद की गुहार लगाते दिख रहे हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय प्रशासन को सूचना मिलते ही तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। शिकारा पलटते ही अफरा-तफरी मच गई।

### हाईवे पर ट्रक पलटा,300 गाड़ियों को नुकसान

**सिडनी।** शुक्रवार की सुबह एक ट्रक ने ऑस्ट्रेलिया के सबसे व्यस्त राजमार्गों में से एक पर 750 किलोग्राम नुकीला धातु का मलबा फैला दिया, जिससे शहर की ओर जाने वाली लेन बंद करनी पड़ी।



सड़क पर पड़े नुकीले धातु की वजह से सैकड़ों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। न्यू साउथ वेल्स राज्य पुलिस ने कहा कि यह घटना सुबह के समय एम1 पैसिफिक मोटरवे पर हुई और इस घटना में 300 से अधिक वाहनों के टायर क्षतिग्रस्त हो गए। एम1, एक मालवाहक और यात्री मार्ग है जो सिडनी के उत्तर में है।

### अगले हफ्ते पृथ्वी पर गिरेगा अंतरिक्ष यान

**वॉशिंगटन।** 1972 में सोवियत संघ द्वारा शुक्र ग्रह के लिए भेजा गया एक पुराना अंतरिक्ष यान कोसमोस 482 अनियंत्रित होकर धरती पर लौट रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि यह घटना मई के पहले दो



हफ्तों में हो सकती है, संभवतः 10 मई के आसपास। तकनीकी खराबी के कारण यह पृथ्वी की कक्षा से बाहर नहीं जा सका और तब से लगभग 53 वर्षों से पृथ्वी की अंडाकार कक्षा में चक्कर लगा रहा है। यह यान 51.7 डिग्री उत्तर और दक्षिण अक्षांश के बीच दुनिया के किसी भी हिस्से में गिर सकता है।

पहलगाम आतंकी घटना पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो की तीखी प्रतिक्रिया

# 'इस्लाम'आतंक की तालीम नहीं देता, हम 'आतंकवाद' के खिलाफ... भारत के साथ

एजेंसी ▶▶ जकार्ता

पहलगाम आतंकी हमले की वैश्विक नेताओं ने व्यापक निंदा की है। साथ ही लोग भारत के साथ एकजुटता व्यक्त कर रहे हैं। साथ ही आतंकवाद की निंदा की गई। पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के 50 से अधिक शहरों में हमले की निंदा करते हुए स्मारक सभाएं और सामुदायिक प्रार्थना सभाएं हुईं हैं। पहलगाम आतंकी हमले की इंडोनेशिया ने भी निंदा की है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान को खूब खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में जिस इस्लाम का पालन किया जाता है, वह ऐसे आतंकी हमलों की तालीम नहीं देता है। हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ हैं।

### ब्रिटेन ने की भारत और पाक से तनाव कम करने की अपील

लंदन में ब्रिटिश संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में "कश्मीरः बढ़ता तनाव" के मुद्दे पर बहस हुई, जिसमें विभिन्न दलों के सदस्यों ने "भयानक हमले" की निंदा की और क्षेत्र में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर लेबर पार्टी सरकार का रुख जानना चाहा। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के मंत्री लॉर्ड रे कोलिन्स ने सरकार की ओर से बताया कि रविवार को विदेश मंत्री (डेविड लैमी) ने भारतीय विदेश मंत्री और पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री दोनों से बात की।

## आतंकी हमले पर विश्व के 50 से अधिक शहरों में निंदा व प्रार्थना सभाएं हुईं

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी

आतंकवादियों को हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए



### इंडोनेशिया में सर्वाधिक मुस्लिम रहते हैं

इंडोनेशियाई राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो ने भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि किसी भी आतंकवाद से कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए हमें हथियार छोड़कर बात करनी चाहिए। इंडोनेशिया में तैनात भारतीय राजदूत संदीप चक्रवर्ती ने कहा कि इंडोनेशिया में दुनिया के सबसे ज्यादा मुस्लिम रहते हैं। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने मुझे बुलाकर बात की। उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर चिंता जताई। साथ ही मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### पाक ने एलओसी पर फिर तोड़ा संघर्ष विराम, भारत ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पाकिस्तान की फौज लगातार नियंत्रण रेखा (एलओसी) और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर भारतीय सेना को उकसाने की हरकत करने से बाज नहीं आ रही। भारतीय सेना के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान सेना की चौकियों की गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया। अधिकारी के अनुसार, 01-02 मई की रात पाकिस्तान की सेना ने नियंत्रण रेखा के पार जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, नौशेरा और अखनूर क्षेत्रों में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना के जवानों ने संयमित और उचित तरीके से जवाब दिया।

### भारत ने आईएमएफ से कहा पाक के लोन की करें समीक्षा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई को होने जा रही है। इसी बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए पाकिस्तान 1.3 अरब डॉलर के समझौते का रिव्यू भी लिया जाना है। इससे पहले भारत ने आईएमएफ से पाकिस्तान को दिए गए अपने ऋणों की समीक्षा करने को कहा है। समीक्षा के विपरीत परिणाम मिलने पर आईएमएफ और पाकिस्तान के बीच 7 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज पर बन रही बात बिगड़ सकती है।

### पाक वाघा बॉर्डर पर फंसे नागरिकों को वापस लेने को मजबूर

*भारत की सख्ती से पाकिस्तान परेशान हो गया है। भारत सरकार के देश छोड़ने के आदेश के बाद कई पाकिस्तानी वाघा बॉर्डर पर फंस गए हैं। अब पाकिस्तान पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने ऐलान किया है कि वे वाघा बॉर्डर पर फंसे 70 पाकिस्तानी नागरिकों को वापस लेगा। भारतीय अधिकारी उन्हें सीमा पार करने की इजाजत दें।*

### यूएस में कश्मीरी हिंदू बोले- वैश्विक शक्तियां उठाएं सख्त कदम

**ह्यूस्टन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद अमेरिका में कश्मीरी हिंदुओं ने आतंकी घटनाओं के प्रति जवाबदेही को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि कश्मीर में बढ़ रहे आतंकवाद को रोकने के लिए वैश्विक शक्तियां सख्त कदम उठाएं। इंडो-अमेरिकन कश्मीर फोरम के अंतरराष्ट्रीय समन्वयक डॉ. विजय सजावल ने कहा कि भारत में आतंकवाद को आंतरिक समर्थन भी मिल रहा है। कई भूमिगत कार्यकर्ता हैं, जो चुपचाप आतंकवादी गतिविधि को अंजाम देते हैं। ओक्लाहोमा में रहने वाले शिक्षाविद् पद्मश्री डॉ. सुभाष काक ने कहा कि पाकिस्तान के साथ केवल राजनयिक संबंध तोड़ना या व्यापार पर रोक लगाना ही पर्याप्त नहीं है। ह्यूस्टन में रहने वाले कश्मीरी पंडित अमित रैना ने कहा कि हमारे लिए यह एक बार-बार आने वाला बुरा सपना है। अमरनाथ, वंधामा, नादिमर्ग जैसी घटनाएं बार-बार दोहराई जाती हैं।

भारत और ईयू के बीच बनी सहमति

# मुक्त व्यापार समझौते पर इस साल के अंत तक करेंगे हस्ताक्षर



एजेंसी ▶▶ ब्रसेल्स

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक ने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए अपनी साझा सहमति व्यक्त की है। ब्रसेल्स में बैठक के बाद शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने आपसी सम्मान की भावना से लंबित मुद्दों को सुलझाने के अपने उद्देश्य को दोहराया। इसमें 12-16 मई को नई दिल्ली में होने वाली अगली बैठक भी शामिल है। बयान में कहा गया है कि यह प्रतिबद्धता पीएम नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन द्वारा इस साल फरवरी में यूरोपीय संघ के आयुक्तों के दिल्ली दौरे के दौरान दी गई रणनीतिक दिशा पर आधारित है।

### अर्थव्यवस्था के विकास के लिए गहरी साझेदारी

गोयल ने कहा कि यूरोपीय संघ के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ मेरी बातचीत प्रोडक्टिव रही। हमने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता को समाप्त करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जैसे-जैसे हम अपनी वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा ध्यान व्यवसायों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाने, विश्वसनीय और विविध आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और हमारी अर्थव्यवस्थाओं के विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारी साझेदारी को गहरा करने पर है। हमने इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार समझौते को आकार देने में निवेश और गतिशीलता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी चर्चा की।

### व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति रही

पीयूष गोयल ने कहा कि व्यापार वार्ता में सार्थक प्रगति के लिए टैरिफ चर्चाओं के साथ-साथ गैर-टैरिफ बाधाओं (एनटीबी) पर समान ध्यान देने की आवश्यकता है। भारत-यूरोपीय संघ एफटीए डिजिटल ट्रांजिशन का समर्थन कर विविध और मजबूत सप्लाई चेन को बढ़ावा देकर ग्लोबल कॉमर्स की उभरती वास्तविकताओं को दर्शाने की आकांक्षा रखता है। दोनों पक्षों ने आशा व्यक्त की कि एक बार संपन्न होने के बाद यह समझौता व्यापक भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के एक ट्रांसफोर्मेटिव पिलर के रूप में काम करेगा, बाजार पहुंच को बढ़ाएगा, इनोवेशन और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा।

हार्वर्ड पर ट्रंप का बड़ा एक्शन

# यूनिवर्सिटी को अब नहीं मिलेगी टैक्स छूट, बोले- वो इसी लायक

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को ऐलान किया कि उनका प्रशासन हार्वर्ड यूनिवर्सिटी का टैक्स-छूटका दर्जा समाप्त करने जा रहा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ सोशल' पर पोस्ट करते हुए कहा कि हम हार्वर्ड का टैक्स-छूट दर्जा समाप्त करने जा रहे हैं। वो इसी लायक हैं। इस कदम को हार्वर्ड और ट्रंप प्रशासन के बीच चल रहे विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है। पिछले कुछ समय से ट्रंप प्रशासन ने हार्वर्ड पर विविधता, समानता और समावेशनपहलों को लेकर दबाव बनाया है, जिन्हें प्रशासन नस्लीय भेदभाव के रूप में देखता है। वहीं, ट्रंप ने ऐलान किया कि वह माइक वाल्ट्ज को अमेरिका का नया संयुक्त राष्ट्र राजदूत बना रहे हैं। वाल्ट्ज अभी तक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद की भी जिम्मेदारी दे दी है। वाल्ट्ज को उस समय आलोचना का सामना करना पड़ा जब उन्होंने गलती से एक पत्रकार को उस चैट ग्रुप में जोड़ लिया। , जिसमें सीक्रेट मिलिट्री प्लानिंग पर चर्चा हो रही थी। यह एक बड़ी राजनीतिक चूक थी और माना जा रहा है कि यह मुद्दा उनके संयुक्त राष्ट्र पद की पुष्टि के दौरान उठ सकता है।



*सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेते हुए भारत सरकार ने दिया उचित कार्रवाई का भरोसा*

# केआईआईटी विश्वविद्यालय में नेपाली छात्रा की मौत पर भारत ने जताया दुख

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी (केआईआईटी) में बीते करीब तीन महीने से भी कम समय में हुई नेपाल की दूसरी छात्रा की मौत के मामले पर शुक्रवार को भारत ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मामले पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि हम मुश्किल की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति हार्दिक संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। जिसमें कहा कि इस दुखद घटना के बारे में जानकारी मिलने के बाद से वह (मंत्रालय) लगातार ओडिशा सरकार के संपर्क में है, उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं, राज्य की पुलिस का कहना है कि नेपाल की 18 वर्षीय बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की छात्रा का शव बीते 1 मई की शाम को केआईआईटी छात्रावास के कमरे से बरामद किया गया है। आगे की जांच जारी है। यहां बता दें कि पूर्व में इसी साल 16 फरवरी को विश्वविद्यालय की ही एक अन्य छात्रा प्रकृति लामसाल ने आत्महत्या कर ली थी।

### सभी पहलुओं पर जांच जारी




मंत्रालय ने बताया कि इस मामले में भारत सरकार यह सुनिश्चित करने में लगी हुई है कि घटना से जुड़े हुए सभी पहलुओं को लेकर उचित कार्रवाई की जाए। वहीं, नेपाल सरकार की तरफ से भी मामले से जुड़े सभी कारणों की पड़ताल के लिए जांच शुरू कर दी गई है। ओडिशा सरकार की तरफ से पीड़ित परिवार को पूरा सहयोग दिया जा रहा है। साथ ही प्रदेश की पुलिस द्वारा मामले से जुड़े हर पहलू पर व्यापक रूप से जांच की जा रही है।

### वैश्विक छात्रों की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारीः सरकार

मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार सभी अंतरराष्ट्रीय छात्रों की सुरक्षा और कल्याण की जिम्मेदारी को बेहद गंभीरता से लेती है। हम मामले को लेकर समयबद्ध रूप से संचार के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए नेपाली प्राधिकारियों के अलावा ओडिशा राज्य सरकार और केआईआईटी विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ निकट संपर्क में बने हुए हैं।

*227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला, वाला ऑडियो वायरल*

# ऑडियो क्लिप मामले में बढ़ी शेख हसीना की मुश्किलें, कारण बताओ नोटिस जारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना की मुश्किलें फिर बढ़ती नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीसी) ने शेख हसीना और उनके सहयोगी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एक ऑडियो क्लिप के आधार पर न्यायमूर्ति मुर्जता मजूमदार की अध्यक्षता वाले न्यायाधिकरण ने ये आदेश पारित किया है। शेख हसीना पर न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और धमकियां देने के आरोप लगे हैं। आईसीटी में अभियोजक गाजी एमएच तमीम ने बताया कि हसीना और प्रतिबंधित छात्र लीग (बीसीएल) नेता शकील आलम बुलबुल को 15 मई तक कारण बताओ नोटिस का जवाब देने का निर्देश दिया गया है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऑडियो क्लिप सामने आया, जिसमें कथित तौर पर बांग्लादेश की पूर्व पीएम कह रही हैं, 'मुझे 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिला है। मेरे खिलाफ 227 मामले दर्ज किए गए हैं।' वकील तमीम ने बताया कि आईसीटी ने क्लिप की फॉरेंसिक जांच के बाद ये नोटिस जारी किया है।



आईसीसी ने नारायणगंज में पिछले साल जुलाई में हुए जन विद्रोह के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध करने के आरोपी 8 व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आईसीटी के मुख्य अभियोजक मुहम्मद ताजुल इस्लाम ने कहा कि आरोपी क्रूर हमलों में शामिल थे।


जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर फुकुशिरो ने पहलगाम में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की

# आतंकवाद वैश्विक चुनौती है, लोकतांत्रिक देशों को कार्रवाई करनी चाहिएः बिरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि आतंकवाद की समस्या को समाप्त करने के लिए शांति, सुरक्षा और विधि के शासन के प्रति साझी प्रतिबद्धता वाले सभी लोकतांत्रिक देशों को एकजुट होकर कार्यवाही करनी होगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद ऐसी गंभीर वैश्विक चुनौती है जो राष्ट्रीय सीमाओं से परे सभी देशों के लिए खतरा है। बिरला ने यह भी कहा कि आतंकवाद का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने और लोकतांत्रिक देशों के मूलभूत मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के सम्मान और परस्पर विश्वास की भावना के साथ सामूहिक और कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए ।

बिरला ने ये टिप्पणियां शुक्रवार को संसद भवन परिसर में जापान के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर, नुकागा फुकुशिरो के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए जापानी संसदीय शिष्टमंडल के साथ अपनी बैठक के दौरान कीं।



### आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन का आश्वासन दिया

क्वाड, जी-20 और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भारत और जापान के बीच साझेदारी का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों के बारे में हमारी चिंताएँ और दृष्टिकोण एक समान है। बिरला ने आगे कहा कि परस्पर सहयोग पर आधारित हमारे संबंध दोनों देशों के परस्पर लाभ और प्रगति के साथ ही इंडो-पेसिफिक क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि बदलते परिप्रेक्ष्य में इस मित्रता ने रणनीतिक और वैश्विक सहयोग का रूप ले लिया है। बिरला ने भारत के 50,000 से अधिक कुशल कर्मियों को जापान में विभिन्न क्षेत्रों में अवसर प्रदान किए जाने के जापान के प्रस्ताव का भी स्वागत किया। उन्होंने जापान में भारतीय छात्रों को अधिक अवसर प्रदान किए जाने की सराहना करते हुए भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग के आश्वासन के लिए जापान का आभार व्यक्त किया ।

### जापान के संसदीय शिष्टमंडल ने संसद भवन परिसर में स्पीकर से मुलाकात की

नुकागा फुकुशिरो ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के विरुद्ध भारत की लड़ाई में जापान के समर्थन की पुष्टि की। बिरला ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मामले में भारत के साथ खड़े रहने के लिए जापान के नेतृत्व की सराहना की और कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में, भारत और जापान की मित्रता विश्व में शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109